WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, सोमवार, 15 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष- दशमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 235 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नए विधानसभा भवन में पहला शीतकालीन सत्र

वित्तमंत्री ओपी ने विधानसभा में रखा छत्तीसगढ़ 'विजन-2047' का रोडमैप

चंद्राकर बोले-उद्योग नीति में छत्तीसगढ़ की झलक नहीं

शीतकालीन सत्र दो दिन बढ़ा अब 19 दिसंबर तक

हेमन्त धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन नए विधानसभा भवन में विजन 2047 पर चर्चा हुई, लेकिन कांग्रेस ने पहले दिन सत्र का बहिष्कार किया। इस पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस डूबती हुई नाव है। इस नाव का डूबना तय है, इसलिए सत्ता पक्ष और भारतीय जनता पार्टी पूरी जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ रही है। वहीं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि अंजोर विजन-2047 की सकारात्मक चर्चा में विपक्ष की गैरमौजूदगी को दुर्भाग्यपूर्ण है। सत्र के पहले ही दिन बहिष्कार कर कांग्रेस ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसे छत्तीसगढ़ के भविष्य और विकास को लेकर कोई गंभीर सोच नहीं है। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर तक बढ़ाया गया है। इसके पहले विधानसभा का वर्तमान सत्र 17 दिसंबर को ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

वहीं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि विजन 2047 विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में एक ठोस रोडमैप है, जिसे समाज के हर वर्ग से मिले सुझावों के आधार पर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि करीब एक लाख लोगों की सलाह इस विजन में शामिल की गई है। चौधरी ने कहा कि भारत युवा आबादी वाला देश है और आगे बढऩे के लिए स्पष्ट विजन होना जरूरी है। उन्होंने कहा आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। 2047 तक ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

कार्य मंत्रणा समिति की बैठक: विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने कहा सदन की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी

रायपुर स्थित विधानसभा के समिति कक्ष में आज कार्य मंत्रणा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की। बैठक में विधानसभा के आगामी कार्य संचालन, सदन की कार्यवाही की रूपरेखा और विधायी कार्यों के सुचारु संचालन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप सहित कार्य मंत्रणा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान सदन में प्रस्तावित विधायी कार्य, प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण और अन्य संसदीय प्रक्रियाओं ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

आज सदन में हंगामे के आसार

दूसरे दिन यानी 15 दिसंबर को सदन में लॉ एंड ऑर्डर, धान, बिजली, जमीन दर से मुद्दों पर हंगामे के आसार है। शीतकालीन सत्र में विधायकों ने 628 सवाल लगाए हैं। मंत्रियों को इन सवालों के जवाब देने होंगे। इस सत्र में सबसे अहम मुद्दा धर्मांतरण का होगा। जानकारी के अनुसार सरकार धर्मांतरण-संशोधन विधेयक ला सकती है।

चंद्राकर ने विजन डाक्यूमेंट्स के लिए सीएम और वित्त मंत्री को बधाई दी

वहीं पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि विधानसभा में आज नई प्रक्रिया की शुरुआत हुई। बहस और चर्चा किस मुद्दे पर करनी है? इसका सवाल-जवाब कैसे होगा? तय होना चाहिए। विजन डॉक्यूमेंट के लिए सीएम और वित्त मंत्री को बधाई। उन्होंने पूछा कि 2047 के विजन की नींव क्या है और समग्र परिवर्तन में अब तक क्या गलतियां हुईं, यह सामने आना चाहिए। नवा अंजोर दस्तावेज में केवल शिक्षा और स्वास्थ्य पर ही फोकस है। चंद्राकर ने कहा कि उद्योग नीति में छत्तीसगढ़ की झलक नहीं है। अजय ने कहा कि उद्योग नीति में मेक इन छत्तीसगढ़ का ध्यान नहीं रखा गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि राइस मिल की हालत खराब है। खाद्य मंत्री चाहे तो स्वतंत्र बहस कर सकते हैं।

नवा अंजोर 'विजन 2047' की महत्वपूर्ण बातें

- नवा अंजोर 'विजन 2047' विकसित छत्तीसगढ़ के लिए ठोस रोडमैप।
- समाज के हर वर्ग से सुझाव लेकर विजन तैयार, करीब 1 लाख लोगों की सलाह शामिल।
- भारत युवा आबादी वाला देश, आगे बढ़ने के लिए स्पष्ट विजन जरूरी।
- भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, 2047 तक 64 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य।
- 2047 तक वर्तमान पीढ़ी के लिए विकास के बड़े अवसर।
- छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए अलग विजन तैयार।
- महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी कम करने पर फोकस।
- शिशु मृत्यु दर में सुधार का लक्ष्य।
- कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र की विकास दर बढ़ाने की योजना।
- राज्य में राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों की स्थापना का प्रस्ताव।
- रोजगार सृजन पर आधारित नीतियां लागू करने की तैयारी।

कांग्रेस ने पहले दिन के सत्र का किया बहिष्कार, सरकार को घेरने की तैयारी में विपक्ष

छत्तीसगढ विधानसभा का शीतकालीन सत्र नवीन विधानसभा भवन में शुरू हुआ। 17 दिसंबर तक चलने वाले सत्र में कुल चार बैठकें होंगी।शीतकालीन सत्र को लेकर विपक्ष की तैयारी पूरी कर ली है। वहीं पहले दिन होने वाली विजन 2047 की चर्चा का कांग्रेस ने सत्र के पहले दिन की कार्यवाही का बहिष्कार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कांग्रेस विधायक दल की बैठक में पहले दिन की कार्यवाही का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। वहीं सत्र में विपक्ष बिजली बिल, बढ़ती महँगाई, क़ानून व्यवस्था कैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है।

विपक्ष के सवालों के जवाब देने की तैयारी: शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले रविवार रात्रि में मुख्यमंत्री निवास में भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। इस दौरान शीतकालीन सत्र की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। वहीं सत्तापक्ष ने विपक्ष के सवालों का जवाब देने की तैयारी भी पूरी कर ली है, ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी एसआईआर से इस कदर बौखलाई हुई हैं कि अब वे लोगों को हिंसा के लिए उकसाने से भी बाज नहीं आ रही है। उन्होंने महिलाओं से आव्हान किया है कि यदि बीएलओ आपके घर आये और मतदाता सूची से नाम हटाये तो घर की रसोई में रखें औजारों का उपयोग करें। यह सीधे-सीधे हिंसा के लिए भड़काने का मामला बनता है। इसके लिए ममता बनर्जी के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। इसके पहले की पानी सिर से ऊंचा हो बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना चाहिए।

एआई क्षेत्र में दुनिया का तीसरा सबसे प्रतिस्पर्धी देश बना : रिपोर्ट

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में दुनिया में तीसरा सबसे मजबूत और प्रतिस्पर्धी देश बनने का स्थान हासिल किया है। यह जानकारी स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल रिपोर्ट में दी गई है। इस रैंकिंग से पता चलता है कि भारत का तेजी से बढ़ता टेक्नोलॉजी क्षेत्र और यहां के कुशल लोग ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

नितिन नबीन बनाए गए भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

■ **बिहार सरकार में हैं मंत्री**

नई दिल्ली(वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगा। ऐसे में जेपी नड्डा के बाद अब पार्टी की जिम्मेदारी नितिन नबीन ही संभालेंगे। पार्टी की ओर से इस नियुक्ति को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा की रणनीतिक मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है।

पांच बार के विधायक और बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन पांच बार के विधायक हैं। मौजूदा वक्त में वह पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। बांकीपुर से इस बार नितिन नबीन पांचवीं बार विधायक बने हैं। नबीन छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी भी हैं। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन कायस्थ समुदाय से आते हैं। 45 साल के नबीन सड़क निर्माण मंत्री हैं। इसी के साथ वह भाजपा नेता किशोर सिन्हा के बेटे हैं।

तत्काल प्रभाव से लागू नियुक्ति

यह नियुक्ति 14 दिसंबर 2025 यानी आज से तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इस संबंध में पार्टी की ओर से औपचारिक संगठनात्मक आदेश जारी किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी आदेश के मुताबिक यह नियुक्ति भाजपा के संसदीय बोर्ड की तरफ से की गई है। आदेश में लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने नितिन नबीन, मंत्री बिहार सरकार को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। उपरोक्त नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सूडान में शांति मिशन के बेस पर ड्रोन हमलों की निंदा की

संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को सूडान के काडुगली शहर में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन के लॉजिस्टिक्स बेस पर हुए ड्रोन हमले की कड़ी निंदा की है। यूएन प्रमुख ने बताया कि इस हमले में छह शांति सैनिकों की मौत हो गई और आठ घायल हुए। सभी मृतक और घायल बांग्लादेश के शांति सैनिक थे, जो अबेई क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र की अंतरिम सुरक्षा बल के तहत तैनात थे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, महासचिव गुटेरेस ने बांग्लादेश सरकार, वहां की जनता और शहीद शांति सैनिकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताई। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की।

उन्होंने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिकों को निशाना बनाने वाले हमले को अंतरराष्ट्रीय ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

आज चोरी की सरकार है, दिल्ली रैली पर खड़गे बोले- लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं संदेश

नई दिल्ली (आईएएनएस)। कांग्रेस रविवार को दिल्ली में कथित वोट चोरी के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम लोगों को बताना चाहते हैं कि आज सत्ता में 'चोरी की सरकार है। लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'सदन में बयान देना एक बात है, लेकिन उन्होंने सदन में पूछे गए हमारे सवाल का जवाब नहीं दिया। इसके बजाय उन्होंने अपना जवाब दिया। दूसरी बात, उन्होंने सदन को गलत जानकारी दी। हमने डिटेल्स मांगी थीं कि वोट कैसे और किस तरह चुराए गए, और हमने सबूत पेश किए।

दिल्ली की रैली को लेकर पूर्व कांग्रेस सांसद पीएल पुनिया ने कहा, 'राहुल गांधी ने महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावों को लेकर रिसर्च की। महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनावों के एनालिसिस से पता चला कि उनकी रणनीति हेरफेर वाली है। मतदाताओं के वोट काटे गए

और फर्जी वोटरों से मतदान कराया गया। इसके सभी सबूत हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त बातों को सुनने को तैयार नहीं है।

'वोट चोरी0 के सबूत पेश

कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा, हर राज्य से बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। हर राज्य का प्रतिनिधित्व होगा। केंद्र शासित प्रदेशों का भी प्रतिनिधित्व होगा। राहुल गांधी ने 'वोट चोरी0 के सबूत पेश किए। इस रैली से पूरी उम्मीद है कि राहुल गांधी के संदेश को हर राज्य में जमीनी स्तर तक पहुंचाया जाएगा।

महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता नाना पटोले ने कहा, 'सरकार यह सच्चाई छिपाने की कोशिश कर रही है कि वोट चोरी कैसे हो रही है।

गरमा-गरम

सिंहावलोकन 2025 | देश के राजनीतिक परिदृश्य से 2025 काफी अहम रहा

राजनीतिक उथल-पुथल का साल, वक्फ से लेकर वंदे मातरम तक उठे सवाल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। साल 2025 अपने समापन के नजदीक है। देश के राजनीतिक परिदृश्य से यह साल काफी अहम रहा। पक्ष और विपक्ष के बीच कई मुद्दों के बीच विवाद देखा गया। कई बड़े विवादों ने सत्ता, विपक्ष और जनता के बीच तनाव बढ़ाया। इनमें अंतरराष्ट्रीय तनाव से लेकर घरेलू चुनावी मुद्दे, कानूनी सुधार और सामाजिक मामले शामिल रहे। हम ऐसे ही कई मुद्दों को जानने की कोशिश करते हैं। भारतीय राजनीति में वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को लेकर बड़ा विवाद रहा। यह कानून मुस्लिम धार्मिक संपत्तियों के प्रबंधन को बदलने के लिए लाया गया था, लेकिन इसे मुस्लिम समुदाय के अधिकारों पर हमला बताया गया। विपक्षी पार्टियों और मुस्लिम संगठनों ने इसे असंवैधानिक करार दिया, जबकि सरकार ने इसे पारदर्शिता बढ़ाने का कदम कहा। इस विवाद ने संसद से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक हलचल मचा दी।

वोट चोरी का आरोप लगाया : साल 2025 में एक और बड़ा मुद्दा चुनाव की निष्पक्षता को लेकर रहा। विपक्ष ने जहां सरकार पर वोट चोरी का आरोप लगाया तो, एनडीए नेताओं ने भी इसका जवाब दिया। वोट चोरी के आरोप ने देशभर में व्यापक बहस को जन्म दिया। अगस्त में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 2024 लोकसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर भाजपा के साथ मिलीभगत ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

सीजफायर करवाने का दावा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मई 2025 में भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सीजफायर करवाने का दावा किया था, जिसपर विपक्षी पार्टियों ने मोदी सरकार को घेरा। कांग्रेस और अन्य दलों ने आरोप लगाया कि सरकार ने ट्रंप के झूठे दावे का मजबूती से खंडन नहीं किया। विपक्ष ने सरकार की विदेशी नीति पर बड़ा सवाल खड़ा किया। ट्रंप ने बार-बार दावा किया कि उन्होंने मोदी के फोन पर युद्ध रोका, लेकिन भारत ने तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार किया। विपक्ष ने ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

ऑपरेशन सिंदूर सबसे बड़ी हाइलाइट

इस साल ऑपरेशन सिंदूर सबसे बड़ी हाइलाइट रहा। अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 25 से ज्यादा पर्यटक मारे गए थे। भारत ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को समर्थन देने का आरोप लगाया। इसके जवाब में मई में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिसमें पाकिस्तानी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए गए। ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

सिडनी में यहूदी समारोह के दौरान गोलीबारी

तेल अवीव (आईएएनएस)। यहूदियों के आठ दिवसीय पर्व हनुक्का के पहले दिन सिडनी स्थित बोंडी बीच पर हुए हमलों में कई बेगुनाहों के मारे जाने की खबर है। इस हमले पर इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने नाराजगी जताई है। उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए अपना गुस्सा जाहिर किया। दावा किया कि ऑस्ट्रेलिया को यहूदियों पर हमलों की आशंका थी, जिसे नजरअंदाज किया गया। उन्होंने हैरानी जताते हुए कैनबरा पर यहूदी-विरोध से निपटने के लिए पर्याप्त कदम न उठाने का आरोप लगाया है। सार ने हिब्रू में नहीं बल्कि अंग्रेजी भाषा में पोस्ट लिखा।

प्रदेश के लोगों के लिए आज तक नहीं बनी कोई नीति

मेड इन छत्तीसगढ़ का नामोनिशान नहीं: अजय चंद्राकर

हेमन्त धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ विधानसभा का शीतकालीन सत्र नवीन विधानसभा भवन में रविवार से शुरू हो गई है। सत्र के पहले दिन सदन में विजन 2047 को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान विधायक अजय चंद्राकर ने विजन 2047 पर सवाल उठाते हुए सरकार को जमकर घेरा। जिसके बाद उनके सवालों से मंत्री श्यामबिहारी जयसवाल ने नाराजगी जताई।

इस दौरान सदन में गहमागहमी की स्थिति बन गई। अंजोर विजन 2047 पर अजय चंद्राकर ने कहा- आपने विजन डॉक्यूमेंट में गरीबी उन्मूलन और रोजगार की परिभाषा को स्पष्ट नहीं किया है। 1.25 लाख हेक्टेयर कृषि जमीन कम हो गई है, सिंचाई का क्षेत्र भी कम हो गया, कैसे कम हो गया। सतह जल के लिए आपकी कोई नीति नहीं है। उद्योग नीति पर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा- प्रदेश में 97% लोग अनस्किल्ड हैं, 3% लोग स्किल्ड हैं। उद्योग नीति लागू करने बनाए या संशोधन करने बनाया गया है।

प्रदेश के लोगों के लिए नहीं बनी कोई नीति: चंद्राकर

चंद्राकर ने कहा- हर 10-15 दिन में कोई न कोई संशोधन कर दिया जाता है। मेक इन छग, मेड इन छग कहां पर हो रहा है। छग में कौन से सेक्टर से मेड इन छग को चिन्हांकित कर सकते हैं। कुटीर उद्योगों को कौन सी नीति के तहत काम देते हैं। छग में नई अवधारणा बनाने काफी पोटेंशियल है। छग के लोगों के लिए आज तक कोई नीति नहीं बनी।

आपस में भिड़े श्यामबिहारी जायसवाल और अजय चंद्राकर: चर्चा के दौरान मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल अजय चंद्राकर की बातों से मंत्री नाराज हो गए हैं। उन्होंने सदन में खड़े होकर स्पीकर डॉ. रमन सिंह से आपत्ति जताई है। व्यक्तिगत आरोप लगाने पर नाराजगी जताई है। अजय चंद्राकर ने कहा- मुझे सदन का नियम मत सिखाओ। इस पर श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा- मैं भी दूसरी बार का विधायक हूं। आरोप लगाने वाले अंश को विलोपित किया जाए।

बहिष्कार करने वालों का जनता ने बहिष्कार किया

वित्तमंत्री ओपी चौधरी 2047 पर संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा- सेंट्रल विस्टा के शुभारंभ का भी विपक्ष ने बहिष्कार किया था। आज भी नए विधानसभा के पहले दिन विपक्ष बहिष्कार कर रहा है। इसलिए जनता ने कांग्रेस का बहिष्कार कर दिया है। विजन 2047 छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा का दस्तावेज है।

छत्तीसगढ़ के विकास के लिए विजन तैयार

आज देश की अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर पहुंच गई है। भारत की अर्थव्यवस्था 2047 में 64 ट्रिलियन डॉलर होगी। आज जो पीढ़ी है उसके बाद विकास का बड़ा अवसर होगा। छत्तीसगढ़ के लिए भी हमनें विकास का विजन तैयार किया है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा- दुनिया में भारत ऐसा देश है जिसकी आबादी युवा है। विपक्ष विजन 2047 पर सवाल उठाने का काम करता है। आगे बढ़ने के लक्ष्य के लिए विजन होना आवश्यक है।

25 वर्षों की यात्रा में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी छलांग

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा- छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों की यात्रा में एजुकेशन में बड़ी छलांग लगाई है। साल 2000 में राज्य निर्माण हुआ तब प्रदेश में एक भी राष्ट्रीय संस्थान नहीं था। आज छत्तीसगढ़ में स्कूल, कालेज, एजुकेशन, स्वास्थ्य से लेकर हर सेक्टर में राष्ट्रीय स्तर के संस्थान हैं। इंडस्ट्रीयल क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए हमने बेहतर पॉलिसी बनाई है। इंडस्ट्रियल ग्रोथ विजन डॉक्यूमेंट का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उद्योग नीति पर युवाओं के लिए रोजगार पर फोकस किया गया है।

धर्मजीत सिंह ने रखी विधायक निधि 10 करोड़ करने की मांग

विधानसभा सत्र के दौरान पहले दिन आज विधायक धर्मजीत सिंह ने दिल्ली स्थित जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में नक्सली कमांडर हिड़मा के समर्थन में नारे लगाने वालों का विरोध करते हुए विधानसभा में प्रस्ताव लाकर आलोचना करने की मांग की। इसके साथ ही तखतपुर विधायक ने नक्सली हिड़मा और बसवराजू की क्रूरता का जिक्र करते हुए ऐसे नक्सली समर्थकों को बस्तर भ्रमण कराने की मांग की, जिससे उनको नक्सलियों के द्वारा किए अत्याचार का पता चल सके। इसके साथ ही विधायक धर्मजीत सिंह ने सदन में विधायक निधि 10 करोड़ करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने विधायक निधि बढ़ाए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भी क्रांतिकारी कदम उठाते हुए विधायक निधि में बढ़ोतरी करे। इसके साथ उन्होंने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों में तेजी से काम करवाने निधि बढ़ाने की मांग की।

कांग्रेस विधायकों के बिना विधानसभा में शुरू हुई 'छत्तीसगढ़ विजन-2047' पर चर्चा

छत्तीसगढ़ विधानसभा का विंटर सेशन रविवार को नवा रायपुर अटल नगर में नई विधानसभा बिल्डिंग में मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस की गैरमौजूदगी में 'छत्तीसगढ़ विजन-2047' पर चर्चा के साथ शुरू हुआ। फाइनेंस मिनिस्टर ओपी चौधरी ने सदन में 'छत्तीसगढ़ विजन-2047' पर चर्चा शुरू की। उन्होंने कहा कि 'विजन 2047' का मकसद छत्तीसगढ़ को देश का एक विकसित राज्य बनाना है। 'विजन 2047' एक लाख लोगों से सुझाव लेकर तैयार किया गया था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए एक डेवलपमेंट विजन भी तैयार किया है। इस विजन का मकसद राज्य में महंगाई, गरीबी, बच्चों की मौत की दर और बेरोजगारी को खत्म करना है। खेती, इंडस्ट्री और सर्विसेज़ की ग्रोथ रेट बढ़ाने का विजन है। छत्तीसगढ़ में नेशनल लेवल के इंस्टीट्यूशन बनाने का प्लान है। उन्होंने कहा कि राज्य में रोजगार पैदा करने पर फोकस करने वाली नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी लागू की गई है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर, धरमलाल कौशिक, राजेश मूणत, लता उसेंडी, सुनील सोनी, भावना बोहरा, धरमजीत सिंह और दूसरे भाजपा ने चर्चा में हिस्सा लिया। विधानसभा परिसर पहुंचने पर सभी विधायक का विधानसभा भवन के अधिकारियों ने स्वागत किया। 2025-26 फाइनेंशियल ईयर के लिए पहला सप्लीमेंट्री एस्टीमेट 15 दिसंबर को पेश किया जाएगा और उस पर बहस होगी, इसके बाद 16 दिसंबर को छत्तीसगढ़ एप्रोप्रिएशन बिल पेश किया जाएगा और पास किया जाएगा।

विधायक ने पूछे ये सवाल

- अजय चंद्राकर ने रूमी और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का हवाला देते हुए कहा-विजन की कल्पना है, लेकिन उसकी ठोस बुनियाद और परिणाम स्पष्ट नहीं हैं।
- उन्होंने पूछा कि 2047 के विजन की नींव क्या है और समग्र परिवर्तन में अब तक क्या गलतियां हुईं, यह सामने आना चाहिए।
- कहा कि छत्तीसगढ़ बनने के समय से क्षेत्रीय असंतुलन रहा है, लेकिन 'नवा अंजोर' दस्तावेज में केवल शिक्षा और स्वास्थ्य पर ही फोकस है।
- आरोप लगाया कि नवा अंजोर में कई अहम नीतियां रिफ्लेक्ट नहीं होतीं, खासकर लॉ एंड ऑर्डर और रोजगार जैसे विषय गायब हैं।
- चंद्राकर ने कहा कि लक्ष्य से वे सहमत हैं, लेकिन मौजूदा हालात में यह सिर्फ अनुमान प्रतीत होता है।
- वैश्विक महामंदी और युद्ध जैसे हालात का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे समय में केवल अनुमान के आधार पर विजन नहीं चल सकता।
- सिंचाई पर सवाल उठाते हुए पूछा-25 साल में अरबों रुपये खर्च हुए, लेकिन सिंचाई का पैसा आखिर गया कहां?
- कृषि रकबा घटने पर जांच की मांग करते हुए कहा कि 25 साल में खेती और सिंचाई का क्षेत्र कम हुआ है।
- फसल उत्पादन घटने और एलाइस फैक्टर राष्ट्रीय औसत से कम होने का मुद्दा उठाया, लेकिन इसे सुधारने की कोई नीति नहीं होने की बात कही।
- बीज उत्पादन में आत्मनिर्भरता पर सवाल-कहा कि 25 साल बाद भी छत्तीसगढ़ बाहर से बीज खरीदने को मजबूर है।
- पशुपालन में नस्ल सुधार कार्यक्रमों की कमी बताते हुए कहा कि विभाग का योगदान सिर्फ6.3 प्रतिशत है।

विपक्ष ने किया 'छत्तीसगढ़ विजन-2047' का बॉयकॉट, नहीं पहुंचे विधायक

मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने रविवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में विंटर सेशन के पहले दिन की कार्यवाही का बॉयकॉट किया। मुख्य विपक्षी कांग्रेस के विधायक रविवार को विंटर सेशन में हिस्सा लेने के लिए नवा रायपुर अटल नगर में नई विधानसभा बिल्डिंग नहीं पहुंचे। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस की गैरमौजूदगी में 'छत्तीसगढ़ विजन-2047' पर चर्चा हुई। इससे पहले, छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष के नेता डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने विंटर सेशन के पहले दिन की कार्यवाही का बॉयकॉट करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, 'छत्तीसगढ़ विजन 2047 में छत्तीसगढ़ के लिए कुछ भी नहीं है। विजन के नाम पर हमें दूरबीन से दिखाया जा रहा है।' डॉ. महंत ने कहा, 'विजन 2047 एक किराए का सपना है, जिसमें छत्तीसगढ़ की मिट्टी की खुशबू या उसकी कच्ची, कभी न मिटने वाली खुशबू नहीं है। यह उद्योगपतियों के लिए बनाया गया एक ब्लूप्रिंट है, हमारे लोगों के लिए नहीं। हम ऐसे खोखले विजन पर बनी किसी भी चर्चा का बॉयकॉट करते हैं।

कलेक्टर ने किसानों को कम पानी वाली फसलों को अपनाने किया प्रेरित

रबी फसलों के मक्का, रागी, चना गेहूं अन्य फसल जोर दे रहे हैं

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड में लगातार गिरते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों को रबी मौसम में दलहन एवं तिलहन फसलों की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कलेक्टर अविनाश मिश्रा के निर्देशानुसार किसानों को कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में संभावित जल संकट से निपटा जा सके।

कृषि विस्तार अधिकारी के अनुसार, नगरी ब्लॉक में लगभग 35000 से अधिक हेक्टेयर क्षेत्रफल में विभिन्न प्रकार की रबी फसलें बोई जा रही हैं। इनमें चना, मक्का, रागी सहित दलहनङ्कतिलहन प्रमुख हैं।

जिसमे मक्का 800 हेक्टेयर से अधिक में किसानों द्वारा बड़े पैमाने में लगाया जा रहा है जिसमे घुटकेल,चनागांव, बोराई, लिखमा, मैनपुर, उमरगांव, घटुला, सिहावा,टेगना, समतरा नगरी एवं मोदे विभिन्न गांवों में किसानों ने बड़े पैमाने पर रबी फसलों की खेती शुरू कर दी है। वहीं बोराई क्षेत्र में मक्का की सबसे अधिक बुवाई की जा रही है, इसके बाद रागी और चना का क्रम है। वही बरबाधा के किसान महेश नेताम ने कहा कि हर वर्ष मेरे द्वारा गेहूं,चना सब्जी की खेती रवि फसल लगाकर अच्छी आमदनी ले रहा हूं कहा मेरे खेतों में सौर ऊर्जा के माध्यम से पानी डालता हूं जिसमें पानी कि भी समस्या नहीं होती है करीब 1 लाख रुपए अधिक आय मिल जाता है।

नगरी अंचलों में किसानों द्वारा पैरा आग लगाने बाज नहीं जा रहे हैं उस रोड पर अधिकारियों आने जाने पर देखने पर भी कार्यवाही नहीं

कृषि विभाग ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से किसानों को बचाने के लिए राज्य सरकार ने रबी वर्ष 2025×26 हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी है। योजना के अंतर्गत गेहूं (सिंचित/असिंचित), चना, राई-सरसों एवं अलसी को शामिल किया गया है। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। यह योजना अतिवृष्टि, सूखा, ओलावृष्टि सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति की स्थिति में किसानों को आर्थिक सुरक्षा एवं उचित मुआवजा प्रदान करती है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को योजना से जोड़ने एवं रबी फसलों के विविधीकरण के लिए निरंतर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके संबध में किसान मित्र को जानकारी के संबंध ट्रेनिंग दिया जा रहा है कृषि विभाग के अधिकारी ने साथ लोगों पैरा को आग न जलाने कहा साथ जिसमें खेतों के जीव जंतु आग जलाने से मर जाते हैं।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस 19 से

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी), डीएसटी भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 19 से 22 दिसंबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की बैठक हुई। बैठक में विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र मनीराम धीवर ने बताया कि 19 दिसंबर को पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा।

20 दिसंबर को गणित मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित होगी। 22 दिसंबर को वाद विवाद, राष्ट्रीय गणित दिवस एवं पुरस्कार वितरण होगा। सभी कार्यक्रम के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में सरस्वती सेठ सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र, डॉ अजय कुमार देवांगन विभागाध्यक्ष कंप्यूटर विज्ञान, डॉ जगदीश सत्यम सहायक प्राध्यापक भौतिकशास्त्र, अतिथि व्याख्याता टीकम साहू, डॉ. प्रिया बारीक, नम्रता तंबोली, रुपावती, रोहिणी देवांगन, चंद्रप्रकाश चतुर्वेदी, पूजा यादव, प्रकाशमणि साहू उपस्थित रहे।

संत गुरु घासीदास बाबा जी के मंदिर में गुरुगद्दी स्थापना एवं उद्घाटन समारोह का आयोजन आज

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के ग्राम कैटतराई, सिहावा में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी के मंदिर में गुरु गद्दी स्थापना एवं उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन 15 दिसंबर 2025, सोमवार को किया जाएगा। इस पावन अवसर पर युवराज गुरु धर्मगुरु सौरभ साहेब (प्रदेश अध्यक्ष, सतनाम सेना, गिरोदपुरी निवासी) का विशेष आगमन होगा।

कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 1:00 बजे धर्मगुरु सौरभ साहेब जी का सिहावा आगमन होगा। इसके पश्चात दोपहर 1:15 बजे से 2:00 बजे तक सिहावा से कैटतराई तक भव्य रैली निकाली जाएगी, जिसमें हरदीभाठा, पाईकभाठा, देवपुर सहित विभिन्न ग्रामों की पंथी पार्टियों द्वारा सहभागिता की जाएगी। दोपहर 3:00 बजे से गुरु गद्दी स्थापना का विधिवत कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं संध्या 5:00 बजे से सतनाम गुरुवाणी का वाचन एवं उद्देश्य प्रवचन संपन्न होगा। कार्यक्रम के समापन पर सतनाम प्रसादी भोजनालय का वितरण किया जाएगा।

इस आयोजन में सतनामी समाज ब्लॉक नगरी के अध्यक्ष विष्णु कुमार टंडन, सचिव घनानंद सोनवानी, उपाध्यक्ष नंदलाल कश्यप एवं योगेंद्र भट्ट, खिलेश लहरें, गणेश चेलक, मुकेश कोसरे, संतोष चेलक, जगत मनहरे, शिवनारायण लहरे, खोरबाहरा कोसरे, इंदल चेलक, अनिरुद्ध सोनवानी, समाकांत चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। जिसमे आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

नेशनल हैंडबॉल के लिए चयनित 2 खिलाड़ी कोलकाता रवाना

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला हैंडबॉल संघ के 2 खिलाड़ियों का चयन 54वीं सीनियर राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ हैंडबॉल टीम के लिए हुआ है। दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय कोचिंग कैंप भिलाई के उपरांत राष्ट्रीय प्रतियोगिता 15 से 20 दिसंबर तक कोलकाता वेस्ट बंगाल में भाग लेने रवाना हुए। महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के सचिव सैयद इमरान अली ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में सुमित सिंह रामगढ़िया आदित्य चंद्राकर शामिल हैं। सुमित सिंह रामगढ़िया वर्तमान में एयर फोर्स झारखंड में पदस्थ हैं।

दोनों ही खिलाड़ी महासमुंद जिला की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। छत्तीसगढ़ हैंडबॉल टीम कोच के रूप में सीआईएसएफ आनंद, एनएस मैनेजर एम प्रभास एवं विजय बहादुर को नियुक्त किया गया है।

खिलाड़ियों के चयन पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला हैंडबॉल संघ अध्यक्ष एवं भाजपा जिला महासमुंद के उपाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, छत्तीसगढ़ फेंसिंग संघ के उपाध्यक्ष बशीर अहमद खान, छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ के महासचिव समीर खान, एम. सुरेश कुमार, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक बीडी करुपति, प्रशिक्षक राजेश सरकार, रामप्रताप गुप्ता, विजय लहरे जिला शिक्षा अधिकारी, नंदकुमार सिन्हा सहायक संचालक, लीलाधर सिन्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मनोज धृतलहरे खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी, अंजलि बरमाल सहायक जिला क्रीडा अधिकारी, राजेश शर्मा, प्रमेश खरे आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

कांग्रेस ने काली कमाई खपाने जमीन की दरें घटाईं: शिवरतन

भाजपा प्रभारी का पूर्ववर्ती सरकार पर आरोप, कहा-नई गाइडलाइन से आम लोगों को मिलेगा लाभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में भाजपा के संभाग प्रभारी (संगठन) शिवरतन शर्मा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रविवार को सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने काली कमाई को निवेश करने के लिए जमीन की दरें 30-40 प्रतिशत तक कम कर दी थीं।

उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने आम लोगों और किसानों के हित में जमीन की नई गाइडलाइन दरें निर्धारित की हैं, जिनका 2018 के बाद कोई संशोधन नहीं हुआ था। शर्मा ने आरोप लगाया कि भूपेश बघेल सरकार ने गाइडलाइन दरों में संशोधन करने के बजाय, कुछ अवधि के लिए जमीन की दरें 40 प्रतिशत तक घटा दी थीं। उनका दावा था कि ऐसा कोयला, शराब और महादेव ऐप से अर्जित काली कमाई को जमीन की खरीद में खपाने के लिए किया गया था। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि रायपुर में कई बड़ी हाउसिंग कॉलोनियां विकसित हुईं, जहां जमीनों के रजिस्ट्री रेट 200-2200 रुपये प्रति वर्ग फुट थे, जबकि उनकी बिक्री 5 से 7 हजार रुपये प्रति वर्ग फुट पर हो रही थी। शर्मा ने आरोप लगाया कि भूपेश सरकार द्वारा भूमि की दरें घटाने का लाभ आम जनता को नहीं मिला, बल्कि कांग्रेस के बड़े नेताओं ने इस अवधि का उपयोग अपनी काली कमाई को निवेश करने के लिए किया। उन्होंने कहा कि भारत माला परियोजना, कोरबा-कटघोरा सड़क और अरपा भैंसाझार परियोजना में मुआवजा बांटने के दौरान किसानों को नुकसान हुआ। इसका कारण यह था कि सरकार ने गाइडलाइन दरें कम कर दी थीं, जिसका फायदा भूमाफिया ने उठाया। नई गाइडलाइन में अगर किसान असिंचित जमीन खरीदता है तो रजिस्ट्री में उसे 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी। वहीं शहरी इलाकों में मल्टी स्टोरी इमारतों में अब बने हुए (बिल्टअप) एरिया के अनुसार रजिस्ट्री शुल्क लिया जाएगा, जिससे आम लोगों को फायदा होगा। भाजपा के संभाग प्रभारी ने बताया कि नई गाइडलाइन दरों के निर्धारण का वास्तविक मकसद राजस्व कमाना नहीं है, बल्कि सुधार है, जिसके जरिए घोटाले को रोका जा सकेगा। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री से राज्य सरकार को 3 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त होता है। नई गाइडलाइन से उल्टे सरकार के राजस्व में 200-400 करोड़ की कमी आ सकती है, लेकिन आम जनता और किसानों को ही इसका लाभ पहुंचेगा।

कांग्रेस पर लगाए गलत जानकारी फैलाने के आरोप

जमीन की गाइडलाइन दरों में बढ़ोतरी को लेकर उपजे असंतोष के सवाल पर शर्मा ने कहा कि वे मीडिया के माध्यम से सरकार की जनहितैषी नीति की जानकारी देने आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नई दरों के खिलाफ कांग्रेस ने झूठा प्रचार किया है, और इसमें वे लोग शामिल हैं जो कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अपनी काली कमाई को जमीन में निवेश कर रहे थे। शर्मा ने आगे कहा कि यह सर्वविदित है कि पिछले 3-4 वर्षों में जमीन की कीमतें दोगुनी हो गई हैं। हालांकि, इस अनुपात में गाइडलाइन दरों में वृद्धि न होने के कारण आम लोगों को मकान बनाने के लिए बैंकों से कम ऋण मिल पाता था। भाजपा नेता ने कहा कि नई गाइडलाइन दर का फायदा आम लोगों को मिलेगा और वे मकान बनाने का सपना पूरा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि साय सरकार ने जमीनों का फर्जीवाड़ा रोकने के लिए आधार के सत्यापन की सुविधा दी है। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री के नियम 1908 के अंतर्गत बहुत से कानूनों में सुधार किया गया है। नियमों की 93 धाराओं में से 43 धारा में सुधार किया गया है।

5 डिसमिल लगानी भूमि की रजिस्ट्री पर रोक

शर्मा ने कहा कि 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री पर रोक सिर्फ लगानी जमीन के लिए है। डायवर्टेड जमीन की रजिस्ट्री पर कोई रोक नहीं है। उन्होंने बताया कि कुछ खास मामलों में रजिस्ट्री को रद्द करने का अधिकार महानिरीक्षक पंजीयक को दिया गया है।

न्यूज गैलरी

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवती की मौत

रतनपुर/नवप्रदेश। नगर के वार्ड क्रमांक 1 जोगीअमराई में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मृत युवती पुष्पांजलि पाव के मामले में प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित सहायता प्रदान की गई। घटना रात्रि समय घटित होने के कारण तहसीलदार शिल्पा भगत मौके पर तत्काल नहीं पहुंच सकीं। इसके पश्चात आज सुबह तहसीलदार शिल्पा भगत ने मृतिका के परिजनों से मुलाकात कर शासन की ओर से 25,000 (पच्चीस हजार रुपये) की तात्कालिक अनुदान/मुआवजा राशि प्रदान की। इसी दौरान यह कार्यभार संभाल रहे रियाज खोखर द्वारा भी मानवीय पहल करते हुए 5,000 (पांच हजार रुपये) की अतिरिक्त सहायता राशि पीड़ित परिवार को दी गई। उल्लेखनीय है कि मृत युवती पुष्पांजलि पाव एसबीआई कियोस्क में कार्यरत थीं और ड्यूटी समाप्त कर घर लौटते समय यह दर्दनाक हादसा हुआ। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वर्तमान में रतनपुर पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ जारी है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से दोषी वाहन चालक की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को आगे भी समुचित सहायता देने की मांग की है।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल धारक के खिलाफ जांच शुरु की

लॉरेंस गैंग में संलिप्त होने का भय दिखाकर रिटायर्ड सीआरपीएफ कर्मी से 6.30 लाख की साइबर ठगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना सकरी क्षेत्र में साइबर ठगों द्वारा एक सेवानिवृत्त सीआरपीएफ कर्मचारी से 6 लाख 30 हजार रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रार्थी दिवाकर मंडल पिता भूतनाथ मंडल, उम्र 61 वर्ष, निवासी फेस-2 आसमा सिटी सकरी, जिला बिलासपुर ने थाना सकरी में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त हैं। 2 नवंबर 2025 को सुबह लगभग 8 बजे उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर खुद को टेलीकॉम ऑफिस का कर्मचारी बताया। कॉलर ने कहा कि उनके आधार और पैन कार्ड से जुड़ा एक बैंक खाता मुंबई में चल रहा है, जिसका उपयोग अवैध गतिविधियों में किया जा रहा है। इसके बाद कॉल को दूसरे व्यक्ति से कनेक्ट किया गया, जिसने स्वयं को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए कहा कि उनका नाम मनी लॉन्ड्रिंग केस में जुड़ा हुआ है और वे कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई से संबंधित मामले में फंसे हुए हैं। कॉलर ने व्हाट्सएप के माध्यम से पीड़ित को उनका आधार कार्ड और पैन कार्ड दिखाया, जिससे वे उसके झांसे में आ गए। आरोपियों ने पीड़ित को बताया कि उनके नाम से वारंट जारी हो चुका है और यदि नाम हटवाना है तो बैंक खाते में मौजूद राशि जांच के लिए भेजनी होगी। भरोसा दिलाया गया कि रकम ट्रैक कर अपराधियों को पकड़ा जाएगा और बाद में पैसा वापस कर दिया जाएगा। इस दौरान किसी को भी जानकारी न देने का दबाव बनाया गया।

आरटीजीएस से बैंक खाते में ट्रांसफर किए

ठगों के झांसे में आकर दिवाकर मंडल ने 6 नवंबर 2025 को आरटीजीएस के माध्यम से 6 लाख 30 हजार रुपये आईडीबीआई बैंक के एक खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जब उन्होंने संबंधित मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की तो फोन बंद आने लगा। तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना सकरी पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

तूहर टोकन ऐप 24 घंटे खुला, सीएम का किसान हित में बड़ा फैसला: दीपक शर्मा

सीपत/नवप्रदेश। प्रदेश की भाजपा सरकार ने धान खरीदी व्यवस्था को और अधिक सरल, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाते हुए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर अब तूहर टोकन ऐप को 24गुणा7 खोल दिया गया है, जिससे किसानों को टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता समाप्त हो गई है। इस फैसले से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। अब किसान दिन-रात, किसी भी समय, अपनी सुविधा अनुसार मोबाइल एप से टोकन बुक कर सकेंगे। इसके अंतर्गत किसान 13 जनवरी तक आगामी 20 दिनों के लिए टोकन ले सकेंगे, जिससे धान विक्रय की पूर्व योजना बनाना सरल होगा और भीड़ व तकनीकी दबाव से राहत मिलेगी। राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसानों को विशेष राहत देते हुए 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन लेने की सुविधा दी गई है। यह निर्णय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील, दूरदर्शी और किसान-हितैषी नीति का स्पष्ट उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक सहकारी समिति को आबंटित सीमा के भीतर ही टोकन जारी किए जाएंगे, जिससे पूरी व्यवस्था पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनी रहेगी।

सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के हित में लगातार ठोस और ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। तूहर टोकन ऐप को 24म7 खोलना किसानों के लिए बड़ी सौगात है। अब किसी भी किसान को समय के दबाव में आकर टोकन काटने की मजबूरी नहीं रहेगी।

सीपत में रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

■ **ऐतिहासिक आयोजन की तैयारी पूरी**

सीपत/नवप्रदेश। क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। 15 दिसंबर, रविवार शाम 4 बजे से सीपत में क्षेत्र का अब तक का सबसे बड़ा रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ होने जा रहा है। इस भव्य खेल महाकुंभ की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। पहली बार श्रीपतेश्वर महादेव मंदिर, चमेटा तालाब स्थित मैदान में आयोजित हो रहे इस टूर्नामेंट को ऐतिहासिक बनाने के लिए आयोजन समिति के सदस्य पूरी शिद्दत के साथ जुटे हुए हैं। दिन-रात की कड़ी मेहनत से मैदान की व्यापक साफ-सफाई की गई है, वहीं पूरे परिसर को आकर्षक और अत्याधुनिक लाइटिंग से सजाया गया है, जिससे रात्रिकालीन मुकाबलों का रोमांच कई गुना बढ़ जाएगा। इस टूर्नामेंट को लेकर न सिर्फ सीपत बल्कि पूरे जिले के खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में टीमें हिस्सा लेने को तैयार हैं, वहीं कड़कड़ाती ठंड के बावजूद भारी संख्या में दर्शकों के जुटने की संभावना जताई जा रही है। युवाओं में उत्साह शिखर पर है। आयोजकों का कहना है कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना, स्थानीय स्तर पर खेल भावना को बढ़ावा देना और दर्शकों को भरपूर मनोरंजन देना है। रात्रिकालीन माहौल, रोशनी से जगमगाता मैदान और रोमांचक मुकाबले इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने वाले हैं। प्रतियोगिता को आकर्षक बनाने के लिए भव्य पुरस्कारों की विशेष व्यवस्था की गई है।

प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 551 रुपए

प्रतियोगिता हेतु प्रवेश शुल्क 551 रखा गया है। इच्छुक टीम निम्न सदस्यों से संपर्क कर पंजीयन करा सकती है आशीष यादव 7489970290 छोटू भोई 930219174 संदीप विजय 6263134161 सूरज भुवनेश्वर 7804811576 आदर्श यादव 9131736830 पंकज भोई 7723040652 इस प्रकार सीपत का यह विराट क्रिकेट महाकुंभ न केवल खेल प्रतिभा का मंच बनेगा बल्कि युवाओं के उत्साह, एकता और ऊर्जा का चमकता प्रतीक भी साबित होगा। आयोजकगण की मेहनत, ग्रामवासियों का सहयोग और अतिथियों की भव्य उपस्थिति इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए पर्याप्त रहेगा।

अभाविप के डॉ. विकास प्रदेशाध्यक्ष, अनंत बने मंत्री

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) छत्तीसगढ़ प्रांत के लिए सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सहायक प्राध्यापक डॉ. विकास कुमार पाण्डेय को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं अंबिकापुर के अनंत सोनी को प्रदेश मंत्री के रूप में सत्र 2025-26 के लिए नवनिर्वाचित किया गया है। यह घोषणा अभाविप छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय, रायपुर से की गई। दोनों पदाधिकारी 19 से 21 दिसंबर तक भिलाई में आयोजित 58वें प्रदेश अधिवेशन में पदभार ग्रहण करेंगे।

पारदर्शी धान खरीदी से किसानों को मिला लाभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में इस वर्ष धान खरीदी व्यवस्था पूरी तरह सुचारू, पारदर्शी और किसान-हितैषी साबित हो रही है। टोकन तुंहर हाथ ऐप के माध्यम से किसानों को घर बैठे ही आसानी से टोकन प्राप्त हो रहे हैं, जिससे खरीदी केंद्रों में अनावश्यक भीड़, भागदौड़ और प्रतीक्षा जैसी समस्याएँ लगभग समाप्त हो गई हैं। साथ ही बारदाना उपलब्धता, तौल, भंडारण और भुगतान की सभी प्रक्रियाएँ इस बार पहले से अधिक सुव्यवस्थित और समयबद्ध की गई हैं। सैदा धान खरीदी केंद्र पहुँचे चिचिरदा के किसान रामसाय साहू ने बताया कि वे 1 एकड़ भूमि में खेती करते हैं और इस वर्ष उनकी पैदावार अच्छी रही। उन्होंने मोबाइल से ही टोकन कटवाया और 19 क्विंटल 60 किलो धान लेकर केंद्र पहुँचे। उन्होंने कहा कि तौल प्रक्रिया पूरी तरह आसान रही और धान बिकते ही वे चिंतामुक्त हो गए। वहीं मेण्ड्रा निवासी किसान विष्णुप्रसाद वर्मा 50 क्विंटल धान लेकर केंद्र पहुँचे। उन्होंने बताया कि खरीदी केंद्र में किसानों के लिए सभी सुविधाएँ आसानी से उपलब्ध हैं। उन्हें मिल रहा समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल उनकी आमदनी में बढ़ोतरी कर रहा है। श्री वर्मा कहते हैं कि सरकार की पारदर्शी और व्यवस्थित खरीदी व्यवस्था ने उनके सपनों को साकार करने में मदद की है।

बिजौर संकुल में समग्र शिक्षा अनुदान में फर्जीवाड़े का खुलासा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा विकासखंड अंतर्गत बिजौर संकुल केंद्र में समग्र शिक्षा सीआरसी अनुदान राशि का खुलेआम दुरुपयोग किया गया। आरोप है कि तत्कालीन संकुल प्राचार्य हेमलता पांडेय और संकुल समन्वयक मनोज सिंह ठाकुर ने फर्जी बिलों के जरिए सरकारी पैसे की बंदरबांट की। जांच में सामने आया कि बिना किसी पते वाले एक तथाकथित 'नवीन होटल' के नाम से लंच थाली के दो बिल लगाए गए। एक बिल 8 जुलाई 2023 का है, जिसमें 25 प्लेट लंच दिखाकर 4,370 रुपये का भुगतान दर्शाया गया। दूसरा बिल 21 जनवरी 2024 का है, जिसमें 24 पैकेट लंच के नाम पर 4,500 रुपये निकाले गए। जब बिल में दिए फोन नंबर पर कॉल किया, तो हैरान करने वाली सच्चाई सामने आई। यह नंबर किसी होटल का नहीं, बल्कि सकरी में पिछले 20 साल से चल रही एक किराना दुकान का निकला। दुकानदार ने साफ कहा न उनका कोई होटल है, न ऐसा कोई बिल। इतना ही नहीं, चाय-नाश्ते के नाम पर समोसा, जलेबी, मिठाई, नमकीन, बिसलरी पानी जैसी कई मदों के कुल 14 बिल और 2 फर्जी लंच बिल लगाए गए। कुल मिलाकर 32,240 रुपये खर्च दिखाया गया। जानकारी के मुताबिक 2022 से 2025 तक बिजौर संकुल को 3 लाख 66 हजार 174 रुपये की राशि मिली थी, जिसमें मेंटेनेंस, टीएलएम, मीटिंग टीए और कंटीजेंसी ग्रांट शामिल है। शिक्षा जगत में इस खुलासे से हड़कंप मचा है।

दस्तावेजों ने खोली सरकारी पैसे की बंदरबांट की पोल

जितेंद्र छत्तीसगढ़ पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ के जिला अध्यक्ष नियुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज सलूजा ने आज जिला बॉडी का गठन किया। जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर को बनाया गया। संरक्षक विजय ओझा, केशव शुक्ला, सुधीर खंडेलवाल, उपाध्यक्ष के लिए मनोज दुबे, राजेंद्र सिंह ठाकुर, पवन सोनी, ऋतु साहू, कृष्णा सिंह ठाकुर को बनाया गया। वही महासचिव विजय क्रांति तिवारी को नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष मधु शर्मा संगठन सचिव मनोज पुरोहित, अशोक व्यास, रज्जू कोशले, रवि शुक्ला, काजल किरण और संयुक्त सचिव अश्वनी ठाकुर, तिरिथ राम लहरें, नियति ओझा, शिवा गोरख, राकेश मिश्रा और कार्यकारिणी मोहन मदवाणी, रविराज शर्मा, भूपेंद्र नारायण नवरंग, मनोज सिंह ठाकुर, विजय सिंह ठाकुर, विवेक सराफ, दिनेश कौशिक, हरिकिशन गंगवानी, जगदीश मिश्रा, शिव कुमार तिवारी, प्रशांत सिंह ठाकुर, शिवनंदन शुक्ला, अंशुल अवस्थी, राजेश श्यामनानी, ओमप्रकाश ओझा, उज्वल यादव की नियुक्ति की गई।

प्रशिक्षण | नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण से कक्षा 1 से 3 के बच्चों में भाषा और गणित की मजबूत नींव रखने पर फोकस

बीईओ व बीआरसी की पहल से 162 शिक्षकों किया गया प्रशिक्षित

सीपत/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राज्य शासन के निर्देशों के अनुरूप, एससीईआरटी एवं डाइट पेंड्रा से प्राप्त दिशा-निर्देशों तथा जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में मस्तूरी विकासखंड में नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) विषयक पाँच दिवसीय ऑफलाइन शिक्षक प्रशिक्षण के प्रथम चरण का सफल समापन हुआ। इस प्रशिक्षण का आयोजन मस्तूरी विकासखंड के समस्त प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापन की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया। प्रथम चरण में जोन पंधी लक्ष्य 56 में 52, मस्तूरी लक्ष्य 56 में 50 तथा पचपेड़ी लक्ष्य 60 में 60, इस प्रकार कुल 162 शिक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। पाँचवें दिवस के साथ प्रथम चरण का विधिवत समापन किया गया। प्रशिक्षण बीआरसी भवन मस्तूरी तथा जोन पंधी-पचपेड़ी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों में भाषा एवं गणित की मजबूत आधारशिला तैयार करना है, जिससे बच्चे खेल-खेल में, गतिविधि आधारित एवं आनंददायक शिक्षण के माध्यम से सहज रूप से सीख सकें। प्रशिक्षण समापन अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) मस्तूरी शिवराम टंडन, विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीआरसीसी) सूरज कुमार क्षत्री एवं एफएलएन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रमोद कुमार पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति में विद्या की देवी माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत बीआरजी समूह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

प्रथम चरण में 1 से 3 के शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

प्रथम चरण में कक्षा 1 से 3 में अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है, जबकि कक्षा 4 एवं 5 के शिक्षकों का प्रशिक्षण तृतीय एवं चतुर्थ चरण में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान राज्य रिसोर्स पर्सन विकास वर्मा, डाइट पेंड्रा प्रभारी अल्का शुक्ला, जिला रिसोर्स पर्सन प्रियंका केशरवानी सहित विकासखंड एवं जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण स्थल का भ्रमण कर गुणवत्ता संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

सुविचार

इस संसार में सिर्फ मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसका जहर उसके दांतों में नहीं बल्कि उसकी बातों में होता है। - अज्ञात

पाक की इंटरनेशनल बेइज्जती

पड़ोसी देश पाकिस्तान का दुःख कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन जब भारत दौरे पर आये थे और भारत के साथ कई महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौते किये थे तभी से पाकिस्तान के सीने में सांप लोट रहा था। पुतिन तो पाकिस्तान जाने से रहे इसलिए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ तुर्केनिस्तान में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान वहां रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात करने की जुगत में लग गये थे। उनका उन्हें चालीस मिनट तक इंतजार कराया। इस दौरान शाहबाज शरीफ अपने नाखून चबाते हुए बैठे रहे। जब उनके सब्र का पैमाना छलक गया तो तैश में आकर शाहबाज शरीफ उस कमरे में जा घुसे जहां पुतिन अन्य राष्ट्राध्यक्ष से बातचीत कर रहे थे। शाहबाज शरीफ को यह दुःसाहस दिखाना महंगा पड़ गया। पुतिन के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें धक्के देकर उस कमरे से बाहर कर दिया और इसके बाद पुतिन ने उनसे मिलने से ही इंकार कर दिया। अंतर्राष्ट्रीय पर पाकिस्तान की इससे बड़ी बेइज्जती और क्या हो सकता है। पिछले सप्ताह ही पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसीन नकवी की भी इंग्लैंड में इसी तरह बेइज्जती की गई थी। वे जब लंदन पहुंचे तो उनकी कार की ऐसी जांच पड़ताल की गई थी मानों वे कोई आतंकवादी हों। यही नहीं बल्कि जब पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ आपने आर्मी चीफ असीम मुनीर के साथ अमेरिका गये थे तो वहां भी डोनाल्ड ट्रंप ने शाहबाज शरीफ की उपेक्षा कर असीम मुनीर को ज्यादा तवज्जों दी थी इसी से जाहिर है कि इंटरनेशनल बेइज्जती कराना पाकिस्तानी हुक्मरानों की नियती बन चुकी है। संयुक्त राष्ट्रमहासभा में भी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जब भारत के खिलाफ जहर उगलते हैं तो भारतीय प्रतिनिधि उन्हें मुंहतोड़ जवाब देकर विश्वमंच पर पाकिस्तान की बखिया उधेड़कर रख देते हैं। पाकिस्तानी हुक्मरानों की स्थिति का एक और उदाहरण उस समय सामने आया जब असेंबली में स्पीकर ने कुछ नोट दिखाते हुए पाकिस्तानी सांसदों से यह कहा कि ये नोट सदन में गिर गये थे जिसे एक सदस्य ने उन्हें लाकर दिया है जिसका भी यह नोट हो वह हाथ उठा दें। इतना सुनते ही दर्जनों सदस्यों ने अपने हाथ उठा दिये थे। कुल मिलाकर पाकिस्तानी हुक्मरान अपनी हरकतों से खुद अपनी बेइज्जती कराते हैं और अपने मुल्क का मजाक उड़ाने का सारी दुनिया को मौका देते है।

ममता बनर्जी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही जरूरी

बंगाल में चुनाव आयोग द्वारा कराये जा रहे एसआईआर के खिलाफ वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मोर्चा खोल रखा है। वे लगातार एसआईआर का विरोध कर रही हैं। यहां तक तो गनीमत है लेकिन अब तो वे लोगों को हिंसा के लिए भड़काने भी लगी हैं। उन्होंने महिलाओं से कहा है कि यदि कोई बीएलओ उनके घर आता है और मतदाता सूची से उनका नाम हटाने की कोशिश करता है तो वे घर की रसोई घर में रखे औजारों का उपयोग करें महिलाएं आगे रहे और पुरूष उनके पीछे रहकर विरोध जतायें। ममता बनर्जी का यह बयान भड़काऊ है और वे लोगों को हिंसा के लिए भड़का रही है। हाल ही में बीएलओ द्वारा जो कथित आत्महत्या की घटनाएं हुई है उसे देखकर यही लगता है कि ममता बनर्जी की सह पर ही वहां बीएलओ को उनका काम ईमानदारी से नहीं करने दिया जा रहा है। उन सभी घटनाओं की अब उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए और लोगों को हिंसा के लिए भड़काने के आरोप में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। वे जिस तरह एसआईआर का विरोध कर रही हैं और भड़काऊ बयानबाजी करके बंगाल में अराजकता की स्थिति निर्मित करना चाहती है उसे देखते हुए तो बेहतर यही होगा कि बंगाल में तत्काल प्रभाव से राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये। वैसे भी ममता बनर्जी के कार्यकाल में बंगाल में जितने भी चुनाव हुए हैं सब में हिंसक घटनाये हुई है। अब तो एसआईआर के जरिए ममता बनर्जी के वोट बैंक के खिसकने का खतरा पैदा हो गया है। रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठिये खुद बंगाल से पलायन कर रहे है ममता बनर्जी किसी भी हद तक जा सकती हैं। इसलिए वहां राष्ट्रपति शासन लागू करना निहायत जरूरी है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ आज वर्तमान समय में हनुमान जी की आराधना, हनुमान जी की पूजा और हनुमान जी के आचरण को अपने जीवन में आत्मसात करके चलने की कितनी आवश्यकता है यह ज्ञान के अभाव में हम आप समझ नहीं पा रहे हैं।

◆ यद्यपि लीला चल रही थी यह कहना अपराध है क्योंकि भगवत लीला नित्य है। राम आए थे यह कहना अपराध है, राम की लीला हुई थी यह कहना अपराध है। यह नित्य लीला है और भक्तों के हृदय में यह सदा प्रकटित है।

◆ अहंकार कभी विजयी नहीं होता।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1749 : शिवाजी महाराज के पोते साहू जी का निधन। 1803 : भोंसले और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच हुई देवगांव संधि के तहत उड़ीसा और कटक कंपनी के शासन के अधीन हुए। 1950 : भारत रत्न से सम्मानित देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल का निधन। 1950 : योजना आयोग की स्थापना। 1953 : भारत की एस विजयलक्ष्मी पंडित संयुक्त राष्ट्र महासभा के आठवें सत्र की अध्यक्ष चुनी गईं। इस पद पर पहुंची वह पहली महिला थीं। 1965 : बांग्लादेश में गंगा नदी के तट पर आये चक्रवात में करीब 15,000 लोगों की जान गई। 1976 : भारत के प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी बाइचुंग भूटिया का सिक्किम में जन्म। 1982 : स्पेन ने जिब्राल्टर की सीमा को खोल दिया। स्पेन की नयी सोशलिस्ट सरकार ने मानवीय आधार पर आधी रात को यह दरवाजे खोलकर स्पेन और जिब्राल्टर के लोगों के बीच की दीवार को खत्म कर दिया। 1991 : मशहूर फिल्म निर्माता सत्यजीत रे को सिनेमा की दुनिया में उनके अहम योगदान के लिए 'स्पेशल ऑस्कर' सम्मान दिया गया।

संरक्षा, दायित्व और जन विश्वास : नए अधिनियम से क्या हासिल होगा

डा. रतन कुमार सिन्हा

जनता का विश्वास हमेशा से भारत के परमाणु कार्यक्रम की आधारशिला रहा है। देश के सतत, समतापूर्ण और ऊर्जा-सुरक्षित विकास के दृष्टिकोण में यह आधार निहित है कि परमाणु ऊर्जा का उपयोग अत्यधिक संरक्षा, निर्विवाद उत्तरदायित्व और पारदर्शी संचार के साथ किया जाए। संरक्षा, दायित्व और जन विश्वास के स्तंभ केवल अमूर्त आदर्श नहीं हैं; ये भारत के परमाणु उद्योग के व्यावहारिक आधार हैं। जैसे-जैसे हम परमाणु ऊर्जा के लिए एक नए विधायी ढाँचे पर विचार कर रहे हैं, यह पूछना ज़रूरी है कि यह नए अधिनियम से क्या हासिल होगा मेरे विचार से, इसका उत्तर इन्हीं आधारों को मज़बूत करने में निहित है। इस कानून से अपेक्षा है कि यह जनता के विश्वास से समझौता किए बिना संरक्षा और सशक्तिकरण प्रदान करे, सरलीकरण और सुरक्षा प्रदान करे, नवाचार को प्रोत्साहित करे।

संरक्षा - पूर्णता की संस्कृति को संस्थागत बनाना

परमाणु प्रौद्योगिकी में संरक्षा डिज़ाइन का एक अनिवार्य अंग ही नहीं, बल्कि यह इसका मूल दर्शन होना चाहिए। ट्रॉम्बे में भारत के पहले अनुसंधान रिएक्टरों से लेकर स्वदेशी 700 मेगावाट दाबित भारी पानी रिएक्टरों और अगली पीढ़ी के प्रगत रिएक्टरों तक, डिज़ाइन हमेशा गहन संरक्षा और निश्चेष्ट संरक्षा विशेषताओं द्वारा निर्देशित रहे हैं।

जब हमने प्रगत भारी पानी रिएक्टर की कल्पना की थी, तो हमारा लक्ष्य न केवल थोरियम के उपयोग को प्रदर्शित करना था, बल्कि यह भी प्रदर्शित करना था कि एक रिएक्टर इसके ऑपरेटर के हस्तक्षेप के बिना भी सुरक्षित रह सकता है – एक ऐसी डिजाइन जो स्वतः सुरक्षित हो। वास्तव में, संरक्षा परमाणु ऊर्जा परिनियोजन का एक अभिन्न अंग है।

नए अधिनियम को, निश्चित रूप से, यह गारंटी देनी चाहिए कि संरक्षा-संस्कृति जारी रहे। इसे उच्चतम संरक्षा मानकों के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करनी चाहिए और नियामक संस्थानों की स्वायत्तता, अधिकार और जवाबदेही को मजबूत करना चाहिए। इसे आवश्यकतानुसार प्रौद्योगिकी उन्नयन और पारदर्शी संरक्षा समीक्षाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसे प्रचालन प्रदर्शन पर सूचना के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देना चाहिए।

किसी भी उद्योग में विशेषकर परमाणु ऊर्जा के मामले में तो और भी ज्यादा, संरक्षा एक स्थिर लक्ष्य नहीं है। इसे एक ऐसी संस्कृति के रूप में देखा जाना चाहिए जिसका निरंतर पोषण किया जाना चाहिए। ख़ास तौर पर परमाणु पारिस्थितिकी तंत्र के मामले में, इस संस्कृति को एक संस्थागत प्रेमवर्क के ज़रिए मज़बूत किया जाना चाहिए।

दायित्व - स्पष्टता के साथ उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना

नाभिकीय क्षति के लिए असैन्य दायित्व अधिनियम (सीएलएनडी अधिनियम) एक अग्रणी कदम रहा है जिसने तीन महत्वपूर्ण हितों को संतुलित किया है: जनता की संरक्षा, आपूर्तिकर्ताओं को आश्वासन और ऑपरेटरों का विश्वास। इसने दोष-रहित दायित्व सिद्धांत को प्रतिपादित किया और यह सुनिश्चित किया कि ऑपरेटर की ज़िम्मेदारी स्पष्ट और निर्देशित रहे।

ऊर्जा परिदृश्य और औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास ने संबंधित संस्थाओं की देनदारियों पर अधिक स्पष्टता को आवश्यक बना दिया है। इस तरह के संशोधन

किसी भी परिपक्व क्षेत्र की स्वाभाविक प्रगति का हिस्सा हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि शासन का फ्रेमवर्क वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक अपेक्षाओं के साथ तालमेल बनाए रखे।

नए अधिनियम को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शासन का फ्रेमवर्क निष्पक्ष, स्पष्ट हो और संदेह रहित बना रहे, साथ ही जवाबदेही की एक सुपरिभाषित श्रृंखला भी बनाए रखे। इसे यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि दायित्व का मूल्यांकन करने की व्यवस्था देश में परमाणु तैनाती की सीमा और पैमाने के अनुरूप हो। एक आधुनिक दायित्व व्यवस्था को इस बात की पुष्टि करनी चाहिए कि संरक्षा और ज़िम्मेदारी विकास के साथ-साथ चलती हैं।

जन विश्वास - प्रगति की आधारशिला

दुनिया भर में परमाणु उद्योग के उत्कृष्ट संरक्षा रिकॉर्ड के बावजूद, परमाणु ऊर्जा के प्रति जनता का दृष्टिकोण अक्सर वैज्ञानिक तथ्यों की तुलना में धारणाओं से अधिक प्रभावित होता रहा है। कुछ साल पहले मैंने जिस पुस्तक का सह-लेखन किया था, ÷द अनरीज़न्ड फियर ऑफ़ रेडिएशन÷, ऐसी ही भ्रांतियों को दूर करने का एक प्रयास था। यह पुस्तक बताती है कि नियंत्रित और सुव्यवस्थित वातावरण में विकिरण, किसी भी अन्य तकनीक जितना ही सुरक्षित है जिसका उपयोग हम अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से आत्मविश्वास से करते हैं।

जनता का विश्वास केवल पारदर्शिता और जनता के साथ संवाद के माध्यम से ही अर्जित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, जब नागरिक देखते हैं कि परमाणु विज्ञान रेडियोथेरेपी के माध्यम से जीवन बचा रहा है, उत्परिवर्तन प्रजनन के माध्यम से फसलों को बढ़ा रहा है या विकिरण शुद्धिकरण के माध्यम से सुरक्षित जल उपलब्ध करा रहा है, तो वे परमाणु ऊर्जा के मानवीय पहलू से जुड़ने लगते हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग में अपने कार्यकाल के दौरान, हमने नई आउटरीच रणनीतियों की शुरुआत करके इस दिशा में कई प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप 2015 की गणतंत्र दिवस परेड में परमाणु ऊर्जा विभाग की झांकी प्रदर्शित की गई और प्रसारण व सोशल मीडिया पर उपस्थिति दर्ज कराई गई। ये कदम दिखावटी नहीं थे; इनका उद्देश्य विज्ञान और समाज के बीच की दीवार को हटाना था।

यदि नया अधिनियम नागरिकों के साथ खुले संवाद को बढ़ावा दे पाता है, तो यह समाज के साथ विज्ञान के सामाजिक संबंधों को पुनर्परिभाषित करेगा। ऐसा करके, यह हमारे चिरस्थायी आदर्श वाक्यः राष्ट्र की सेवा में परमाणु, की भावना को साकार करेगा।

नए अधिनियम से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस प्रकार के संदेश सार्वजनिक प्रकटीकरण को अनिवार्य बनाएं, शैक्षिक जागरूकता को प्रोत्साहित करें तथा नागरिकों के साथ संवाद को संस्थागत कार्य प्रणाली का अभिन्न अंग बनाएं।

नए अधिनियम में क्या गारंटी होनी चाहिए

यदि 1962 के प्रथम परमाणु ऊर्जा अधिनियम ने क्षमता निर्माण के मूल मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया था, तो नए अधिनियम का उद्देश्य आत्मविश्वास बढ़ाना और परमाणु प्रौद्योगिकी की बड़े पैमाने पर तैनाती करना होना चाहिए। इसमें उस राष्ट्र की परिपक्वता प्रतिबिंबित होनी चाहिए जिसने जटिल तकनीकों में महारत हासिल की है और जिम्मेदार आचरण के माध्यम से वैश्विक सम्मान अर्जित किया है। नए अधिनियम को विज्ञान और समाज के बीच पारस्परिक आश्वासन की यह गारंटी देनी चाहिए किः

संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी,

दायित्व (देनदारियां) हमेशा न्यायसंगत और पारदर्शी रहेगा, और

जनता का विश्वास हर निर्णय के केंद्र में रहेगा।

जब ये गारंटियां न केवल कानून में, बल्कि संस्थागत व्यवहार में भी निहित होंगी, तो भारत का परमाणु भविष्य सुदृढ़ आधार पर खड़ा होगा।

भारत की पंचायतों के लिए यह समय नवाचार और उद्यमियों की तरह सोचने का है

सुशील कुमार लोहानी, रंजन घोष

1992 के 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के साथ, ग्राम पंचायतों (जीपी) को जमीनी स्तर पर स्व-शासन के एक नए युग का सूत्रपात करने के लिए सशक्त बनाया गया। आशा थी कि वे वित्तीय रूप से सशक्त, राजनीतिक रूप से जिम्मेदार और नवोन्मेषी होंगे। हालांकि, तब से काफी प्रगति हुई है, लेकिन यह विज़न अब भी केवल आधा ही पूरा हुआ है। अनुच्छेद 243एच के तहत अपना राजस्व जुटाने का सवैधानिक अधिकार होने के बावजूद, अधिकांश ग्राम पंचायतें अब भी वित्तीय दृष्टि से राज्य और केंद्र सरकारों के हस्तांतरणों पर निर्भर हैं।

पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) के नवीनतम आंकड़ों और राष्ट्रीय सार्वजनिक वित्त और नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के 2025 के अध्ययन के अनुसार, स्व-संसाधन राजस्व (ओएसआर) पंचायत वित्त में केवल 6–7% का ही योगदान देता है। शेष 93-94% अब भी अनुदानों से आते हैं। यह निर्भरता पंचायतों के स्थानीय पहलों को कमजोर कर रही है। वे आत्मनिर्भर स्थानीय शासनके बजाय सरकार की योजनाओं को लागू करने वाली एजेंसी बन गए हैं। इसे बदलने का समय आ गया है, केवल टैक्स नियमों की समीक्षा ही नहीं की जानी चाहिए, बल्कि पंचायतों को उद्यमशील मानसिकता भी अपनानी चाहिए।

यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि वित्तीय नियंत्रण के बिना, ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार योजना नहीं बना सकतीं या प्राथमिकता तय नहीं कर सकतीं। एनआईपीएफपी की रिपोर्ट बताती है कि जहाँ संपत्ति कर, उपयोगकर्ता शुल्क, या सामुदायिक संपत्ति के माध्यम से आर्थिक संभावनाएँ मौजूद हैं, वहां भी – नवाचार, डिजिटल प्रणाली और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी कार्य-प्रदर्शन को सीमित करती है। केरल, कर्नाटक और गोवा जैसे राज्यों का प्रति व्यक्ति ओएसआर अधिक है (क्रमशः 286, 148, और 1,635)। इनमें डिजिटल तरीके से टैक्स संग्रह और सामुदायिक भागीदारी भी है। दूसरी ओर, झारखंड, बिहार और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों का ओएसआर संग्रह लगभग नगण्य है। जैसा कि जोसेफ शुम्पेटर ने कहा है, उद्यमिता रचनात्मक परिवर्तन के बारे में है। पंचायतों के लिए, इसका मतलब है - निष्क्रिय संग्रह से सक्रिय सृजन की ओर बढ़ना। उन्हें स्वयं का फिर से आकलन करने, स्थानीय संपत्तियों से आय कमाने, सेवाओं को कुशलतापूर्वक प्रदान करने और आय को विकास में पुनः निवेश करने के तरीकों को खोजने की आवश्यकता है।

आईआईएम, अहमदाबाद (आईआईएम-ए) ने ओएसआर के संदर्भ में उद्यमिता की सर्वोत्तम प्रथाओं का दस्तावेज तैयार किया, इस दौरान कई सकारात्मक तथ्य सामने आए। उदाहरण के लिए, गुजरात के धरमज में, ग्राम पंचायत

का वार्षिक बजट ?5 करोड़ है, जिसकी आधी धनराशि स्थानीय रूप से प्राप्त आय से आती है। परती जमीन को बहुउद्देशीय पार्क में पुनर्विकसित करके, संपत्ति और जल टैक्स को डिजिटल रूप से एकत्र करके और अपने एनआरआई प्रवासियों के योगदान का लाभ उठाकर, इस गांव ने ?2.5 करोड़ से अधिक का आरक्षित कोष तैयार कर लिया है। उत्तराखंड के सिरासु में, ग्राम पंचायत अपने दर्शनीय स्थलों में विवाह-पूर्व फोटो शूट के लिए नाममात्र शुल्क लेकर सालाना ?15–20 लाख कमाती है। उन्होंने इसका उपयोग सौर प्रकाश और सड़कों के वित्तपोषण के लिए किया है। ओडिशा के मुकुंदपुरपटन में, ग्राम पंचायत की आय 2006 में ?93,000 से बढ़कर 2018 में ?36.78 लाख हो गई, जो मंदिर किराए, बाजार पट्टे और जिओ-टैग की गयी संपत्तियों के माध्यम से प्राप्त हुई। इन (और कई अन्य) ग्राम पंचायनों ने राज्य निधियों का इंतजार नहीं किया, बल्कि वे वित्तीय रूप से व्यावहारिक संस्थाओं में बदल गयीं।

फिर भी, इन उदाहरणों की संख्या बहुत कम है, जो आवश्यक बड़े बदलाव लाने के लिए पर्याप्त हो। अधिकतर पंचायतें कहाँ पीछे रह जाती हैं? प्रमुख रूप से इसे राजनीतिक हिचक से जोड़ा जा सकता है, जो मतदाता के विरोध के डर से टैक्स लगाने से पीछे हट जाते हैं। कई ग्राम पंचायतेंअब भी संपत्ति का मूल्यांकन भौतिक रूप से (मैन्युअल) करते हैं, जिसमें खराब रिकॉर्ड और लागू करने की कमजोरप्रक्रिया के कारण मूल्यांकन बहुत कम होता है। उपयोगकर्ता शुल्क शायद ही कभी संशोधित किए जाते हैं। कुछ राज्यों में, शुल्क की अधिकतम सीमा में दशकों से बदलाव नहीं हुआ है। इसके परिणामस्वरूप एक निम्न आय, गतिहीन टैक्स आधार और निर्भरता की संस्कृति बनी हुई है। जैसा कि एनआईपीएफपी की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, वैधानिक वित्तीय सशक्तिकरण का कोई मतलब नहीं है, यदि वास्तविक रूप से संचालन से जुड़ी स्वतंत्रता न हो। तकनीक धीरे-धीरे स्थिति को बदल रही है। तमिलनाडु का वीपी टैक्स पोर्टल संपत्ति और पेशेवर करों की वास्तविक समय में निगरानी की सुविधा देता है, जबकि झारखंड में पीओएस-सक्षम कर संग्रह ने दक्षता और पारदर्शिता में सुधार किया है। यदि ऐसी प्रणालियों को स्वामित्व के संपत्ति मानचित्रण से जोड़ा जाए, तो पंचायतों के राजस्व आधार का व्यापक रूप से विस्तार हो सकता है। कुछ व्यवहारिक प्रोत्साहन, जैसे समय पर टैक्स देने वालों को सार्वजनिक रूप से मान्यता देना या स्पष्ट परिणाम दिखाना (आपके टैक्स से इस सड़क का निर्माण हुआ) स्वैच्छिक अनुपालन भी बढ़ा सकते हैं।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

है यही इल्तिजा

है यही इल्तिजा लौट आ लौट आ मुझ को कर दे क्षमा लौट आ लौट आ तेरे बिन कोई मौसम सुहाता नहीं है फ़िज़ा ग़मज़दा लौट आ लौट आ ये थी मेरी ख़ता कुछ न कर अब गिला तू नहीं बेवफ़ा लौट आ लौट आ मेरी फ़ितरत में पहले थी आवारगी और अब है वफ़ा लौट आ लौट आ क्यों तू दुनिया की रौनक़ में मसरूफ़ है सुन ले मेरी सदा लौट आ लौट आ धड़कनों में ज़रा-सी है जुम्बिश अभी ज़ीस्त है बेवफ़ा लौट आ लौट आ वसवसों में न पड़ कर ले मुझ पर यक़ीं हर ख़ता भूल जा लौट आ लौट आ। - **अंशु विनोद गुप्ता**

पहले सुबह होते ही



पहले सुबह होते ही मंदिर की घंटियां,शंख की गुंजन,मधुर भजन सुनाई देती थी....और अब "सावधान पानी की टंकी भर गई है,कृपया मोटर बंद करे" समय परिवर्तन शील होता है,मुझे तो लगता है,बुरे,भ्रष्ट लोगों के लिए भी एक ऐसा अलार्म होना चाहिए"सावधान पाप का घड़ा भर गया है,कृपया बुरे काम करना छोड़ देवे" अरे 100 में दो भी सुधर गए तो देश,समाज का कुछ तो भला होगा जी??

- **शत्रुंजय तिवारी**

नर से नारायण बनो, कहन लगे अतिरेक

नर से नारायण बनो, कहन लगे अतिरेक। धर्म भाव से सोच तो, लगे बहुत ही नेक। लगे बहुत ही नेक, दुष्टता मन से जाए। और दया का भाव, हृदय में सब के आए। दवा ज्ञान विज्ञान, दूर हो जीवन हर से। कर न पाएँ विकास,रहें हम आदिम नर से।। - **अंजली यादव**

दर्द की कीमत हर किसी को

दर्द की कीमत हर किसी को चुकानी पड़ती है। कोई इस दर्द से टूट कर आंसू बहाता हैं और कोई कुछ कर गुजरने का हौसला रखता है। जिंदगी किसी के इंतजार में नहीं रुकती। जो दर्द भरे दिन गुजर जाते हैं, वो लौट कर फिर वापस नहीं आते।

- **अजय साहू**

नहीं चाहिए : शतक पर शतक

नहीं चाहिए : शतक पर शतक लगाने वाला,T20 का सबसे खराब बल्लेबाज संजू सैमसन और यशस्वी जायस्वाल हमें चाहिए : 0, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 रन बनाने वाला, ञः20 का ÷सर्वकालिक महानतम बल्लेबाज÷ शुभमन गिल, जिसके बगैर भारतीय टीम का कल्याण हो ही नहीं सकता। - **सचिन चौधरी**

हाँ, मैं बदल गई हूँ- थोड़ी-सी

हाँ, मैं बदल गई हूँ- थोड़ी-सी अलग हो गई हूँ। समय ने बस मेरे भीतर की कुछ परतें धीरे-धीरे खोल दी हैं। मैं वही हूँ, पर थोड़ा और शांत, थोड़ा और सधी हुई। कुछ सपने नए जुड़े हैं, कुछ लोग पीछे छूट गए हैं, और मैं अपने ही रास्ते पर थोड़ी-सी बदल कर थोड़ी-सी सँवर कर चल पड़ी हूँ। हाँ मैं थोड़ा बदल गई हूँ।

- **रश्मि अभय**

यूँ सफर इस ज़ीस्त का आसान

यूँ सफर इस ज़ीस्त का आसान होना चाहिए सबसे पहले आदमी इंसान होना चाहिए। रंग मजहब औ किताबें क्या सिखाती नफरतें? प्यार तो मीरा **"तनुज"** रसखान होना चाहिए।

- **सतीश मैथिल तनुज**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन सम्पन्नता कारक रहेगा दिन के आरंभिक भाग में किसी महत्त्वपूर्ण कार्य का निर्णय लेने में दुविधा होगी।

वृषः आज आपके व्यक्तित्व में विकास होगा अधिकांश कार्यो को देखभाल कर ही करेंगे वाणी में मिठास रहेगी लेकिन मन मे कड़वाहट परिजनो से नही छुपा सकेंगे।

मिथुनः आज का दिन प्रतिकूल फलदायी रहेगा। दिन का पहला भाग नासमझी के कारण व्यर्थ खराब होगा। परिजनो से बिना कारण के ही फटकार सुननी पड़ेगी स्वभाव में उद्दंडता तो रहेगी।

कर्कः आज आपको लाभ की सम्भावना दिन के आरंभ से ही रहेगी कुछ शुभ प्रसंग घटने पर मानसिक रूप से निश्चिन्त रहेंगे।

सिंहः आज का दिन मिला-जुला फल देगा। आज आप जिस कार्य को करने का मन बनाएंगे उसके आरम्भ में पहले खराब सेहत बाधा डालेगी आरम्भ होने के बाद भी सरकारी अथवा अन्य आर्थिक कारणों से बीच मे छोड़ना पड़ा सकता है।

कन्याः आज के दिन से आप कुछ अधिक आशा लगाए रहेंगे दिन के मध्यान तक दिनचार्य सुव्यवस्थित रहेगी लेकिन मध्यान बाद से स्वभाव में लापरवाही आने के कारण अव्यवस्था बढ़ेगी।

तुलाः आज के दिन कोई भी निर्णय जल्दबाजी में ना ले वरना बाद में पछताना पड़ेगा परिस्थितियां आज हानिकारक बनी हुई है सही दिशा में जा रहा काम भी किसी की गलती से बिगड़ने की संभावना है।

वृश्चिकः आज का दिन राज-समाज मे आपकी प्रतिष्ठा बढ़ाएगा। आज कुछ ना करने पर भी आपका व्यक्तित्व बढ़ा हुआ रहेगा। लेकिन थोड़ी सी प्रशंसा पाकर अहम की भावना भी आएगी।

धनुः आज का दिन कार्यो में सफलता दिलाने वाला रहेगा परन्तु सफलता को धन के साथ ना जोड़े अन्यथा दुखी होना पड़ेगा। आर्थिके दृष्टिकोण से दिन पहले की तुलना में बेहतर रहेगा।

मकरः आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टिकोण से लाभदायक रहेगा। धर्म कर्म के प्रति आज निष्ठा रहेगी दान पुण्य करने के अवसर सुलभ होंगे इनका लाभ निकट भविष्य में किसी भी रूप में अवश्य मिलेगा।

कुंभः आज के दिन आप कुछ अभाव का अनुभव करेंगे फिर भी परिस्थिति के अनुसार स्वयं को ढाल लेना ही बेहतर समझेंगे। आज आप अपने स्वभाव में परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे।

मीनः आज दिन के आरंभ से ही मानसिक रूप से स्फूर्ति रहेगी सेहत उत्तम रहने पर भी आलस्य नही जाएगा। लेकिन दिनचार्य गई गति धीमी होने पर भी मध्यान बाद गंभीरता से कार्य कर कमियों की भरपाई कर लेंगे।

QUIZ TIME

1) जूडो में शिडो शब्द का प्रयोग किसलिए किया जाता है?

2) इंग्लैंड का बॉन्ड स्ट्रीट किस लिए मशहूर है?

3) किसके द्वारा रचित नागानंद, एक संस्कृत नाटक है, जिसमें नागों को बचाने के लिए विद्याधर राजा जिमुतवाहन के आत्म-बलिदान की लोकप्रिय गाथा का वर्णन है?

4) सर चार्ल्स विल्किन्स किस अनुवाद के लिए प्रसिद्ध है?

5) मोहिनीअट्टम की जननी किसके जीवन पर आधारित एक डॉक्यू-फिक्शन है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मामूली जुर्माना (2) ज्वैलरी और टेलरिंग (3) हर्षवर्धन (4) भगवद् गीता (5) कलामंडलम कल्याणीकुट्टी अम्मा

शब्द सागर

महाराजबंध तालाब से गीता नर्सरी क्षेत्र में हटाया गया कचरा, 80+ लोग रहे शामिल

ग्रीन आर्मी का धरना के साथ चौथे दिन जारी रहा सफाई अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। ऐतिहासिक महाराजबंध तालाब को बचाने की दिशा में ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ का संकल्प लगातार मजबूत दिख रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी और इस प्रोग्राम के डायरेक्टर शशिकांत यदु ने बताया कि, आज अभियान के चौथे दिन जहाँ एक ओर सदस्य सुबह से ही सफाई में जुटे रहे, वहीं दूसरी ओर तालाब संरक्षण को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने एक दिवसीय धरना भी आयोजित किया गया। ??आज की सफाई – गीता नर्सरी क्षेत्र में सुबह 7:30 बजे से सदस्य बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए और गीता नर्सरी के सामने फैले कचरे, प्लास्टिक, पॉलीथिन व विसर्जन सामग्री को तालाब से निकालकर साफ किया गया। लगभग 80 से अधिक लोगों की उपस्थिति ने स्पष्ट संकेत दिया कि शहरवासी तालाब को बचाने के लिए एकजुट हैं। एक दिवसीय धरना – तालाब संरक्षण की आवाज आज के धरना कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे,

चित्रकांत अग्रवाल, डॉ. अमर अग्रवाल, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रोग्राम डायरेक्टर शशिकांत यदु, डॉ. मनोज ठाकुर, हिमांशु तिवारी, किशनदीप सहित कई सदस्य दिनभर उपस्थित रहे। धरना में स्पष्ट रखा गया कि यदि नगर निगम द्वारा तालाब की समुचित सफाई शीघ्र नहीं कराई गई तो आगे निगम मुख्यालय एवं जोन कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जनसहयोग लगातार बढ़ रहा स्थानीय नागरिकों, युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों की निरंतर भागीदारी अभियान को और ताकत दे रही है। प्रतिदिन पंपलेट वितरण और मंदिर परिसर से माइक द्वारा लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।

क्या कहा पदाधिकारियों ने

प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने कहा– यह अभियान सिर्फकचरा हटाना नहीं, बल्कि तालाब को उसकी मूल सुंदरता वापस दिलाने का संकल्प है। प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रोग्राम डायरेक्टर शशिकांत यदु ने कहा– महाराजबंध तालाब रायपुर की धरोहर है। इसे बचाने की लड़ाई सिर्फग्रीन आर्मी की नहीं, बल्कि हर नागरिक की है। हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक तालाब अपनी असली चमक में नहीं लौट आता। ग्रीन आर्मी की अपील नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, संस्थाओं और समाजसेवी संगठनों से अपील की गई है कि वे इस मुहिम से जुड़कर तालाब संरक्षण और स्वच्छ पर्यावरण निर्माण में योगदान दें।

वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने किया इंडियन ओवरसीज बैंक की तीन शाखाओं का उद्घाटन

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा अपनी 3 नई शाखाएं, नया रायपुर शाखा-अटल नगर, समलवार शाखा, दांतेवाड़ा और मोवा शाखा रायपुर का मुख्य अतिथि ओ. पी. चौधरी वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं विशिष्ट अतिथि इंडियन ओवरसीज बैंक ,एमडी और सीईओ, अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिबन काट कर नया रायपुर और मोवा शाखा / तथा रिमोट बटन दबा कर समलवार शाखा का भव्य उद्घाटन किया गया ।मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने बैंक की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये पहला बैंक है जिसने जगरगुंडा और समलवार जैसे नक्सली प्रभावित क्षेत्र में शाखा खोल कर वहां की जनता तक वित्त सेवा देने में राज्य की सहायता की । उन्होने ये भी कहा, राज्य एवं जिला प्रशासन द्वारा

आईओबी की शाखा खोलने एवं बैंक का व्यापार बढ़ाने में, हर संभव सहायता की जाएगी।

कार्यक्रम में आईओबी के एमडी और सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, की उनका विशेष ध्यान रायपुर में अगले वित्त वर्ष तक आईओबी का व्यापार 6500 करोड़ से 15000 करोड़ बढ़ाने का है। उन्होने ये भी कहा कि अभी छत्तीसगढ़ में 54 शाखाएं हैं और वे इन्हें बढ़ाकर 66 तक ले जाना चाहते हैं। अभी हमारी शाखाएं, राज्य के 26 जिलों में हैं, और हम चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में हमारे शाखाएं खोली जाएंगी।

रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक गौरी शंकर नायक एवं समस्त रायपुर क्षेत्र के सदस्य उपस्थित हुए।

अभिव्यक्ति कौशल को निखारने, गीत, कविता, नुक्कड़ नाटक का आयोजन

आरंग/नवप्रदेश। सुरक्षित शनिवार के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में बच्चों की अभिव्यक्ति कौशल निखारने गीत, कविता,भाषण, नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए गीत, कविता, भाषण, नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए।इस मौके पर गीत कविता के साथ साथ बच्चों ने नाचा विधा से संबंधित नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति दी।जो बच्चों के लिए बड़ा ही आकर्षण का केंद्र रहा।इस मौके पर ग्राम के सरपंच देवशरण धीवर और उपसरपंच रवि बंजारे पहुंचकर बच्चों का उत्साह देख काफी प्रभावित हुए।उन्होंने कहा इस प्रकार के गतिविधियों से बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को अवसर मिलता है।

उत्तर-मध्य क्षेत्र में कड़ाके की ठंडः स्कूलों का समय बदला

- अगले 3 दिनों में कमजोर पड़ेगी शीतलहर, राहत की उम्मीद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अगले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं प्रदेश में शीत लहर की स्थिति कमजोर पड़ने की संभावना जताई गई है। हालांकि, प्रदेश के उत्तर और मध्य क्षेत्र में कड़ाके की ठंड जारी है।

इसके अलावा मौसम में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। दिसंबर में ठंड बढ़ने से स्किन से संबंधित समस्या बढ़ी हैं। इसी बीच ठंड के कारण दुर्ग जिले में स्कूल के टाइम में बदलाव किया गया है। प्राइमरी स्कूल में पहली पाली की क्लासेज सुबह 8 बजे

फाइलफोटो

स्वास्थ्य विभाग ने भी जारी की एडवाइजरी

स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवाइजरी जारी कर चेतावनी दी है कि अचानक तापमान में उतार-चढ़ाव से हाइपोथर्मिया, सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर का खतरा बढ़ सकता है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि शीतलहर के दौरान, केवल आवश्यकता होने पर ही यात्रा करें और बाहर निकलते समय पूरी तरह गर्म कपड़े पहनें।

से शुरू होंगी। वहीं, हायर सेकेंडरी की दूसरी पाली की क्लास दोपहर 12 बजे लगेंगी। नई टाइमिंग तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

यह 15 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। वहीं मेकाहारा में हर दिन औसतन 300-350 मरीज पहुंच रहे हैं। ज्यादातर को ड्राई स्किन, एक्जिमा और सोरायसिस की शिकायत है। डर्मेटोलॉजी डिपार्टमेंट के HOD डॉक्टर मृत्युंजय सिंह ने बताया- ठंड में ये आम है, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया तो खतरा बढ़ सकता है।

रायपुर में नगर निगम ने कई जगहों पर अलाव का इंतजाम किया

रायपुर में शीतलहर का असर बढ़ते ही नगर निगम ने आम लोगों को राहत देने के लिए शहर में अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी है। निगम ने 12 से अधिक लोकेशन पर रातभर अलाव जलवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि बेघर, राहगीरों और आम नागरिकों को ठंड से तुरंत राहत मिल सके ।रायपुर नगर निगम की मेयर मीनल चौबे और कमिश्नर विश्वदीप के निर्देशों के बाद सभी जोन कमिश्नरों और जोन हेल्थ अधिकारियों से रात में फील्ड में रहने और अलाव के इंतजाम की निगरानी करने को कहा गया है।

दरअसल, पिछले कुछ दिनों में ठंड बढ़ी है। 7 शहरों में तापमान 10एष्ट से नीचे पहुंच गया है, जिनमें मैनपाट, अंबिकापुर, पेंड्रा और जगदलपुर, बिलासपुर, दुर्ग और राजनांदगांव शामिल हैं। मैनपाट में रात का पारा 4एष्ट से नीचे चला गया और वहां ओस की बूंदें जमकर बर्फमें बदल गईं।

अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 5.3°C, पेंड्रा में 8.6°C और जगदलपुर में 8.2°C, दुर्ग में 8.2 डिग्री और राजनांदगांव में 9.5 डिग्री दर्ज किया गया था। पिछले 24 घंटे की बात करें तो सबसे अधिक तापमान 29.6°C दुर्ग में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.7°C अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया।

छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय स्तर पर तैलिक समाज का नया संगठन गठित

- एसोसिएशन की स्थापना, राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन' बने संस्थापक

रायपुर/नवप्रदेश। तैलिक समाज के सर्वांगीण विकास, एकजुटता और संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम पहल करते हुए छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय स्तर के संगठन ÷तैलिक समाज एसोसिएशन÷ की औपचारिक स्थापना की गई है। इस संगठन की स्थापना का नेतृत्व प्रदेश के युवा समाजसेवी एवं साहसिक खेलों में अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुके राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन' ने किया है।

नवगठित तैलिक समाज एसोसिएशन का उद्देश्य देशभर में फैले तैलिक समाज को एक साझा राष्ट्रीय मंच पर लाकर शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, युवा क्षमता विकास, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ठोस और प्रभावी पहल करना है। संगठन पूरी तरह गैर-राजनीतिक और गैर-व्यावसायिक स्वरूप में समाज सेवा के भाव से कार्य करेगा।

समाज के उत्थान के लिए स्पष्ट लक्ष्यः

संगठन के प्रमुख उद्देश्यों में तैलिक समाज को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त पहचान दिलाना, युवाओं और महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना, शिक्षा एवं कौशल विकास के लिए नई योजनाएं शुरू करना तथा समाज के आर्थिक- सामाजिक उत्थान हेतु पारदर्शी और जनहितकारी कार्यक्रम संचालित करना शामिल है।इस अवसर पर संस्थापक राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन' ने कहा कि तैलिक समाज एसोसिएशन का उद्देश्य केवल संगठन खड़ा करना नहीं, बल्कि समाज को उसका वास्तविक सम्मान और अधिकार दिलाना है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का समग्र विकास सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के बिना संभव नहीं है और यह संगठन उसी दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम है।

छत्तीसगढ़ सिख समाज द्वारा झटका-हलाल स्पष्टता अभियान

- धार्मिक भावनाओं की रक्षा एवं शासन के नियमों के पालन हेतु पोस्टर लगाओ अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सिख समाज द्वारा राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में शनिवार को झटका और हलाल चिकन-मटन स्पष्टता अभियान के अंतर्गत होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों, फाइव स्टार होटल एवं स्ट्रीट फूड ठेलों पर झटका व हलाल संबंधी पोस्टर लगाए गए। समाज का कहना है कि वर्तमान में अधिकांश भोजनालयों में यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं किया जाता कि परोसा जाने वाला नॉनवेज (चिकन-मटन) झटका है या हलाल, जिसके कारण उपभोक्ताओं के साथ धोखा हो रहा

है और यह सीधे-सीधे धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ है।

छत्तीसगढ़ सिख समाज के अनुसार, झटका खाने वालों को अज्ञानतावश हलाल मांस परोसा जा रहा है और हलाल का पालन करने वालों को झटका मांस खिलाया जा रहा है, जो न केवल धार्मिक मान्यताओं के विरुद्ध है बल्कि खाद्य सुरक्षा एवं उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन भी है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 (FSS Act), FSSAI के लेबलिंग व सूचना संबंधी प्रावधान तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अंतर्गत उपभोक्ता को भोजन की प्रकृति, स्रोत एवं विधि की स्पष्ट जानकारी देना अनिवार्य है। इसके बावजूद प्रदेश के अधिकांश भोजनालयों में इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा।

छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय स्तर पर तैलिक समाज का नया संगठन गठित

- एसोसिएशन की स्थापना, राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन' बने संस्थापक

रायपुर/नवप्रदेश। तैलिक समाज के सर्वांगीण विकास, एकजुटता और संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम पहल करते हुए छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय स्तर के संगठन ÷तैलिक समाज एसोसिएशन÷ की औपचारिक स्थापना की गई है। इस संगठन की स्थापना का नेतृत्व प्रदेश के युवा समाजसेवी एवं साहसिक खेलों में अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुके राहुल गुप्ता 'माउंटेन मैन' ने किया है।

नवगठित तैलिक समाज एसोसिएशन का उद्देश्य देशभर में फैले तैलिक समाज को एक साझा राष्ट्रीय मंच पर लाकर शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, युवा क्षमता विकास, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ठोस और प्रभावी पहल करना है। संगठन पूरी तरह गैर-राजनीतिक और गैर-व्यावसायिक स्वरूप में समाज सेवा के भाव से कार्य करेगा।

समाज के उत्थान के लिए स्पष्ट लक्ष्यः संगठन के प्रमुख उद्देश्यों में तैलिक समाज को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त पहचान दिलाना, युवाओं और महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना, शिक्षा एवं कौशल विकास के लिए नई योजनाएं शुरू करना तथा समाज के आर्थिक- सामाजिक उत्थान हेतु पारदर्शी और जनहितकारी कार्यक्रम संचालित करना शामिल है।

जी.डी. गोयनका इंटरनेशनल स्कूल रायपुर ने 'युगवेद' से किया मंत्रमुग्ध

- वैदिक ज्ञान से लेकर एआई नवाचार तक की यात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ एक बच्चे को बड़ा करने में सारे गाँव का योगदान लगता है एक अफ्रीकी कहावत - उक्त कहावत का हवाला देते हुए प्राचार्य रमेशचन्द्र खंकरियाल ने कहा कि जी.डी गोयंका उच्च गुणात्मक शिक्षा देन के लिए समर्पित है। जी.डी. गोयनका इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर ने युगवेद पीढ़ियों को जोड़नाः वेदों से एआई तक शीर्षक से एक शानदार आयोजन के साथ अपना 5वां वार्षिक

दिवस मनाया । यह शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति भारत की 1000 वर्षों की यात्रा का वर्णन करती है । यह आयोजन परंपरा और प्रौद्योगिकी का एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला संगम था, जो वेदों के प्राचीन मंत्रों से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अत्याधुनिक गणनाओं तक भारत के विकास को दर्शाता है।

इस वर्ष के कार्यक्रम की थीम भारत को एक जीवंत समयरेखा के रूप में श्रद्धांजलि थी। कार्यक्रम के दृष्टिकोण में बताया गया है, भारत सिर्फएक भूमि नहीं हैज भारत युगों से आकार लेती एक समयरेखा है। भारत अपनी आत्मा में आध्यात्मिक और अपने मन में वैज्ञानिक है ।

भाजपा सरकार के 2 साल खस्ताहाल : वंदना राजपूत

- अपराध का ग्राफ बढ़ा और अपराधी बेलगाम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने भारतीय जनता पार्टी की 2 साल की सरकार को खस्ता हाल बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में अपराध का ग्राफबढ़ा है और अपराधी बेलगाम होते जा रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर पड़ा है। हर तीन घंटे में एक महिला दुष्कर्म का शिकार हो रही हैं। सिर्फ बलात्कार ही नहीं हत्या, लूट, अपहरण जैसे अपराधों के मामलों में भी रायपुर प्रदेश में सबसे आगे है। आंकड़ों के मुताबिक दुष्कर्म के मामले में रायपुर पहले पायदान पर है, जबकि बिलासपुर दूसरे और कोरबा तीसरे नंबर पर है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि फरवरी 2025 के इन सब आंकड़ों में बलात्कार के आंकड़े सबसे ज्यादा चौकाने वाले हैं। प्रदेश में एक साल के भीतर बलात्कार के कुल 3191 केस दर्ज किए गए हैं। इस हिसाब से रोज प्रदेश में 8 से 9 महिलाएं दुराचार का शिकार बन रही हैं। इस तरह से छत्तीसगढ़ में हर 3 घंटे में एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना हो रही है।

बिजली बिल सरकारी प्रायोजित लूट का उदाहरण

- स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बिजली बिल सरकार प्रायोजित लूट के उदाहरण है। हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है, स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का यह अधिकार है कि अपनी वास्तविक खपत को जान सके। चेक मीटर का प्रावधान

पहले से ही था, लेकिन यह सरकार अपनी लूट पर परदेदारी करने के लिए चेक मीटर लगाने और मीटर चेक करवाने उपभोक्ताओं से 1000 और 1500 रुपए शुल्क लेने का प्रावधान कर दिया गया है, यदि मीटर में गड़बड़ी का आरोप उपभोक्ता लगा रहे हैं, तो उसे मुफ्त में चेक किया जाए, किसी भी तरह से अतिरिक्त शुल्क अनुचित है। यह प्रावधान सरकार ने गड़बड़ी छुपाने के लिये किया है। मीटर चेक शुल्क का प्रावधान तत्काल वापस ले सरकार।

भाजपा सरकार बिजली बिल के नाम पर जनता को लूट रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार ने बिजली के दाम चार बार बढ़ा दिया। 400 यूनिट हाफयोजना को बंद कर दिया। स्मार्ट मीटर लगा दिया इन सबसे बिजली के दाम बेतहाशा बढ़ गए, जनता परेशान है। सरकार, जनता को राहत देने के बजाय अब बिजली के दामों में 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार (एफपीपीएस) के रूप में अतिरिक्त चार्ज इस महीने से लगाने जा रही, इससे बिजली के दाम एक बार फिर से बढ़ेंगे। कांग्रेस, सरकार के इस निर्णय का विरोध करती है। सरकार, कोयले का सेस कम होने के कारण बिजली का दाम कम तो नहीं कर रही, ऊपर से एक नया टैक्स लगा रही।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 400 यूनिट तक छूट को आधी करके 200 यूनिट किया, उसमें भी यह शर्त लगा दिया गया कि खपत 400 यूनिट से अधिक होते ही सारी छूट, राहत, रियायत पूरी तरह खत्म। ऊपर से सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाकर अधिक वसूली कर रहे है। अधिक मुनाफाखोरी के लालच में यह सरकार अनाप-शनाप बिजली बिल वसूलने के लिए नए नए पैंतरे अपना रही है।

थर्ड जेंडर का नाम बिना दस्तावेज मतदाता सूची में कैसे जुड़ेगा चुनाव आयोग बताए

- 2014 में थर्ड जेंडर की मान्यता मिली, माता-पिता त्याग दिये ऐसे में नाम जुड़वाने दस्तावेज ये कहां से लायेंगे?

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा थर्ड जेंडर एसआईआर फार्म में 2003 की मतदाता सूची में खुद का या माता-पिता के नाम की जानकारी भरने को लेकर परेशान है। चुनाव आयोग द्वारा मांगी जा रही दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण वो एसआईआर फार्म भर नहीं पा रहे है। थर्ड जेंडर एसआईआर फार्म नहीं जमा करने के कारण मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं होने के बाद आने वाली समस्याओं को लेकर तनाव में है, ऐसे में चुनाव आयोग को उनकी समस्याओं का निराकरण करना चाहिये। माननीय न्यायालय ने 2014 में थर्ड जेंडर की मान्यता दी है। उसके पहले थर्ड जेंडर का मतदाता सूची में पुरुष के रूप में दर्ज थे, अब उन्हें थर्ड जेंडर दर्ज कराने में परेशान है, माता-पिता पहले ही उन्हें त्याग दिए है, ऐसे में माता-पिता की जानकारी भी उनके पास नहीं है।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि एसआईआर को लेकर थर्ड जेंडर के अलावा अन्य वर्ग को भी दस्तावेज जमा कराने में दिक्कत हो रही है। कई परिवार ऐसे है जिनकी माता-पिता की मृत्यु 2003 के पहले हो चुकी है। बस्तर में 2011 में नक्सली आतंक के कारण पलायन कर दूसरे राज्य चले गये है, उनका नाम कैसे जुड़ेगा? कई असहाय है जिनका इस दुनिया में कोई नहीं है, अनाथालय में रहते है, गोद लिये गये बच्चे जो अब वयस्क हो गये है।

इन सभी को फार्म भरने में कठिनाई हो रही है। कई परिवार ऐसे भी है जो वर्षों से छत्तीसगढ़ में रह रहे है, लेकिन रोजी मजदूरी के लिए बार-बार शहर बदलना पड़ा, उनका नाम कैसे जुड़ेगा? चुनाव आयोग को इनकी समस्याओं का निराकरण करना चाहिए।

■ न्यूज गैलरी

लोक अदालत में ग्रामीण लोगों के लिए जन सहयोग ने स्वल्पाहार का किया प्रबंध

कांकेर /नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था जन सहयोग ने शनिवार 13 दिसंबर को काँकेर ज़िला मुख्यालय के न्यायालय में आयोजित लोक अदालत में अपने- अपने प्रकरणों का अंतिम फैसला कराने आए हुए ग्रामीण मुवक्किलों के लिए दोपहर के स्वल्पाहार का शानदार प्रबंध किया। अक्सर लोक अदालत हेतु जिले के कोने-कोने से ग्रामीण आते हैं, जिन्हें यहां स्वल्पाहार हेतु बहुत अधिक समय तथा धन खर्च करना होता है । इससे राहत दिलाने हेतु ÷जन सहयोग संस्था÷ द्वारा अपने अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के निर्देशन में पक्षकारों के लिए दोपहर के स्वल्पाहार का बढ़िया इंतज़ाम कराया गया था जिसकी प्रशंसा माननीय न्यायमूर्ति एवं आम जनता द्वारा की गई। अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने अपना परिचय देते हुए माननीय न्यायमूर्ति जी से जन सहयोग संस्था द्वारा किए जा रहे विभिन्न समाज सेवा कार्यों का संक्षिप्त विवरण दिया। अध्यक्ष के अलावा आज के समाज सेवाकार्य में जन सहयोग के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र भाई दवे धर्मेंद्र देव भूतपूर्व सैनिक टी के जैन प्रवीण गुप्ता बसंत ठाकुर संजय कुंजाम करण नेताम सरकार ठाकुर शैलेंद्र देहारी, अखिलेश साहू इत्यादि ने भी उत्साह पूर्वक ग्रामीण जनों को स्वल्पाहार परोसने तथा अन्य कार्य समय अनुसार किये, ताकि दूर-दराज़ से आने वालों को कोई तकलीफ़ना हो। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय अमितेंद्र किशोर प्रसाद न्यायमूर्ति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर से काँकेर पधारे थे। प्रधान जिला न्यायाधीश माननीय संजीव कुमार तमक की अनुमति पर स्वल्पाहार का प्रबंध किया गया था।

निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयावधि में हो : सीईओ

कांकेर /नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने आज ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निर्माण कार्यों के साथ पंचायतों के कार्या की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तहत् अन्य प्रगतिरत कार्या एवं महतारी सदन सह सामुदायिक शौचालय के कार्या को समय पर गुणवत्तापूर्णढ़ग से समय सीमा में पूर्ण करने, अंतागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को तहसील कार्यालय अंतागढ़ के लिए स्थल उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कांकेर श्री विजय कुमार मांडवे को सभी प्रगतिरत कार्या का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया। जिले में सभी अप्रारंभ कार्या को तत्काल प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायतों में संचालित कार्यों को भी शीघ्रता से पूर्ण कराने व मूल्यांकन सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा उदय नाग, भानुप्रतापपुर जी.एल.चुरेन्द्र, दुर्गूकोंदल सुरेन्द्र कुमार बंजारे, कांकेर अश्वनी यादव नरहरपुर बेनु सुखदेवे, अंतागढ सुश्री स्वेता साहू चारामा जी.एस.कवर, कोयलीबेड़ा सी.एल.स्वर्णकार, अंतागढ सन्दीप रवि, भानुप्रतापपुर रविशंकर सोनी सहित सभी उपअभियंता उपस्थित थे।

धर्मान्तरण के खिलाफ आदिवासियों में आक्रोश

कांकेर /नवप्रदेश । धर्मान्तरण के खिलाफ आज सर्व समाज ने नगर में आक्रोश रैली निकाली. नरहरदेव ग्राउंड से मेला भाठा मैदान तक निकली रैली में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। रैली के दौरान कोई अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसके लिए भारी संख्या में रास्ते में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। रैली निकालने से पहले सर्व समाज की ओर से राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र भेजकर समाज की मांगें रखी गई थी। इसमें धर्म परिवर्तन करने वाले अनुसूचित जनजाति अथवा अनुसूचित जाति के व्यक्ति को तत्काल सूची से बाहर कर उसका एसटी-एससी दर्जा निरस्त करने, कांकेर एवं बस्तर के जनजातीय क्षेत्रों में जारी स्ज्ञ-स्ट प्रमाण पत्रों की व्यापक, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच करने, अवैध धर्मांतरण के विरुद्ध सदन में कड़े कानून बनाने और धर्मांतरित व्यक्तियों को आरक्षित सरकारी नौकरी, चुनाव, राजनीतिक पद और सभी आरक्षित लाभों से वंचित करने की मांग शामिल है। एसटी-एससी इसके अलावा ग्राम सभा की अनुमति और वैधानिक प्रक्रिया के बिना संचालित अवैध चर्च एवं प्रार्थना-स्थलों पर तत्काल कार्रवाई करने, क्षेत्र में सक्रिय मसीही मिशनरी संगठनों एवं एनजीओ की फंडिंग, स्रोत और गतिविधियों की उच्चस्तरीय जाँच कराने, ग्राम सभा के निर्णयों को कानूनी बाध्यता देने के साथ उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान, शीतला माता, ग्राम देवी, देवगुड़ी, माता-स्थान, बूढ़ा देव एवं अन्य पारंपरिक पूजा-स्थलों को कानूनी संरक्षण प्रदान, स्ज्ञ-स्ट योजनाओं लाभ लेने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और अब तक लिए गए लाभों की समीक्षा करने सहित अन्य मांगें रखी गई है।

धान खरीदी लिमिट कम होने से किसान हो रहे परेशान : अनूप नाग

केवल 10 प्रतिशत किसान ही बेच पाए है धान, टोकन लिमिट बढ़ाएं

अंतागढ़/नवप्रदेश। पूर्व विधायक अनूप नाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया है राज्य सरकार धान खरीदने में कंजूसी बरत रही है अंचल में धान खरीदी में कम लिमिट होने से किसान परेशान हो रहे किसान हितैषी कहने वाली ये भाजपा सरकार आज किसानों को टोकन तक नहीं दे पा रही, कम मात्रा में धान खरीदी से किसान अपनी बारी के का इंतजार कर रहा और उन्हें धान बेचने से पहले भारी परेशानी जद्दोजहद का सामना करना पड़ रहा है। खरीदी केंद्रों पर सुबह से लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन ऑनलाइन या ऑफ्लाइन किसी भी माध्यम से टोकन उपलब्ध नहीं हो पा रहे। क्योंकि कम लिमिट होने की वजह से जनवरी माह पहले सप्ताह तक लिमिट फूल हो चुका है अंतागढ़ समिति के अंतर्गत 2023 की संख्या में किसान पंजीकृत है जिसमें आज की तारीख तक मात्र 200 किसानों ने ही अपना धान बेच पाए है कहा जाय तो अभी तक 10 प्रतिशत ही धान खरीदी हो पाया है अभी 90 प्रतिशत किसान अभी भी बाकी है अगर यही लिमिट रही तो किसान अपना धान बेच ही नहीं पाएंगे क्योंकि धान खरीदी का समय जनवरी माह तक ही है बचे कुछ दिनों में 90 प्रतिशत किसानो का धान खरीद पाना संभव ही नहीं इस लिए शासन प्रशासन इसे गंभीरता ले

उनका यह भी आरोप है कि धान का उठाव बंद होने से खरीदी केंद्रों में जगह की भारी कमी हो गई है, जिससे जाम की स्थिति बन रही है। इस अव्यवस्था के कारण किसान अपनी उपज नहीं बेच पा रहे हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। उन्होंने टोकन लिमिट बढ़ाने और धान परिवहन नियमित करने की मांग की

टोकन लिमिट बढ़ाने की मांग

नाग ने शासन प्रशासन से तत्काल टोकन लिमिट बढ़ाये तथा लिमिट को 15 क्विंटल से बढ़ाकर 25 क्विंटल किया जाय जिससे बचे किसान अपना धान सुगमता से बेच सके साथ धान परिवहन को नियमित करने की मांग की ताकि बाद में जगह की समस्या न हो क्योंकि हर सत्र में धान उठाव न होने के चलते खरीदी प्रभावित होता हैं यहां तक कि धान खरीदी बंद करने की नौबत आ जाती है

अव्यवस्था के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया

नाग ने कहा कि भाजपा सरकार पर किसानों को जानबूझकर परेशान करने और खरीदी प्रक्रिया धीमी करने का आरोप लगाया, ताकि धान खरीदने से बचा जा सके। यदि समय पर समाधान नहीं हुआ, तो किसानों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा

कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण

कांकेर /नवप्रदेश। कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने जिले के सुदूर वनांचल में स्थित अंतागढ़ विकाखण्ड के ग्राम भैसासुर में स्थित धान खरीरी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान खरीदी की प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, नमी की जांच, रिकॉर्ड संधारण एवं किसानों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित प्रबंधक को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार पारदर्शी एवं सुचारू रूप से धान खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समय पर तौल, त्वरित भुगतान एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने केंद्र परिसर में साफ-सफाई, छाया, पेयजल तथा बैठने की उचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिये।

नगर में 24 घंटे के अन्दर आगजनी की दूसरी घटना, सूने मकान में लगी आग

■ घर का सारा समान जलकर खाक

अंतागढ़/नवप्रदेश। कल एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लग गई थी जिसे लोग भुला नहीं पाए थे वहीं नगर में 24 घंटे के भीतर आगजनी की दूसरी घटना सामने आई है बताया जा रहा है कि वार्ड क्रमांक 05 श्याम नगर (लाटापारा) का है जहां करीब 10 से 11 बजे के आसपास एक सूने मकान में आग लग गई। आग लगने की वजह घर में रखे सिलेंडर फटने से हुआ प्रत्यक्षदर्शियों के बताए अनुसार जब सिलेंडर फटा तो आसपास कुछ महिला पुरुष मौजूद थे उन्होंने बताया कि सिलेंडर फटने की आवाज आई तो हम सब सहम गए वहां भगाने के लिए जगह नहीं होने के कारण वही नीचे सब बैठ गए सिलेंडर फटकर ऊपर उठ दूसरे के यहां जा गिरा और घनी आबादी होने के कारण अफरा तफरी का माहौल बन गया लोग घर से निकल कर देखने लगे कि क्या हुआ जब माजरा सबको समझ आया तब लोग पानी लेकर आग बुझाने घर की ओर भगाने लगे, बड़ी मशक्कत से आग को बुझाया गया किंतु पूरा मकान जल गया। जब सिलेंडर फटा तो आग तेजी से फैल गई

जिससे पूरा मकान व उसके अंदर रखे समान जलकर खाक हो गया है। मकान कच्ची व बॉस बल्ली से बना हुआ था, जिसके ऊपर झिल्ली लगाया गया था आग लगने का कारण अज्ञात है गनीमत रही कि घटना के समय घर में कोई सदस्य नहीं होने से एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। मकान किसी पुलिस विभाग के कर्मचारी का बताया जा रहा है।

इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी थी आग

शनिवार को तकरीबन 3 बजे जनपद पंचायत कांपलेक्स नयापारा में स्थित एक मोटर रिवाइंडिग इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल्स दुकान में भीषण आग लग गई थी जिससे वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया था नगर पंचायत से पानी टैंकर मंगवा टुल्लू पम्प से आग बुझाने का प्रयास किया गया टुल्लू पम्प से आग पर काबू नहीं पाया गया जिसके बाद आस पास के घरेलू बोर से और सड़क निर्माण में लगे पानी टैंकर से दुकान में लगी आग को बड़े ही मशक्कत के बाद बुझाया गया।

अंतागढ़ नगर पंचायत, सांसद, विधायक का निवास ट्रिपल इंजन की सरकार फिर भी काम जीरो

इसे विडंबना ही कहा जाए कि इतने बड़े नगर पंचायत व सांसद विधायक के गृह ग्राम में फायर ब्रिगेड गाड़ी का नहीं होना सोचनीय विषय है अगर आज नगर पंचायत में फायर ब्रिगेड गाड़ी उपलब्ध रहता तो शायद आग पर काबू पाकर कल दुकान में रखे सामान को बचाया जा सकता था किंतु यहां के जनप्रतिनिधियों या अधिकारियों को इस ओर ध्यान ही नहीं दिया, जबकि कभी आग लग जाए तो भानुप्रतापपुर, कांकेर, नारायणपुर से फायरब्रिगेड गाड़ी के भरोसे रहना पड़ता है सांसद से लेकर विधायक, नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का निवास अंतागढ़ हैं किंतु काम की बात की जाए तो जीरो बंटा सन्नाटा है कुछ बड़ा विकास कार्य इस नगरवासियों को देखने नहीं मिला रहा । केंद्र से राज्य और नगर पंचायत में बैठे जनप्रतिनिधि और अधिकारी को जल्द ही फायर ब्रिगेड गाड़ी की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि जहां आग लगे तो गाड़ी उपलब्ध हो सके नहीं तो अगल:बगल पड़ोसियों के मुंह ताकना न पड़े ।

उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायमूर्ति अमितेन्द्र किशोर प्रसाद ने किया नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ

■ नेशनल लोक अदालत में 01 लाख 53 हजार 296 प्रकरणों का निराकरण

कांकेर /नवप्रदेश। जिले में आयोजित नेशनल लोक अदालत में विभिन्न मामलों का त्वरित, सौहार्दपूर्ण वं आपसी सहमति से 01 लाख 53 हजार 296 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिला न्यायालय कांकेर में आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के माननीय न्यायमूर्ति श्री अमितेन्द्र किशोर प्रसाद के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय न्यायमूर्ति जी ने कहा कि कांकेर की इस पुण्य धरा पर उपस्थित होकर मुझे अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है। यह एक प्राचीन नगरी है, जिसके विषय में मैंने पूर्व से बहुत सुना है। आज यहाँ आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, इसके लिए मैं आप सभी का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफ्ल बनाया। पोर्टफोलियो न्यायमूर्ति के रूप में आज इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि भविष्य में अधिक से अधिक पक्षकार न्यायालयीन विवादों से परे लोक अदालत के माध्यम से विवादों के समाधान की दिशा में अग्रसर होंगे।

लोक अदालत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए माननीय न्यायमूर्ति श्री अमितेन्द्र किशोर प्रसाद जी ने कहा कि यह एक ऐसा मंच है, जहाँ ऐसे विवादों का समाधान किया जाता है, जिनमें आपसी समझौते की संभावना होती है।

न्यायालयीन प्रक्रिया से हटकर, आपसी सहमति और सौहार्द के साथ मामलों का निपटारा करना लोक अदालत का मूल उद्देश्य है। मीडिएशन के पश्चात लोक अदालत विवादों के समाधान की एक प्रभावी व्यवस्था है, जहाँ पक्षकार मिल-जुलकर अपने विवादों का समाधान कर सकते हैं। माननीय न्यायमूर्ति ने कहा कि पारंपरिक न्यायालयों में पक्षकार, अधिवक्ता और न्यायालय के बीच प्रक्रिया चलती है, जबकि लोक अदालत में पक्षकार स्वयं अपने विवाद का समाधान करने का निर्णय लेते हैं। यह केवल समझौता नहीं, बल्कि विश्वास और सहमति का परिणाम होता है।

नाबालिग का अपरहण, बलात्कर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कांकेर /नवप्रदेश। थाना कोतवाली के अंतर्गत नाबालिग का अपरहण कर बलात्कार करने का मामला सामने आया है।नाबालिग से बलात्कार करने वाले आरोपी को उत्तर प्रदेश से कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी अनुसार 15सितंबर 2025 को प्रार्थी ने थाना कांकेर में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर कर अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट थाना कांकेर में अपराध क. 344/2025 धारा 137(2), बीएनएस बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान श्रीमान उ.म.नि./वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलिसेला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के मार्गदर्शन में मामले के संवेदनशीलता को देखते हुये तत्काल थाना कांकेर से टीम गठित कर रिपोर्ट दिनांक से लगातार अपहृता एवं अज्ञात आरोपी के पता तलाश के दौरान अपहृता एवं आरोपी नेमनगर जिला सुरत (गुजरात) से अपहृता को राहुल वर्मा पिता रामशिरोमणी वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम शरसीखाम पोस्ट शरसीडीह जिला प्रतापगढ़(उत्तर प्रदेश) के कब्जे से लाकर थाना कांकेर में उसके परिजन के समक्ष दस्तयाब किया गया है। एवं आरोपी राहुल वर्मा को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने पर धारा 65(1), 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई आरोपी राहुल वर्मा पिता रामशिरोमणी वर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम शरसीखाम पोस्ट शरसीडीह जिला प्रतापगढ़(उत्तर प्रदेश) को 14 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर आरोपी का कृत्य अजमानतीय होने पर रिमाण्ड तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

बालक-बालिका आवासीय रेसिडेंशियल विद्यालय में पदस्थ अनुदेशक एवं अनुदेशिकाओं का हो रहा शोषण

बीजापुर/नवप्रदेश। संभाग के चार जिलों में राजीव गांधी शिक्षा मिशन द्वारा संचालित बालक-बालिका आवासीय रेसिडेंशियल विद्यालय (पोटाकेबिन) में पदस्थ अनुदेशक एवं अनुदेशिकाओं का हालत हंगामा फिल्म के कलाकार राजपाल यादव के समान है। अनुदेशक एवं अनुदेशिकाओं को मंदिर का घंटा बनाकर रखा है। हमेशा अधिक्षिका एवं अधीक्षक व अधिकारी भय बना रहता है।कम वेतन में अधिक कार्य,ऊपर से मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान। ये बस्तर संभाग के 69 पोटा केबिन के 833 अनुदेशक हाल है।ना ही शासन की सुविधा का लाभ ना अन्य लाभ चौबीस घंटे सेवा के बाद भी सुध लेना ना शासन ने समझा ना ही प्रशासन ने तत्कालीन केन्द्र सरकार द्वारा लगभग 15 वर्ष पहले अति संवेदनशील व पिछड़े क्षेत्रों में सूदूरवर्ती ग्रामीण अंचलों के गरीब

आदिवासी बच्चे जो शिक्षा से वंचित या यों कहें कि शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा देने के लिए आवासीय विद्यालय में ब्रीज पाठ्यक्रम लागू किया, जिससे की पालकों में शिक्षा के अलख जगे। जिसका ग्रामीणों में सकारात्मक परिणाम मिला। जिसमें बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया। तत्कालीन केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के द्वितीय कार्यकाल में 2009 में प्रस्ताव पारित कर ब्रीज पाठ्यक्रम के स्थान पर राजीव गांधी शिक्षा मिशन का गठन किया गया। जिसमें बालक-बालिका आवासीय रेसिडेंशियल विद्यालय पोटाकेबिन संचालित किया गया। अतिसंवेदनशील और अति पिछड़े सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का उद्देश्य था। पोटाकेबिन में बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा अनुदेशक एवं अनुदेशिकाओं का भर्ती किया गया। इन लोगों का कार्य सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर शिक्षा से वंचित व शाला त्यागी बच्चों को लाकर शिक्षा, स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना। संभाग में चार जिले सुकमा , दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर राजीव गांधी शिक्षा मिशन में कार्यरत अनुदेशकों की संख्या लगभग -833 है। लेकिन अनुदेशक और अनुदेशिकाओं का ध्यान ना तो शासन, ना ही प्रशासन रख रहा है। विगत 15 वर्षों से शासन प्रशासन द्वारा इन्हें आश्वासन का झुनझुना थमा रहा है। चाहे भाजपा हो या कांग्रेस सरकार सभी ने मुंह फेर लिया। अनुदेशक और अनुदेशिकाओं दोनों नियमित शिक्षकों की भांति कार्य कर रहे हैं। नियमित शिक्षकों को 50- 60 हजार रुपए मासिक वेतन है। लेकिन अनुदेशक व अनुदेशिकाओं को वर्तमान में मात्र 16 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है।

इन्हें प्रारंभ में 12 सौ रुपए मिलता था।

पेज 1 का शेष

वित्तमंत्री ओपी ने विधानसभा में ...

खत्म होने वाला था। बढ़ी हुई अवधि के दौरान सदन में वंदे मातरम् पर चर्चा होगी।

भारत दुनिया की ...

यह 64 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। इससे वर्तमान पीढ़ी को विकास के बड़े अवसर मिलेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि इसी सोच के तहत छत्तीसगढ़ के लिए भी विकास का विजन तैयार किया गया है। 'विजन 2047' का उद्देश्य महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी को कम करना, शिशु मृत्यु दर में सुधार लाना और कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र की विकास दर को बढ़ाना है।

कार्य मंत्रणा समिति की बैठक: विधानसभा ...

के समय निर्धारण को लेकर विचार-विमर्श किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बैठक में सदन की कार्यवाही को सुव्यवस्थित, समयबद्ध और प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए और सदन की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

कांग्रेस ने पहले दिन के सत्र ...

जिसमें तथ्यों और आंकड़ों के साथ जवाब देने पर चर्चा होना बाकी है।

एआई क्षेत्र में दुनिया का...

दुनिया की एआई विकास यात्रा में अहम भूमिका निभा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका एआई के मामले में दुनिया में पहले स्थान पर है, जिसका स्कोर 78.6 है। चीन दूसरे स्थान पर है और उसका स्कोर 36.95 है। वहीं, भारत तीसरे स्थान पर है, जिसका स्कोर 21.59 है। इस लिस्ट में भारत ने दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, सिंगापुर, जापान, कनाडा, जर्मनी और फ्रांस जैसे विकसित देशों को भी पीछे छोड़ दिया है।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सूडान ...

कानून के तहत युद्ध अपराध माना जा सकता है और मैं संघर्ष के सभी पक्षों को यूएन कर्मियों और नागरिकों की रक्षा करने के उनके दायित्व की याद दिलाता हूं। जवाबदेही तय होनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने एक बार फिर सूडान में लड़ रहे पक्षों से तुरंत हिंसा रोकने और स्थायी युद्धविराम के लिए बातचीत शुरू करने की अपील की।

राजनीतिक उथल-पुथल का ...

का दावा किया। 'वोट चोरी से आजादी' अभियान चला और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग की बात हुई। भाजपा ने इसे हार का बहाना बताया। यह विवाद पूरे साल चर्चा में रहा और चुनावी संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाए।

राजनीतिक तूफान खड़ा किया : ट्रंप के भारत को 'डेड इकोनॉमी' (मृत अर्थव्यवस्था) कहने वाले बयान ने भी देश में राजनीतिक तूफान खड़ा किया। अगस्त 2025 में ट्रंप ने सोशल मीडिया पर भारत के ऊंचे आयात शुल्कों की आलोचना करते हुए कहा कि भारत अमेरिका के साथ 'बहुत कम कारोबार' करता है और यह एक 'मृत अर्थव्यवस्था' है।

आंदोलन के दौरान लेह में हिंसा: जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की सितंबर 2025 में एनएसए के तहत गिरफ्तारी ने भी बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया। लद्दाख को पूर्ण राज्य दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के दौरान लेह में हिंसा हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। सरकार ने वांगचुक पर उकसाने का आरोप लगाया, जबकि विपक्ष और कार्यकर्ताओं ने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया। कांग्रेस और अन्य दलों ने गिरफ्तारी की निंदा की और सरकार पर शांतिपूर्ण आंदोलन को दबाने का आरोप लगाया।

हजारों विस्थापित हुए : मणिपुर में 2023 से चली आ रही जातीय हिंसा 2025 में भी जारी रही। 200 से ज्यादा मौतें हुईं और हजारों विस्थापित हुए। सरकार पर हिंसा रोकने में नाकामी का आरोप लगा। साथ ही, सीएए के तहत नागरिकता देने और रोहिंग्या शरणार्थियों पर सख्ती से अल्पसंख्यक अधिकारों का विवाद बढ़ा।

पारिवारिक विवाद सुर्खियों में : साल 2025 बिहार की सियासत में लालू प्रसाद यादव का पारिवारिक विवाद भी सुर्खियों में रहा। मई में लालू ने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया, जिसकी वजह सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्ट बताई गई।

सीजफायर करवाने ...

संसद में चर्चा की मांग की।

ऑपरेशन सिंदूर सबसे बड़ी ...

का दावा किया। 'वोट चोरी से आजादी' अभियान चला और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग की बात हुई। भाजपा ने इसे हार का बहाना बताया। यह विवाद पूरे साल चर्चा में रहा और चुनावी संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाए।

राजनीतिक तूफान खड़ा किया : ट्रंप के भारत को 'डेड इकोनॉमी' (मृत अर्थव्यवस्था) कहने वाले बयान ने भी देश में राजनीतिक तूफान खड़ा किया। अगस्त 2025 में ट्रंप ने सोशल मीडिया पर भारत के ऊंचे आयात शुल्कों की आलोचना करते हुए कहा कि भारत अमेरिका के साथ 'बहुत कम कारोबार' करता है और यह एक 'मृत अर्थव्यवस्था' है।

आंदोलन के दौरान लेह में हिंसा : जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की सितंबर 2025 में एनएसए के तहत गिरफ्तारी ने भी बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया। लद्दाख को पूर्ण राज्य दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के दौरान लेह में हिंसा हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। **हजारों विस्थापित हुए :** मणिपुर में 2023 से चली आ रही जातीय हिंसा 2025 में भी जारी रही। 200 से ज्यादा मौतें हुईं और हजारों विस्थापित हुए। सरकार पर हिंसा रोकने में नाकामी का आरोप लगा। साथ ही, सीएए के तहत नागरिकता देने और रोहिंग्या शरणार्थियों पर सख्ती से अल्पसंख्यक अधिकारों का विवाद बढ़ा।

पारिवारिक विवाद सुर्खियों में : साल 2025 बिहार की सियासत में लालू प्रसाद यादव का पारिवारिक विवाद भी सुर्खियों में रहा। मई में लालू ने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया, जिसकी वजह सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्ट बताई गई। **'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ :** साल के अंत में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर संसद में हुई चर्चा राजनीतिक विवाद का केंद्र बन गई। सत्तापक्ष ने बहस के दौरान कांग्रेस पर आरोप लगाया कि नेहरू ने मुस्लिम लीग की मांग पर गीत के छंद हटाकर इसे 'खंडित' किया, जो तुष्टिकरण की राजनीति थी। इससे देश के विभाजन के बीज बोए गए। विपक्ष ने इन आरोपों पर पलटवार किया।

न्यूज गैलरी

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान: विद्यार्थियों को बाल विवाह रोकने दिलाई शपथ

एमसीबी/नवप्रदेश। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला में महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में संचालित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में जन-जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इस क्रम में आईटीआई कॉलेज चिरमिरी, पॉलिटेक्निक कॉलेज चिरमिरी तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ी में विद्यार्थियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। कानून अनुसार लड़कों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं लड़कियों के लिए 18 वर्ष अनिवार्य है; निर्धारित आयु से पूर्व विवाह कराना दंडनीय अपराध है। कार्यक्रम में 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन एवं 181 महिला हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने बाल विवाह न करने और न होने देने की शपथ ली। कार्यक्रम में प्राचार्य, शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

प्रशासन गांव की ओर 2025 राष्ट्रव्यापी अभियान

सुशासन सप्ताह के लिए विस्तृत मीडिया योजना जारी

एमसीबी/नवप्रदेश। भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित होने वाले राष्ट्रव्यापी अभियान 'प्रशासन गाँव की ओर 2025' के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश एवं मीडिया योजना जारी की गई है। यह अभियान 19 से 25 दिसंबर 2025 तक पूरे देश में आयोजित होगा। इसका उद्देश्य जन-शिकायत निवारण प्रणाली को सशक्त बनाना तथा सेवा वितरण में सुधार को प्रदर्शित करना है। निर्देशों के अनुसार राज्य, केंद्र शासित प्रदेश एवं जिला प्रशासन प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में व्यापक प्रचार करेंगे। अभियान के दौरान सुशासन से जुड़ी श्रेष्ठ प्रथाओं का प्रसारण आकाशवाणी एवं डीडी न्यूज़ पर किया जाएगा। यह मीडिया योजना सुशासन, पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित प्रशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

जिले में अब तक 6.68 लाख क्विंटल से अधिक धान उपार्जन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से धान खरीदी प्रक्रिया जारी है।

दुर्गम क्षेत्र ग्राम बिलकोना में प्रशासन की आवास चौपाल, पहाड़ी कोरवा समुदाय के बीच पहुंचीं जिपं सीईओ

ज़मीन पर बैठकर ग्रामीणों से की आत्मीय संवाद

*जनमन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने किया प्रेरित

बलरामपुर/नवप्रदेश। शंकरगढ़ विकासखंड के दुर्गम एवं पहाड़ी क्षेत्र में स्थित बिलकोना गांव में जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर पहाड़ी कोरवा समुदाय के बीच पहुंची जहां प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत आयोजित आवास चौपाल के दौरान उन्होंने ज़मीन पर बैठकर सहज संवाद करते हुए ग्रामीणों की समस्याएँ आत्मीयतापूर्वक सुनीं।

जिला पंचायत सीईओ तोमर ने पहाड़ी कोरवा समुदाय के आवास, आधारभूत सुविधाओं, राशन, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। आवास चौपाल के दौरान पीएम-जनमन योजना के तहत जनजातीय परिवारों को शासन की योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि शासन-प्रशासन पहाड़ी कोरवा जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में गांव तक पहुँचने

के लिए पुल नहीं होने के कारण नदी पार कर निर्माण सामग्री लानी पड़ती थी, जिससे आवास निर्माण कार्य अत्यंत धीमा था। कई बार भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब पुल निर्माण हो जाने से गांव की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है, जिससे आवास निर्माण को नई गति मिलेगी। जिला पंचायत सीईओ ने इसे गांव के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए हितग्राहियों से समयबद्ध रूप से आवास निर्माण पूर्ण करने की अपील की। आवास चौपाल में सीईओ तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना का उद्देश्य केवल घर बनाना नहीं, बल्कि विशेष पिछड़ी जनजातियों परिवारों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने हितग्राहियों से कहा कि योजना के अंतर्गत प्राप्त राशि का उपयोग केवल आवास निर्माण में ही करें। उन्होंने हितग्राहियों को चरणबद्ध शीघ्र आवास पूर्ण करने की हिदायत दी। ताकि समय से किस्त जारी किया जा सके। इस दौरान सीईओ ने सरपंच एवं सचिव को निर्देश दिए कि आवास निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री रेत, ईंट, सीमेंट आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही हितग्राहियों को योजना की समस्त जानकारी चरणबद्ध रूप से दी जाए, ताकि किसी भी स्तर पर भ्रम या विलंब न हो। उन्होंने पहाड़ी कोरवा परिवारों को भरोसा दिलाया कि प्रशासनिक टीम इस कार्य में हरसंभव सहयोग करेगी। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को कुल 2.39 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। इसमें 40,000 रुपये पहली किस्त के रूप में प्लिंथ स्तर तक निर्माण हेतु, 60,000 रुपये दूसरी किस्त छत स्तर तक निर्माण हेतु, 80,000 रुपये तीसरी किस्त पूर्ण आवास निर्माण हेतु तथा पूर्ण किए जाने पर 20,000 रुपये दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त शौचालय निर्माण एवं मनरेगा मजदूरी के लिए 39,000 रुपये की अतिरिक्त सहायता का भी प्रावधान है। संपूर्ण राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खातों में सीधे अंतरित की जाती है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होती है।

खनिज विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में, सिर्फ कार्रवाई की बात करते हैं जिम्मेदार

चौबीस घंटे नवापारा हसदेव नदी से रेत की तस्करी, हाइवा में रेत किया जा रहा लोड

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले के नवागढ़ ब्लॉक के नवापारा केवा भादा क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन खुलेआम जारी है नदी के अंदर जेसीबी मशीनें लगाकर सीधे हाइवा में रेत भरी जा रही है यह पूरा खेल दिन के उजाले में हो रहा है और चार किलोमीटर दूर से भी हाइवा की आवाजाही साफ दिख जाती है इसके बावजूद खनिज और राजस्व विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद अवैध उत्खनन रुक नहीं रहा, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं ।

दिखावटी कार्रवाई, असली खेल जारी

खनिज विभाग द्वारा समय-समय पर की जाने वाली कार्रवाई स्थानीय लोगों के मुताबिक केवल औपचारिकता बनकर रह गई है कभी-कभार एक-दो ट्रैक्टर या छोटे वाहन पकड़कर यह दिखाने की कोशिश होती है कि विभाग सक्रिय है, लेकिन बड़े स्तर पर चल रहे अवैध उत्खनन पर कोई असर नहीं पड़ता रोजाना सैकड़ों हाइवा रेत लेकर बिलासपुर और जांजगीर की ओर रवाना हो रहे हैं, जबकि स्थायी निगरानी या नियमित जांच व्यवस्था का अभाव साफ दिखाई देता है । रेत कारोबार से जुड़े लोगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे खुलेआम कहते हैं कि खनिज विभाग के भीतर उनके आदमी मौजूद हैं। उनका दावा है कि जैसे ही अधिकारी फील्ड में निकलते हैं, पहले से सूचना मिल जाती है और तब तक मशीनें और वाहन हटा लिए जाते हैं। यह कथित गठजोड़ अब क्षेत्र में सार्वजनिक चर्चा का विषय बन चुका है, जिससे अवैध खनन को रोकना और कठिन होता जा रहा है।

राजस्व विभाग के कार्यशैली पर भी उठ रहे सवाल

नवापारा में राजस्व विभाग पर भी आरोप लग रहे हैं कि वे कभी मौके पर दौरा करने नहीं गए और न ही स्वयं पहुंचकर स्थिति की जांच की स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में इतने बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन चल रहा है, इसके बावजूद राजस्व विभाग की मौजूदगी कभी नदी किनारे देखने को नहीं मिली न कोई आकस्मिक निरीक्षण, न ही संयुक्त जांच टीम के साथ मौके पर पहुंचने की पहल प्रशासनिक अधिकारियों की यह दूरी सवाल खड़े कर रही है कि क्या उन्हें जमीनी हकीकत की जानकारी नहीं है या जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है । राजस्व पुलिस विभाग की भूमिका पर भी उंगलियां उठ रही हैं, क्योंकि भूमि, नदी और शासकीय संसाधनों की निगरानी उनकी जिम्मेदारी में आती है, फिर भी मौके पर उनकी सक्रियता शून्य दिखाई देती है मौके से गैरहाजिरी ने इस अवैध नेटवर्क को और मजबूत कर दिया है।

> कुछ दिन पहले गए थे कार्यवाही के लिए वहां कोई नहीं मिला सभी भाग गए थे, जल्द ही टीम बना कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।
>
> **राजकुमार मरावी**
> तहसीलदार, जांजगीर

हैंडपंप मरम्मत अभियान से पेयजल संकट दूर, ग्रामीणों के चेहरे खिले

एमसीबी/नवप्रदेश। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला के विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कतवार के ग्राम कुदरी एवं देवसिल में लंबे समय से व्याप्त पेयजल समस्या का समाधान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैंडपंप मरम्मत अभियान से हो रहा है। अभियान के तहत क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में खराब पड़े हैंडपंपों को दुरुस्त किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। हैंडपंप टेक्नीशियन पिंटू कुमार एवं उनकी टीम ने मौके पर पहुँचकर निष्क्रिय हैंडपंपों की तकनीकी जांच की। इस दौरान सिलेंडर परिवर्तन, पाइपलाइन परीक्षण, रस्सी-पिस्टन की मरम्मत, वाल्व की सफाई एवं आवश्यक पुर्जों का प्रतिस्थापन किया गया। मरम्मत उपरांत हैंडपंपों से स्वच्छ जल उपलब्ध होने लगा, जिससे ग्रामीणों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ दिखाई दी। ग्रामीणों ने बताया कि अब उन्हें पानी के लिए दूरस्थ स्रोतों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र के सभी खराब हैंडपंपों की सूची तैयार कर ली गई है और गर्मी के मौसम से पूर्व सभी पेयजल स्रोतों को सुचारु करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीणों ने इस पहल को दैनिक जीवन के लिए 'संजीवनी' बताते हुए विभागीय टीम की सराहना की।

मनरेगा से जिले में स्थायी आजीविका को मिला नया आधार

एमसीबी/नवप्रदेश। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला में जिला प्रशासन द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से रोजगार के साथ स्थायी आजीविका सृजन पर विशेष फोकस किया जा रहा है। दिसंबर माह में रोजगार सृजन को गति देने हेतु खड़गवां जनपद को 3 करोड़, मनेंद्रगढ़ को 3.26 करोड़ तथा भरतपुर को 6.95 करोड़ रुपये के कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है, जिससे हजारों जॉब कार्डधारी परिवारों को स्थानीय रोजगार मिलेगा। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिले में आजीविका डबरी निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। 1000 से अधिक डबरी निर्माण का लक्ष्य निर्धारित है, जिनमें से 164 से अधिक कार्य स्वीकृत हो चुके हैं। इनके साथ फलदार पौधरोपण से अतिरिक्त आय के अवसर सृजित होंगे। साथ ही मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत तालाब, परकोलेशन टैंक, चेक डैम, कंटूर ट्रेंच सहित जल संरक्षण कार्य कराए जा रहे हैं। यह समन्वित प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

समुदाय के लिए मनरेगा से बने रिचार्ज पिट, हजारों लीटर जल हो रहा भूमिगत

एमसीबी/नवप्रदेश। जल है तो कल है की भावना को साकार करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रारंभ किए गए मोर गांव-मोर पानी अभियान के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला में जल संरक्षण के प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत निर्मित रिचार्ज पिट व्यर्थ बहने वाले पानी को भूमिगत कर भू-जल स्तर बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। ये रिचार्ज पिट आंगनबाड़ी केंद्रों, हैंडपंपों, विद्यालय परिसरों, पंचायत भवनों तथा सामुदायिक व उप-स्वास्थ्य केंद्रों के पास बनाए गए हैं। जनपद खड़गवां में 50, भरतपुर में 38 तथा मनेन्द्रगढ़ में 38 स्थानों पर रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया है। जिला पंचायत एमसीबी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम के अनुसार जिले में कुल 126 रिचार्ज पिट बनाए गए हैं, जिन पर लगभग 40 हजार रुपये प्रति इकाई की लागत आई है। इससे हजारों लीटर पानी भविष्य के लिए सुरक्षित हो रहा है और जल संरक्षण को स्थायी आधार मिल रहा है।

उन्मुखीकरण कार्यशाला का आज होगा आयोजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु राज्य शासन द्वारा 'बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान' का संचालन किया जा रहा है। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन तथा तय किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला 15 दिसंबर 2025 को दोपहर 12:00 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने सर्व सम्बन्धितों को निर्धारित समय में कार्यशाला में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

सघन कुष्ठ खोज अभियान: घर-घर पहुंच रही स्वास्थ्य विभाग की टीम

एमसीबी/नवप्रदेश। राज्य में कुष्ठ रोग उन्मूलन के लक्ष्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सघन कुष्ठ खोज अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समुदाय में संक्रमण की रोकथाम के साथ-साथ संभावित रोगियों की प्रारंभिक पहचान एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करना है, जिससे कुष्ठ से होने वाली विकलांगता को रोका जा सके। राज्य शासन के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने 5 दिसंबर 2025 को समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं बीपीएम की बैठक लेकर 8 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक अभियान संचालित करने के निर्देश जारी

किए। वहीं कलेक्टर डी. राहुल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित कर व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विभागीय समन्वय पर जोर दिया गया। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर त्वचा पर दाग, सुन्नपन एवं अन्य लक्षणों की जांच कर रही हैं। धनात्मक लक्षण मिलने पर रोगियों का तत्काल उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे स्वास्थ्य टीमों को बताते हुए जांच कराएं, ताकि जिले को कुष्ठ-मुक्त बनाया जा सके।

उत्साहपूर्ण वातावरण में नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा आयोजित

एमसीबी/नवप्रदेश। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा रविवार को उत्साहपूर्ण,शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। ठंड के मौसम के बावजूद ग्रामीण एवं शहरी अंचलों से बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को परीक्षा केंद्रों तक लेकर पहुँचे, जिससे परीक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। जिले में 11 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। प्रवेश परीक्षा के आयोजन हेतु जिले में कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, भरतपुर विकासखंडः 4 केंद्र, खड़गवां विकासखंडः 4 केंद्र व मनेन्द्रगढ़ विकासखंडः 3 केंद्र सभी केंद्रों पर प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा के दौरान सुरक्षा, अनुशासन और समय-प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई।

उपस्थिति 81 प्रतिशत से अधिक

इस वर्ष नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए जिले से 3570 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया था। इनमें से 2877 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस प्रकार परीक्षा में लगभग 81 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

केनापारा, बैकुंठपुर के लिए चयन प्रक्रिया

परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थी पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, केनापारा, बैकुंठपुर में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रहे थे।

अभिभावकों ने की आवासीय शिक्षा प्रणाली की सराहना

परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित अभिभावकों ने नवोदय विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों वाले ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यह विद्यालय उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। इसी क्रम में कई अभिभावकों द्वारा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में पृथक जवाहर नवोदय विद्यालय की शीघ्र स्थापना की मांग भी की गई, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को अपने ही जिले में उच्च स्तरीय शिक्षा उपलब्ध हो सके। कुल मिलाकर जिले में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन सफल, सुव्यवस्थित एवं उत्साहवर्धक रहा।

योजना ट्रेन को सभापति, नगर पालिक निगम अंबिकापुर हरमिंदर सिंह टिन्नी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना: सरगुजा जिले के 207 श्रद्धालु विशेष ट्रेन से मथुरा-वृन्दावन रवाना

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आज शनिवार को सरगुजा जिले के तीर्थ यात्रियों को लेकर एक विशेष ट्रेन अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से मथुरा, वृन्दावन एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए रवाना हुई। ट्रेन को सभापति, नगर पालिक निगम अंबिकापुर हरमिंदर सिंह टिन्नी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया, मेंबर इन काउंसिल नगर पालिक निगम, प्रियंका गुप्ता, पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि

उपस्थित रहे। अतिथियों ने तीर्थ यात्रियों को सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। उप संचालक, समाज कल्याण विभाग सरगुजा व्ही. के. उके ने बताया कि इस यात्रा में सरगुजा जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं नगरीय निकायों से कुल 207 यात्री शामिल हैं। इनमें जनपद पंचायत लखनपुर, मैनपाट, लुण्ड्रा, अंबिकापुर, बतौली, सीतापुर एवं उदयपुर से 23-23 यात्री, नगर निगम अंबिकापुर से 23, नगर पंचायत लखनपुर से 11 तथा नगर पंचायत सीतापुर से 11 यात्री, साथ ही 01 जिला नोडल अधिकारी एवं अनुरक्षक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि तीर्थ यात्रियों की यह यात्रा 16 दिसम्बर 2025 को सकुशल वापसी के साथ पूर्ण होगी। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा रेलवे एवं आईआरसीटीसी के कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

घर में जाकर शिकायत करना पड़ा महंगा- महिला ने महिला को पीटा, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अमगसी में एक महिला ने दूसरे महिला को पीटा प्रार्थिया के शिकायत पर लखनपुर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक काति दास पति श्याम दास उम्र 25 वर्ष साकिन अमगसी थाना लखनपुर ने थाना उपस्थित आकर अपने साथ हुये मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है दरअसल प्रार्थिया 12 सितंबर दिन शुक्रवार की शाम करीब 8 बजे अपने पड़ोसी बसंती दास के घर यह बताने गई थी कि उसका लड़का लक्ष्मण दास उसके पति श्याम दास को अक्सर मारने पीटने की धमकी देते रहता है। उसको समझाओ ?। बेटे की शिकायत सुनते ही बसंती दास प्रार्थी कांति दास के उपर भड़क उठी और बोली मेरे घर में आकर मेरे बेटे की शिकायत कर रही है आज तुझे जान से मार कर फेंक दूंगी। और हाथ मुक्के डड़े से जमकर पिटाई कर दी। जिससे महिला के सिर कमर में चोट लगी है। शिकायत पर लखनपुर पुलिस ने धारा सदर 296 (ख) 351(3)115 (2) बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना कार्यवाही में लिया है।

न्यूज गैलरी

18 दिसंबर को सभी रेलवे स्टेशनों में पंथी गीत का प्रसारण हो

नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने रेलवे जीएम को लिखी चिट्ठी

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महा प्रबंधक को एक पत्र प्रेषित करते हुए गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती (18 दिसंबर) के अवसर पर भाटापारा सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के सभी रेलवे स्टेशनों पर पंथी गीत का प्रसारण करने का अनुरोध किया है।

नपा अध्यक्ष शर्मा ने महाप्रबंधक को अवगत कराया कि प्रतिवर्ष 18 दिसंबर को सतनामी समाज सहित समस्त प्रदेशवासी गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाते हैं। बाबा जी के दिव्य उपदेश– सत्य, अहिंसा, समानता और मानव सेवा– समाज को एकता के पथ पर अग्रसर करने की प्रेरणा देते हैं तथा जनकल्याण की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं।नपा अध्यक्ष ने

कहा कि छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर रेलवे स्टेशनों में राज्य गीत के प्रसारण की पहल को जनमानस से अत्यधिक सराहना मिली है इसी सकारात्मक भावना को आगे बढ़ाते हुए, गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती पर पंथी गीत का प्रसारण किए जाने से उनके प्रेरणादायी विचार न केवल यात्रियों तक पहुँचेंगे बल्कि सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक गौरव को भी सुदृढ़ करेंगे।

घुटकेल उपार्जन केंद्र में धान खरीदी जोरों पर

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के अंतिम छोर स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, घुटकेल (पंजीयन क्रमांक ङ्क 716) में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य जोरों पर जारी है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसानों की आवक से खरीदी केंद्र में बोरी की मात्रा तेजी से बढ़ रही है, साथ नगरी, साकरा, सेमरा, बेलर, घटुला ,उमरगांव ,फरसिया ,सिहावा,कसपुर, घुटकेल, गढ़डोगरी,सहित केन्द्र पर उठाव नहीं हो रहा है जिसके चलते परिसर में जगह की कमी महसूस होने लगी है।किसानों ने बताया कि केंद्र में धान खरीदी सुचारू रूप से चल रही है, लेकिन धान उठाव समय पर नहीं होने से भारी मात्रा में स्टॉक जमा हो गया है। धान के ऊँचे ढेर लग जाने से नई आवक के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराना कठिन होता जा रहा है। किसानों ने संबंधित विभाग से शीघ्र धान उठाव की मांग की है, ताकि खरीदी कार्य निर्बाध रूप से जारी रह सके। उपार्जन केंद्र प्रबंधक ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को पारदर्शी, गुणवत्तायुक्त और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी तैयारियाँ पहले ही पूरी कर ली गई हैं। शासन के निर्देश पर केंद्र में निगरानी समिति का गठन किया गया है, जो गुणवत्ता परीक्षण, निरीक्षण एवं खरीदी प्रक्रिया की निरंतर निगरानी कर रही है।

कलेक्टर यादव ने धान खरीदी के मद्देनजर समितियों के नोडल अधिकारी, पटवारी, समिति प्रबंधक एवं ऑपरेटर की बैठक ली

■ किसान के पर्चे पर अवैध धान खपाने का प्रयास करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई करें

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के मद्देनजर समितियों के नोडल अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं ऑपरेटर्स की बैठक ली। कलेक्टर ने किसान के पर्चे पर अवैध धान खपाने का प्रयास करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय सीमाओं पर अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए लगातार मानिटरिंग जारी रखें। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को धान की बिक्री करने में किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होना चाहिए। उन्होंने छोटे किसानों का धान प्राथमिकता से पहले खरीदने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्रों में धान के सुरक्षित रखरखाव एवं भंडारण के लिए कहा। उन्होंने सभी समिति प्रबंधकों, अधिकारियों एवं धान खरीदी कार्य में लगे अन्य कर्मचारियों को समन्वित तरीके से कार्य करने कहा।

कोचियों एवं बिचौलियों की जानकारी मिलने पर फोन के माध्यम से सूचित करें

किसी भी किसान को कोचियों एवं बिचौलियों की जानकारी मिलने पर फोन के माध्यम से सूचित करें। उनकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन समितियों के प्रबंधक एवं ऑपरेटर को सम्मानित किया गया। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने धान उपार्जन केन्द्र बागरेकसा के समिति प्रबंधक नीलकंठ साहू, धान उपार्जन केन्द्र कोकपुर के समिति प्रबंधक कुंदन साहू एवं ऑपरेटर रोजश सोनकर, धान उपार्जन केन्द्र छुरिया के समिति प्रबंधक हुकुम साहू एवं ऑपरेटर लोकेन्द्र को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएमओ हीना खान, सहायक खाद्य अधिकारी द्रोण कामड़े सहित समिति के नोडल अधिकारी, समिति प्रबंधक, पटवारी, ऑपरेटर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

एक ही दिन में तीन वारदात, रात्रिकालीन पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, हालिया चोरी का खुलासा जल्द हो

धमधा में चोरी की घटनाओं ने बढ़ाई चिंता, पुलिस पेट्रोलिंग पर सवाल

धमधा/नवप्रदेश। धमधा नगर और थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। हालिया मामलों में एक ही दिन में तीन अलग-अलग स्थानों पर चोरी और चोरी की कोशिश ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, यह भी सच है कि कुछ मामलों में धमधा पुलिस ने तेज और प्रभावी कार्रवाई कर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है।

जनता में नाराजगी, लेकिन भरोसा भी –

नगरवासियों का कहना है कि कुछ इलाकों में पुलिस पेट्रोलिंग दिखाई नहीं देती, जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ते हैं। वहीं दूसरी ओर लोग यह भी मानते हैं कि जब पुलिस सक्रिय होती है, तब चोरी जैसे मामलों का खुलासा तेजी से होता है, जैसा कि राजपुर गांव की घटना में देखने को मिला।एक तरफ पुलिस की पूर्व की कार्यवाहियां यह दर्शाता है कि पुलिस में क्षमता और अनुभव दोनों हैं, आवश्यकता है तो केवल निरंतर सतर्कता और नियमित पेट्रोलिंग की है।नगरवासियों की मांग है कि जिन क्षेत्रों में वारदात हुई है वहां रात्रिकालीन पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, हालिया चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा किया जाए।

ताजा घटनाएं: अपराधियों के बढ़ते हौसले

शिक्षक प्रवीण अग्रवाल के घर बड़ी चोरी, गेट और कमरे का दरवाजा तोड़कर कीमती सामान चोरी, ईश्वर साहू, गायत्री क्लिनिक, बाजार के पास – ताले टूटे, लेकिन चोरी शून्य, दिलीप गुप्ता, गंडई रोड – चोरी की कोशिश, नुकसान नहीं, एक ही दिन में तीन जगह वारदात होना इस बात का संकेत है कि कुछ क्षेत्रों में

बाहरी और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी व सत्यापन किया जाए

इन दिनों नगर में बाहर राज्यों से या बाहर जिलों से अनजान लोगों का अनजाना बढ़ गया है यह कोई फेरी लगता है तो कोई सब्जी ,खाने पीने का ठेला या अन्य रोजगार करता है जिसकी जानकारी न तो नगर पंचायत के पास होती है न थाने के पास और जानकारी न होने से संदिग्ध चोरों की पहचान नहीं हो पाती ।

चोरी की घटनाओं की लंबी कड़ी

– दो माह पूर्व, धमधा थाना अंतर्गत राजपुर गांव में बिल्डिंग ठेकेदार के 192 लोहे के प्लेट चोरी हुए थे।, इस मामले में थाना प्रभारी युवराज साहू सहित धमधा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया था, जिसे क्षेत्र में सराहना मिली ।एक दिन पहले, दानीकोकड़ी निवासी हरबंश निर्मलकर के यहां से 50 लोहे के प्लेट चोरी हुए, जिसकी जांच जारी है ।ताम्रकार फर्टिलाइजर्स, कन्या शाला रोड, धमधा में शटर तोड़कर नकदी, सीसीटीवी डीवीआर और एलईडी टीवी चोरी की गई।

नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 1639 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के विकासखंड नगरी में आज जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2026-27 का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। इस परीक्षा के लिए नगरी विकासखंड में कुल 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा केंद्रों में शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय कुकरेल, जीनियस पब्लिक स्कूल नगरी, आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश स्कूल नगरी, शासकीय कन्या उच्च विद्यालय नगरी, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिहावा तथा शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय साकरा शामिल रहे। विकास शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा हेतु 1779 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 1639 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। ओर 140 छात्र छात्राओं अनुपस्थित रहे। यह प्रवेश परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा छठवीं की सीटों में चयन के लिए आयोजित की गई। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए प्रत्येक केंद्र पर केंद्राध्यक्ष एवं आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति की गई थी। विद्यार्थियों को परीक्षा में प्रातः निर्धारित समय से पहले उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे।

परीक्षा देकर बाहर आए विद्यार्थियों ने बताया कि हिंदी एवं गणित विषय के प्रश्नपत्र संतुलित और पाठ्यक्रम आधारित थे, जिन्हें समय पर हल किया गया। नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु बीरू पटेल सहित विभिन्न शिक्षकों एवं कोचिंग संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया था। वहीं परीक्षा में शामिल रजना ध्रुव, महेश कुमार साहू, रोहिणी नेताम, योगमाया एवं काव्यश साहू सहित अन्य छात्रों ने भी प्रश्नपत्र को अच्छा बताया।

कांग्रेस के 5 वर्षों के कार्यकाल पर,, विजय शर्मा के दो वर्ष के विकास कार्य भारी – कैलाश चंद्रवंशी

■ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के दो वर्षों के ऐतिहासिक कार्यों का उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने रखा लेखा-जोखा

कवर्धा/नवप्रदेश। एक विशेष प्रेस वार्ता में आंकड़ों और तथ्यों के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पिछले दो वर्षों के कार्यकाल के लेखा-जोखा मीडिया के समक्ष रखा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कवर्धा विधानसभा ने पिछले दो वर्षों में विकास की जो गति देखी है, वह कांग्रेस के पिछले पांच वर्षों के ÷सुस्त और दिशाहीन÷ शासनकाल के मुकाबले कहीं अधिक प्रभावी है।

कांग्रेस सरकार के 5 साल के कार्यकाल में जहां मात्र 13268 गरीबों को पक्का मकान मिला और प्रधानमंत्री आवास को पूरे 5 साल तक रोक के रखा वहीं मुख्यमंत्री मान विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री मान विजय शर्मा जी के परिश्रम से महज 2 वर्ष के अंदर सिर्फ कबीरधाम जिले के लिए 60 हजार से ज्यादा गरीबों के पक्का आवास स्वीकृत किये गए

सड़के विकास की धुरी है कांग्रेस के 5 वर्षों के कार्यकाल में जहां पुरे जिलेभर को मिलाकर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के तहत मात्र 27 सड़के 171 करोड़ रु स्वीकृत किये वहीं उपमुख्यमंत्री माननीय विजय शर्मा जी के प्रयासों से महज 2 साल के कार्यकाल में अकेले कवर्धा विधानसभा के 73 से ज्यादा सड़के 172 करोड़ 32 लाख रु स्वीकृत किये है

पुराने सरकार ने जहां 5 वर्ष की के समय में नवीन सड़कों का निर्माण नहीं किया वही सड़कों का मरम्मत भी नहीं किये, सभी सड़कों को जर्जर करके छोड़े थे जिनका अब नवीनीकरण और छेत्र में नवीन सड़कों का निर्माण भी तेजी से हो रहा है

सरकारी कार्यालय में किसानों के बैठने के लिए अलग से किसान विश्राम गृह कवर्धा एसडीएम कार्यालय परिसर लोहारा बोडला और शक्कर कारखाना भोरमदेव में बनाया गया है

उत्तर बस्तर कांकेर में डोंगरगांव की शिक्षिका स्वाति, कलेक्टर के द्वारा सम्मानित

■ ग्राम खमढोड़गी में प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा: औषधीय पौधों की खोज, संरक्षण और संवर्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

डोंगरगांव/नवप्रदेश। प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा एवं ग्राम खंमढोड़गी के संयुक्त तत्वावधान में कुरूमारी पहाड़ पर दो दिवसीय 'औषधीय पौधों की खोज यात्रा एवं संरक्षणङ्कसंवर्धन कार्यशाला' का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ।

पर्यावरण संरक्षण हेतु,प्लास्टिक के रोकथाम को लेकर जो नवाचार स्वाति गंधर्व के द्वारा किया जा रहा है,उनके इस काम की सराहना कांकेर कलेक्टर के द्वारा किया गया तथा इस अनूठी पहल के लिए सम्मानित किया गया।जो अपने जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

इस कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए विद्यार्थियों, शिक्षकों, वनस्पति विज्ञान विशेषज्ञों तथा स्थानीय वैधराजों ने पर्वतीय क्षेत्र में भ्रमण कर सैकड़ों औषधीय वनस्पतियों की पहचान की तथा इनके वैज्ञानिक संरक्षण, पारंपरिक उपयोग और औषधीय महत्व पर शोधपरक चर्चा की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर बस्तर कांकेर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री अजय कुमार मंडावी (शिल्पकार), रायपुर आयुर्वेद विभाग से डॉ. पल्लवी क्षीरसागर, डॉ आशीष नायक धमतरी , डॉ अलका मरकाम एमबीबीएस कांकेर, सरपंच निशा दुगा, अनिता तथा प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा से अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला,लखन साहू,मनीष अहीर शामिल रहे।

समापन समारोह में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान और प्रकृति एक-दूसरे के पूरक हैं। जब विद्यार्थी प्रकृति को पुस्तकों से बाहर निकलकर वास्तविक रूप में समझते हैं, तब सीखने की प्रक्रिया गहन और सार्थक बन जाती है।

ज्ञापन सौंपा... **धान खरीदी अव्यवस्था पर किसानों का फूटा गुस्सा, सरकार और प्रशासन पर जमकर निशाना साधा**

धमधा में हाहाकार, किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल का सरकार पर तीखा हमला

निकम्मी सरकार किसानों को सिर्फ ठगना जानती है

धमधा/नवप्रदेश। धान खरीदी व्यवस्था में फैली गंभीर अव्यवस्था को लेकर धमधा क्षेत्र में किसानों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। हीरेतरा, भाटाकोकड़ी, घोटवानी, घोंटा और रौंदा धान खरीदी केंद्रों में धीमी, लापरवाह और अव्यवस्थित खरीदी के खिलाफ आज किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), धमधा को ज्ञापन सौंपते हुए सरकार और प्रशासन पर जमकर निशाना साधा।किसानों का आरोप है कि शासन द्वारा निर्धारित दैनिक खरीदी क्षमता के अनुरूप धान का क्रय नहीं किया जा रहा है। कई केंद्रों पर रोज़ाना आधे से भी कम धान की खरीदी हो रही है, जिससे किसान हफ्तों से अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर हैं। जनवरी माह की अंतिम तिथि नजदीक आने के बावजूद हजारों किसान अब तक अपना धान नहीं बेच पाए हैं, जिससे उनमें भारी चिंता और आक्रोश है।

स्थिति को और गंभीर बनाते हुए किसानों ने बताया कि ऑनलाइन टोकन व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। सुबह 8 बजे से किसान मोबाइल हाथ में लेकर टोकन के लिए प्रयास करते हैं, लेकिन कभी सर्वर डाउन हो जाता है तो कभी 'लिमिट फुल' दिखाकर किसानों को बाहर कर दिया जाता है। परिणामस्वरूप, कई किसान लगातार टोकन न मिलने के कारण धान बेचने से वंचित हैं और खुले आसमान के नीचे धान रखने को मजबूर हैं।इस दौरान किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा यह निकम्मी सरकार किसानों को सिर्फ ठगना जानती है। धान खरीदी की अव्यवस्था जानबूझकर पैदा की गई है। किसान सुबह से लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन टोकन तक नहीं मिलता। अगर यही हाल रहा तो किसान चुप नहीं बैठेंगे, बड़ा आंदोलन किया जाएगा।किसानों का कहना है कि एक ओर साय सरकार किसान हितैषी होने का दावा करती है, जिसके चलते किसानों के धान का एक एक दाना खरीदने का वादा किया गया था।वहीं दूसरी ओर ज़मीनी हकीकत इसके ठीक उलट है। न टोकन व्यवस्था न पर्याप्त खरीदी हो रही है, न व्यवस्था सुधारी जा रही है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई दिखाई दे रही है। मसलन ज्यादातर किसानों का धान नहीं बिक पर रहा है

किसानों की प्रमुख मांगें

सभी धान खरीदी केंद्रों की दैनिक क्रय सीमा तत्काल बढ़ाई जाए,
ऑनलाइन टोकन प्रणाली में तुरंत सुधार किया जाए,
किसानों का पूरा धान समय-सीमा के भीतर खरीदा जाए, इसके लिए सख्त प्रशासनिक निर्देश जारी किए जाएं।
किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि धान खरीदी व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो वे मजबूर होकर उग्र आंदोलन, चक्का जाम और धरना-प्रदर्शन जैसे कदम उठाएंगे,और किसानो के बचे धान को दुर्ग कलेक्टर कार्यालय में ट्रैक्टर सहित लेजाकर खड़ा करेंगे ।जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।
इस मौके पर किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक अध्यक्ष आत्मा राम साहू,पूर्व सरपंच मोती राम वर्मा,राजेंद्र वर्मा,नारद वर्मा,दादू ठाकुर,चंद्रकांत राजपूत,हीरालाल चंदेल इत्यादि किसान उपस्थित थे।

शासकीय सुखनाम नागे महाविद्यालय नगरी में स्वीप द्वारा कार्यशाला का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के निर्देशन में तथा प्रो. आर.आर. मेहरा स्वीप नोडल अधिकारी के मार्गदर्शक के द्वारा दिनांक 12.12.2025 को छात्र-छात्राओं को एस आई आर की जानकारी दी गई एवं विशेष अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के विषय में जानकारी दी गई। महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को बताया गया की जिसकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो वे सभी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाये। तथा परिवार जिसका वोटर आईडी कार्ड नहीं उसका नाम जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही मतदान के दिन बिना डर और लालच के निष्पक्ष होकर मतदान करें व सही प्रतिनीति का चुनाव करें। प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने इस अवसर पर कहा की मताधिकार आपका अधिकार और कर्तव्य है इसका प्रयोग कर लोक तंत्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान दे। स्वीप नोडल प्रो. आर.आर. मेहरा के द्वारा अपील की अभी तक जिसका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाया है वह अवश्य अपना नाम जुड़वाये व योग्य प्रतिनीधि का चुनाव करें।

इस अवसर पर पर डॉ.रमेष कुमार देवांगन, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो.कौषल नायक, प्रो.लोकेष्वरी राठिया, प्रो.लालमन बेरवंष, डॉ.कविता, डॉ.संध्यारजनी मिश्रा डॉ.अंबा षुक्ला, डॉ.ममता सौरज, उर्वशी साहू, डॉ.खेमचंद, डॉ.वेणु साहू, प्रमोद चैरे, लाकेषा साहू, भूशण कुमार, सौरभ पाण्डे, डिलेश्वरी पटेल, सागर मण्डावी, अविरल तिवारी, मनोज बारले, कृष्णकुमार सिन्हा, सीता नेताम, अब्बास मेमन, गंगाधर साहू उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

झूला, मीना बाजार व पार्किंग स्थल की नीलामी 29 को

बलरामपुर/नवप्रदेश। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव 2026 का आयोजन 14, 15 एवं 16 जनवरी 2026 को किया जाएगा। उक्त तातापानी महोत्सव में राज्य सहित पड़ोसी राज्यों के श्रद्धालुगण/व्यक्ति शामिल होते हैं। मेला महोत्सव में जिला प्रशासन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें देश के प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुती होती है। साथ ही श्रद्धालुगण एवं व्यक्तियों के मनोरंजन के लिए झूला, मौत का कुआं तथा मीना बाजार इत्यादि लगाया जाता है तथा मेले में आने-जाने वाले वाहनों को व्यवस्थित रखने के लिए पार्किंग स्थल की भी व्यवस्था की जाती है। तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव के व्यवस्थित आयोजन हेतु झूला, मौत का कुआं, मीना बाजार व पार्किंग स्थल का नीलामी द्वारा आबंटन किया जाना है। उक्त नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/फर्म एवं संस्था 29 दिसम्बर सुबह 10 बजे तक ग्राम पंचायत तातापानी में अपना आवेदन निर्धारित प्रपत्र में जमा कर सकते हैं। नीलामी की प्रक्रिया 29 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से तातापानी सामुदायिक भवन में आयोजित की गई है।

पारिवारिक विवाद सुलझाकर दंपत्ति ने फिर शुरू किया साथ जीवन

मुंगेली/नवप्रदेश। नेशनल लोक अदालत में परिवार न्यायालय मुंगेली के समक्ष रखे गये प्रकरण में पति-पत्ि के मध्य रि-यूनियन करवाकर प्रकरण का निपटारा किया गया है। प्रकरण की आवेदिका एवं अनावेदक के मध्य विवाह के पूर्व प्रेम संबंध था, जिसके परिणाम स्वरूप आवेदिका एवं अनावेदक के द्वारा 23 जून को डोंगरगढ़ मंदिर में शादी की गई थी एवं उनके द्वारा पति-पत्नी के रूप में जीवन प्रारंभ किया गया। पश्चात वे वापस घर आने पर पति द्वारा अपने परिवार के बहकावे में आकर पत्नी को अपने साथ रखने से इंकार कर दिया गया। परेशान पत्नी द्वारा अपने पति के विरूद्ध स्वयं के भरण-पोषण का मामला परिवार न्यायालय मुंगेली प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण में परिवार न्यायालय मुंगेली के पीठासीन अधिकारी राजीव कुमार द्वारा पति एवं पत्नी के मध्य काउंसलिंग कर उन्हें पुराने विवादों को भुलकर जीवन को नये सिरे से शुरू करने के संबंध में एवं एवं पति-पत्ि के रूप में साथ रहने के संबंध में समझाईश दी गई। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आये एवं उभयपक्षों की सहमति से प्रकरण का नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर में निराकरण करते हुए पति-पत्ि के मध्य रि-यूनियन स्थापित की गई।

लापरवाही पर आरएचओ निलंबित; कर्मचारी संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

मुंगेली में अधिकारी-कर्मचारी के बीच बढ़ा टकराव, विकास कार्य प्रभावित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में इन दिनों कर्मचारियों के द्वारा अपने अधिकारियों के खिलाफमोर्चा खोलने की मुहिम प्रारंभ हो गई है, कर्मचारी, अधिकारी के समक्ष अपनी समाधान कारक बात रखने के बजाए अनुचित एवं उदासीन व्यवहार कर रहे है और अपनी मांग मनवाने के लिए बाध्य कर रहे है, यही कारण है की जिले मे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच आपसी सामन्जस्य नहीं होने के कारण विकास के कार्य थम से गए है।

जिले में इन दिनों नई फिज़ाऐं देखने को मिल रही है अधिकारी और कर्मचारी के बीच में आपसी सहमति न होने के कारण विकास कार्य एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों को फ्लीभूत नही किया जा सका है। कुछ माह पूर्व बीएमओ कार्यालय में बीएमओ के खिलाफ कर्मचारी लामबध्द हुए थे, और अंततः बीएमओ को हटाना पडा था इसी तरह से कृषि विभाग में भी कृषि संचालक के खिलाफ कर्मचारियों ने मोर्चा खोला था, जिसे एक बार समझौते से सुलझाया गया था, फिर पूर्नावृत्ति होने पर अधिकारी को लंबी छुट्टी पर जाना पडा, ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत मे देखा गया था जहां इंजिनियर ने सीईओ के खिलाफ मोर्चा खोला था, अभी वह मामला ठंडा भी नहीं हुआ था की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के खिलाफ कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार विकासखण्ड मुंगेली अंतर्गत राष्ट्रीय कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक 29 नवंबर को जिला पंचायत सभाकक्ष, धरमपुरा में रखी गई थी बैठक मे राष्ट्रीय कार्यक्रमों संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की निरंतर क्रमवार समीक्षा की जा रही थी। जिसमें अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा कमवार समीक्षा करते हुये संबंधित स्वास्थ्य केन्द्र सुरदा के अंतर्गत आने वाले ग्रामो में गर्भवती माताओं से संबंधित जानकारी आर.एच.ओ. (पुरूष) आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुरदा से चाहीं गई।

ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर समीक्षा करने पर आर.एच.ओ. भड़क गये, और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कहा गया कि समस्त रजिस्टर का बैठक में लेकर आना संभव नहीं है और अनिवार्य भी नहीं है। जिस पर द्वारा संस्था में कार्यरत् द्वितीय ए.एन.एम. से रजिस्टर लेकर अपूर्ण एवं अस्पष्ट जानकारी दी गई। उक्त संबंध में आर. एच. ओ. को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था 03 दिसंबर को स्पष्टीकरण का जवाब अधोहस्ताक्षकर्ता के समक्ष प्रस्तुत किया गया जो कि समाधानकारक नहीं था। जिस कारण छत्तीसगढ सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन, कार्य के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण छत्तीसगढ सिविल सेवा नियम 1966 के तहत् आर.एच.ओ. आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुरदा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन को लेकर स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेश को दमनकारी एवं मनमानी पूर्ण रवैया बताते हुए निंदा करते हुए निलम्बन आदेश को निशर्त बहाली की मांग की है मांग पूरी न होनेपर आंदोलन की चेतावनी दी है।

हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

3500 से अधिक लंबित प्रकरणों का निराकरण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरगुजा के मार्गदर्शन में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय अम्बिकापुर के अंतर्गत सभी न्यायालयों में, जिसमें व्यवहार न्यायालय सीतापुर भी सम्मिलित है में हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय तथा सीतापुर न्यायालय में साढे तीन हजार से अधिक लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया।

किशोर न्याय बोर्ड के 70 तथा परिवार न्यायालय के 15 प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया। इसी प्रकार राजस्व न्यायालयों में तीन हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं लाखों की संख्या में प्री-लिटिगेशन मामलों का निराकरण किया गया। लोक अदालत के दौरान चार प्रकरण वर्चुअल मोड/विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा निराकृत किए गए। हाइब्रिड नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. एल. चरयाणी के खण्डपीठ क्रं 1 के समक्ष निराकृत प्रकरणों में से एक प्रकरण में मोटर दुर्घटना में आवेदकगण के पति, पिता एवं पुत्र की मृत्यु कारित हो जाने से आवेदकगण द्वारा मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा-166 के तहत अनावेदक अजीत यादव, चुन्नी देवी एवं शाखा प्रबंधक आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के विरूद्ध प्रस्तुत किया है, जिसमें लोक अदालत में आवेदकगण ने अना.क्र 3 बीमा कंपनी से खण्डपीठ के 1 के पीठासीन अधिकारी के. एल. चरयाणी, सदस्य अशोक कुमार एवं विजय शंकर तिवारी के समक्ष स्वेच्छया 23,50,000 है। राजीनामा के कारण प्रकरण का निराकरण मात्र 08 माह 27 दिवस के भीतर संभव हो हुआ। उपरोक्त प्रकरण में अनावेदक बीमा कंपनी को एकमुश्त 23,50,000 रुपए अधिनिर्णय दिनांक से 60 दिन के भीतर जमा करने हेतु निर्देशित किया गया।

50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 1445 लोगों की हुई नेत्र जांच

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में जिले में सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम अभियान का 4 दिवसीय आयोजन किया गया।

जिसका उद्देश्य विकासखंड के शतप्रतिशत व्यक्तियों को लाभान्वित करना है, जिससे नेत्र स्वास्थ्य में सुधार हो और अंधत्व निवारण में मदद मिले। इस अभियान के तहत विकासखंड बलरामपुर के सभी 33 आयुष्मान आरोग्य मंदिर/प्राथमिक व उप स्वास्थ्य केंद्रों में आश्रित ग्रामों के 50 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हितग्राहियों (03 मीटर से कम दृष्टि वाले व्यक्तियों) की नेत्र जाँच व उपचार किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से कुल 1445 व्यक्तियों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें से 411 व्यक्तियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन, टेरेजियम, दृष्टि दोष के लिए सत्यापन व उपचार हेतु जिला चिकित्सालय बलरामपुर तथा आवश्यकतानुसार उच्च चिकित्सा संस्थान में प्रबंध किया गया। कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी डॉ. विवेक सिंह (राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम), डॉ. रुद्रमणि खेस, मनोज कुमार उपाध्याय (सहायक नोडल अधिकारी), नेत्र प्रकाश सोर, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, दुर्गेश त्रिपाठी, संजीव भगत, पंकज ठाकुर, विश्वजीत, रवि राजा शाक्य, अतुल ठाकुर और अन्य नेत्र चिकित्सा अधिकारी दल व अधिकारी/ कर्मचारी ने अपनी सेवाएं दीं।

जिला ग्रंथालय की बड़ी उपलब्धि पुलिस भर्ती में 10 छात्रों का चयन

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती के परिणाम में जिला ग्रंथालय के 10 छात्रों के नाम सामने आये है जिनकी संख्या और भी बढ़ सकती है। चयनित युवाओं के कठिन परिश्रम, ईमानदारी और लक्ष्य के प्रति समर्पण के कारण जिला ग्रंथालय को उपलब्धि मिली।

जिला प्रशासन द्वारा संचालित जिला ग्रंथालय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे प्रतिभागियों एवं अध्ययन में रूचि रखने वालों के लिये प्रतिभागियों के लिए जिला ग्रंथालय मुंगेली मील का पत्थर साबित हो रहा है। जिला ग्रंथालय में लगभग 1100 छात्रों का पंजीयन के साथ इन विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी के लिए लगभग 5000 पुस्तकें उपलब्ध है जिसका लाभ प्रतिदिन 100 से 150 छात्रों द्वारा लिया जा रहा है। अध्ययन करने वाले परीक्षार्थी अपने समयानुसार दिन भर बैठकर ज्ञान अर्जित एवं अपनी तैयारी कर सकते है। शांत माहौल और पढ़ाई के लिये उचित वातावरण में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर युवा अपना सुनहरा भविष्य और अपने जीवन को सफ्ल बनाने में लगे हुये है। नगर ही नहीं पूरे जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के केन्द्र के रूप में स्थापित हो रहा है। अभी वर्तमान में छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती के परिणाम मे जिला ग्रंथालय के होनहार 10 छात्रों के नाम सामने आये है जिनकी संख्या और भी बढ़ सकती है। चयनित युवाओं के कठिन परिश्रम, ईमानदारी और लक्ष्य के प्रति समर्पण के कारण जिला ग्रंथालय के नाम ये उपलब्धि रही। ग्रंथालय प्रमुख देवशंकर श्रीवास्तव ने सभी चयनित छात्रों जिसमें मंदाकिनी सोनकर, अमित कुमार यादव, हितेश्वरी पटेल, महेश कुमार, शिवचरण यादव, हरीश जायसवाल, महेन्द्र कुमार, देविका सागर, चंद्रपाल साहू, विजय पटेल को हार्दिक बधाई देते हुये सभी को कर्तव्य पथ पर सदैव सफ्ल होने की शुभकामनाएं दी है। जिला ग्रंथालय के चयनित सभी युवाओं एवं स्टाफ ने कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय एवं जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे का विशेष आभार प्रकट किया है, जिनका सहयोग व मार्गदर्शन सदैव इस कार्यालय को मिलता रहा है।

तखतपुर-कुकुसदा मार्ग के लिए 25.56 करोड़ मंजूर

मुंगेली/नवप्रदेश। विधायक एवं पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले के प्रयास से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तखतपुर-कुकुसदा मार्ग 16.50 किमी के मजबूतीकरण व चौड़ीकरण के लिए 25 करोड़ 56 लाख 44 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किया है। 16.50 किमी लंबाई की सड़क के लिए 25 करोड़ 56 लाख 44 हजार रुपए की स्वीकृति पर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं लोकनिर्माण मंत्री व डिप्टी सीएम अरुण साव का आभार जताया है वहीं क्षेत्र की जनता ने विधायक मोहले को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

6 हितग्राहियों का हुआ सफल एलटीटी ऑपरेशन

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित की गई है। कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में पहली बार लेप्रोस्कोपिक विधि से महिला नसबंदी (एलटीटी) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत सिंह, सिविल सर्जन एवं मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. शशांक गुप्ता, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि तिवारी तथा डॉ. अनिमेष सिंह की संयुक्त विशेषज्ञ टीम के समन्वय से परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत कुल 6 महिला हितग्राहियों का एलटीटी ऑपरेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सभी हितग्राही पूर्णतः सुरक्षित एवं स्वस्थ हैं। लंबे अंतराल के बाद जिला बलरामपुर-रामानुजगंज में स्थायी परिवार नियोजन सेवा का पुनः शुभारंभ किया गया है, जो जिले के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि अब प्रत्येक बुधवार को जिला चिकित्सालय में कम से कम 10 महिला हितग्राहियों का लेप्रोस्कोपिक नसबंदी ऑपरेशन नियमित रूप से किया जाएगा।

200 किमी पीछा कर डीजल चोर गिरोह के सदस्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रिंग रोड में ट्रक ड्राइवर पर जानलेवा हमला व डीजल लूट कर हुए थे फरार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा पुलिस ने रिंग रोड पर खड़े ट्रक से डीजल चोरी करने वाले गिरोह के आरोपी रितेश तिवारी को करीब 200 किलोमीट तक पीछा किया और रतनपुर के पास उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी धारदार हथियारों जैसे चाकू और गुप्ती से ट्रक चालक को धमकाते हुए डीजल लूट रहे थे। उसके कब्जे से दो सौ लीटर डीजल, पाइप और सफेद रंग की कार जब्त की गई है। आरोपी के खिलाफ पहले से मणिपुर, गांधीनगर, लखनपुर और जयनगर थानों में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अंबिकपुर में नवंबर माह में वारदात हुई थी। रात वारदात हुई थी। भिलाई के ट्रक नंबर सीजी 07 बीएस 4038 सीमेंट लोड कर अंबिकापुर पहुंचा था। अनलोड न होने से ट्रक चालक अवधेश कुमार सिंह 35 वर्ष निवासी छावनी भिलाई थाना जामुल दुर्ग ने इसे रिंग रोड अंबिकापुर में खड़ा कर ट्रक में सो रहा था। तड़के करीब तीन बजे डीजल टंकी की ओर आहट सुनकर अवधेश ने साइड मिरर में झांका तो 3-4 नकाबपोश युवक टंकी से डीजल निकालते दिखे। विरोध करने पर उन्होंने चाकू और गुप्ती से हमला कर दिया। डरकर ड्राइवर अंदर घुस गया और चोर डब्बा, जार्किन में डीजल भर ले गए। ट्रक चालक ने 11 नवंबर को थाने में एफआईआर दर्ज कराई मामले में पुलिस ने साइबर सेल की मदद से विवेचना शुरू की और बदमाशों की पहचान हीरालाल लोनी, रोहित लोनी, ध्रुव लोनी और बसंत लोनी के रूप में की गई। आरोपी की पहचान होने पर कोतवाली और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। 12 दिसंबर को सरगुजा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली की आरोपी संफेद रंग की कार से अंबिकापुर से बिलासपुर की ओर जा रहे हैं। सूचना पर आरोपियों का पीछा शुरू किया गया और रतनपुर के समीप कार रोक आरोपियों को दबोचा गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी रितेश तिवारी 25 वर्ष निवासी ग्राम रस्मोहनी पोस्ट रस्मोहनी थाना जयपुर शहडोल मध्य प्रदेश को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया, जबकि अन्य साथी मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार और 200 लीटर डीजल, पाइप बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी रितेश लंबे समय से डीजल चोरी जैसे अपराधों में शामिल है उसके खिलाफ गांधीनगर, मणीपुर, लखनपुर, जयनगर थाना में पांच मामले दर्ज है।

आदेश | उच्च न्यायालय ने नगर निगम के पूर्व महापौर और पार्षदों के लंबित मानदेय का भुगतान करने का जारी किया आदेश

47 पार्षदों और महापौर का कुल 1.43 करोड़ का मानदेय बकाया

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। नगर निगम के पूर्व महापौर और पार्षदों के लंबित मानदेय को लेकर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने गाइडलाइंस जारी करते हुए इस मामले के निपटारे का आदेश जारी किया है। 2019 से 2025 की अवधि तक के निगम कार्यकाल के चुने हुए महापौर और पार्षदों का मानदेय जून 2023 से लंबित है। इस बीच जनवरी 2025 में इस अवधि के महापौर और पार्षदों के कार्यकाल भी समाप्त हो गया। मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण महापौर एवं कांग्रेस से जुड़े 21 पार्षदों ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका दायर किया था।इस पर उच्च न्यायालय ने 28 नवंबर को आदेश जारी किया था। याचिका की बहस के दौरान नगर पालिका निगम के अधिवक्ता ने यह तर्क दिया था कि पूर्व महापौर और पार्षदों ने उन महीनों के हिसाब नहीं दिया है जिनका मानदेय नहीं दिया गया है। सभी पक्षों को सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने यह आदेश दिया कि सभी पिटीशनर जिनमें पूर्व महापौर और पार्षद शामिल हैं आदेश के 2 सप्ताह के अंदर निगम अम्बिकापुर के समक्ष मानदेय नहीं मिलने वाली अवधी का हिसाब देंगे, और निगम अम्बिकापुर हिसाब प्राप्त होने के 3 माह के अंदर राज्य सरकार के नोटिफिकेशन दिनांक 12 मई 2022 के हिसाब से निपटारा करें। जिस पर याचिकाकर्ता महापौर और पार्षदों ने 11 दिसंबर को आयुक्त, नगर निगम अम्बिकापुर को अपने बकाया मानदेय विवरण दे दिया है।

डेढ़ करोड़ का मानदेय है अटका

निगम अम्बिकापुर के द्वारा निगम के पूर्व कार्यकाल ने जून 2023 से जनवरी 2025 तक पार्षदों और महापौर को मानदेय भुगतान नहीं किया गया है। इस अवधि के लिए निगम के 47 पार्षदों और महापौर का कुल 1.43 करोड़ का मानदेय बकाया है। उच्च न्यायालय के द्वारा जिन 22 याचिकाकर्ता पार्षदों और महापौर के लिये आदेश जारी किया है उन्हें आगामी 3 माह में 67 लाख का भुगतान करना होगा।

अब दिन-रात कभी भी बुक करें धान बिक्री का टोकन

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तूहर टोकन ऐप को अब 24म7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तुंहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसनों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है। उल्लेखनीय है कि टोकन प्रत्येक सहकारी समिति को आबंटित सीमा के भीतर ही जारी किए जाएंगे। किसानों से आग्रह है कि वे समय रहते तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त करें।

युवा विकसित भारत निर्माण के लिए शोध और नवाचार में निभा रही अग्रणी भूमिका: प्रो. घोष

सीवीआरयू में 'शोध-शिखर विज्ञान पर्व 2025-26' का सफल आयोजन, ग्रीन टेक्नोलॉजी व एसडीजीस पर केंद्रित रहे शोध पत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में एक दिवसीय रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन के अंतर्गत सी.वी.आर.यू. शोध-शिखर विज्ञान पर्व 2025-26 का आयोजन 13 दिसंबर 2025 को किया गया। कार्यक्रम का मुख्य थीम 'एडवांसिंग ग्रीन टेक्नोलॉजी और एसडीजी फॉर विकसित भारत' रहा।

कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने अपने संबोधन में कहा कि युवा पीढ़ी विकसित भारत के निर्माण हेतु सतत शोध और नवाचार में अग्रणी भूमिका निभा रही है। कुलसचिव प्रो. अरविंद कुमार तिवारी ने कार्यक्रम को विकसित भारत, भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण बताया तथा तकनीक को कला, विज्ञान, अभियांत्रिकी, प्रबंधन, वाणिज्य, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, साहित्य एवं लोककला से जोड़ने पर बल दिया। समकुलपति एवं डीन अकादमिक प्रो. जयती चटर्जी ने शोधार्थियों के गुणवत्तापूर्ण शोध-पत्रों की सराहना की। इस विज्ञान पर्व में साईंस कम्यूनिकेशन, भारतीय ज्ञान परंपरा, इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट, कॉमर्स, हॉलिस्टिक मेडिकल साइंस, मानविकी एवं लिबरल आर्ट्स, एग्रीकल्चर एंड फूड सिक्योरिटी, मॉडर्न साइंस, एजुकेशन एवं लॉ जैसे विविध विषयों पर शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। कुल 79 शोधार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 29 ने ऑफलाइन तथा 31 ने ऑनलाइन माध्यम से अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) बिलासपुर की शोध छात्रा निधि पाण्डेय ने वाणिज्य विषय में मार्केटिंग सस्टेनेबिलिटी में ग्रीन टेक्नोलॉजी की भूमिका पर उत्कृष्ट शोध-पत्र प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, रसायन विभाग की शोध छात्रा निखर साहु ने बायो-सिंथेसिस एवं मेडिसिनल फ्लोरा पर प्रस्तुति देकर द्वितीय स्थान, जबकि रसायन विभाग की ही शोध छात्रा वर्षा वर्मन ने टीम एवं एफईएसईएम के माध्यम से कैरेक्टराइजेशन पर शोध-पत्र प्रस्तुत कर तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश एवं उड़ीसा के शोधार्थियों ने सहभागिता की।

समाज व मानव कल्याण के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे: प्रो. श्रीवास्तव

कार्यक्रम के संयोजक प्रो. ए.के. श्रीवास्तव ने बताया कि यह आयोजन आईडियोथन का हिस्सा है, जिससे निकले नवाचार समाज एवं मानव कल्याण के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। सह-संयोजक प्रो. रश्मि वर्मा ने शोध को निरंतर बेहतर बनाने का संदेश दिया। शोध-पत्र सत्र की अध्यक्षता शोध निदेशक डॉ. विवेक वाजपेई ने की। निर्णायक मंडल में डॉ. निकेत शुक्ला, डॉ. जयशंकर यादव, डॉ. आर.के. सिंह, डॉ. रत्नेश तिवारी, डॉ. मनोज कुमार तिवारी, डॉ. संगीता सिंह, डॉ. दुर्गा शर्मा, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. नमिता भारद्वाज एवं डॉ. एम.जेड. खान शामिल रहे। कार्यक्रम के सफल समन्वय में डॉ. विकास मिश्रा, डॉ. विकास तिवारी एवं डॉ. अभिषेक शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन डॉ. आंचल श्रीवास्तव एवं डॉ. शालिनी पाण्डेय द्वारा किया गया। अंत में सह-संयोजक डॉ. रश्मि वर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

मनरेगा कार्यों की स्वीकृति अब युक्तधारा पोर्टल से

बिलासपुर/नवप्रदेश। मनरेगा के तहत वर्ष 2026-27 के लिए पंचायतों में होने वाले सभी कार्य अब युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से जीआईएस आधारित प्लानिंग के बाद ही स्वीकृत होंगे। शासन के निर्देशानुसार ग्राम सभाओं में पारित किए गए लेबर बजट के प्रस्तावों को क्रमवार प्राथमिकता में पोर्टल में दर्ज किया जा रहा है। इस योजना के तहत 65 प्रतिशत कार्य प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और कृषि संबंधित होंगे, साथ ही मजदूरी और सामग्री का अनुपात 60:40 निर्धारित किया गया है। विशेष बात यह है कि हर कार्य की लोकेशन अक्षांश और देशांतर भी पोर्टल में दर्ज की जाएगी, जिससे भविष्य में अभिसरण के माध्यम से अतिरिक्त विकास कार्य जोडना आसान होगा और पारदर्शिता बनी रहेगी। जिले के चारों जनपद पंचायतों में कार्यों की एंट्री प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आगामी वर्षों में पंचायतों में कोई भी नया कार्य शुरू करने से पहले उसे ग्राम सभा से अनुमोदित कर युक्तधारा पोर्टल में दर्ज करना अनिवार्य होगा।

मरीज नागपुर रेफर, पथरी ऑपरेशन के बाद स्टेंट गायब होने का दावा

मार्क अस्पताल के खिलाफ इलाज में गंभीर लापरवाही का आरोप, परिजनों ने किया हंगामा

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा थाना क्षेत्र स्थित मार्क अस्पताल पर इलाज में गंभीर लापरवाही के आरोप लगे हैं। पथरी के ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत बिगड़ने और स्टेंट से जुड़ी अनियमितता सामने आने के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर विरोध किया। मामला सामने आते ही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार कोरबा निवासी स्वाति राजपूत को लगभग एक माह पूर्व पथरी के ऑपरेशन के लिए बिलासपुर रेफर किया गया था। परिजनों ने उन्हें सरकंडा स्थित मार्क अस्पताल में भर्ती कराया, जहां ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों द्वारा पेट में स्टेंट डाला गया। अस्पताल से छुट्टी के बाद घर पहुंचते ही स्वाति को तेज दर्द

और गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं शुरू हो गईं। लगातार दर्द और परेशानी बढ़ने पर परिजन एक महीने बाद स्वाति को दोबारा मार्क अस्पताल लेकर पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान डॉक्टरों ने ऑपरेशन के समय डाले गए स्टेंट के पेट में मौजूद न होने की बात कहकर दूसरी जगह इलाज कराने की सलाह दे दी। परिजनों का कहना है कि स्टेंट निकालने के नाम पर मरीज के टांके खोल दिए गए, जिससे उसकी हालत और ज्यादा बिगड़ गई।

अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग

परिजनों के मुताबिक अस्पताल प्रबंधन ने मामले की जिम्मेदारी लेने से साफ इनकार कर दिया। स्वाति की स्थिति गंभीर होने पर उसे तत्काल नागपुर के एक बड़े अस्पताल ले जाया गया, जहां फिलहाल उसका गहन इलाज जारी है। परिजन दोषी डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, वहीं पूरे मामले ने निजी अस्पतालों की लापरवाही पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

कोपरा जलाशय बनेगा प्रवासी पक्षियों का सुरक्षित आशियाना

■ एशिया-यूरोप से आने वाले पक्षियों का पसंदीदा ठिकाना बना कोपरा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर से एक बेहद सुखद और पर्यावरण के लिए बड़ी खबर सामने आई हैवन विभाग बिलासपुर की पहल से अब प्रवासी पक्षियों को सुरक्षित और संरक्षित ठिकाना मिलने जा रहा है। जिले के कोपरा जलाशय को संरक्षण का विशेष दर्जा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक, लगभग 131 हेक्टेयर क्षेत्र को रामसर साइट के रूप में विकसित किया जाएगा। यह छत्तीसगढ़ में अपनी तरह की पहली पहल होगी। इससे जलाशय और उसके आसपास के प्राकृतिक वातावरण को खास सुरक्षा मिलेगी।कोपरा जलाशय में हर साल प्रवासी पक्षियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यहां अब तक 27 से ज्यादा पक्षी प्रजातियां दर्ज की गई हैं। इनमें ओपनबिल

स्टॉर्क, पेंटेड स्टॉर्क और बार-हेडेड गूज जैसी दुर्लभ प्रजातियां भी शामिल हैं। सर्दियों में एशिया और यूरोप से आने वाले ये पक्षी इस शांत जलाशय को अपना घर बनाते हैं।संरक्षित दर्जा मिलने से अवैध गतिविधियों पर रोक गी, जैव विविधता बचेगी और पर्यावरण को मजबूती मिलेगी। साथ ही, यह क्षेत्र पर्यटन के नए केंद्र के रूप में भी उभरेगा। कुल मिलाकर, कोपरा जलाशय अब सिर्फ पानी का स्त्रोत नहीं, बल्कि प्रकृति और पक्षियों का सुरक्षित स्वर्ग बनने जा रहा है।

एनईपी 2020 के तहत परीक्षा तिथि में अव्यवस्था को लेकर छात्रों ने प्राचार्य कक्ष का किया घेराव

■ परीक्षा शुरू होने के बाद बदली समय-सारणी से नाराज विद्यार्थियों ने लगाया आरोप

सीपत/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपाई विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के अंतर्गत संचालित परीक्षाओं की तिथियों में बार-बार किए जा रहे बदलाव को लेकर शासकीय मदन लाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीपत में विद्यार्थियों का आक्रोश फूट पड़ा। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा नई समय-सारणी जारी किए जाने से छात्र-छात्राओं में भारी असंतोष व्याप्त है। इसी के विरोध में छात्र नेताओं के नेतृत्व में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में छात्र नेता प्रशांत यादव, मिथलेश श्रीवास, विकास पटेल, विनय यादव, आदर्श शर्मा, दीपक राठौर, दीपक साहू, आयुष पटनवार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

भविष्य के साथ खिलवाड़

छात्रों का कहना है कि परीक्षा शुरू होने के बाद समय-सारणी में अचानक परिवर्तन करना विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, तैयारी और भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। जब इस संबंध में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रशासन से स्पष्ट जानकारी और समाधान की मांग की, तो प्रशासन की ओर से यह कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया गया कि यह समस्या विश्वविद्यालय स्तर की है और इसका समाधान कॉलेज प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। प्रशासन के इस गैर-जिम्मेदाराना जवाब से नाराज़ छात्रों ने विश्वविद्यालय से शीघ्र स्पष्ट, स्थायी और लिखित समाधान की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि परीक्षा तिथि संबंधी समुचित जानकारी समय रहते सभी परीक्षार्थियों को उपलब्ध नहीं कराई गई, तो छात्र संगठन आगामी दिनों में और उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

विभाग ने देर से दी बिजली कटने के सूचना

बिलासपुर/नवप्रदेश। गीतांजलि फीडर में मेंटेनेंस कार्य के चलते बिजली विभाग ने तीन घंटे के लिए बिजली कटौती की सूचना दी। विभाग ने बताया था कि बिजली दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक बंद रहेगी। हालांकि, यह सूचना मोबाइल मैसेज के माध्यम से बिजली कटने के लगभग 10 मिनट बाद, यानी 12.10 बजे लोगों तक पहुंची, जिससे कई लोग असुविधा का सामना करने लगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की सूचना दिन पहले या सुबह समय पर मिलनी चाहिए थी।

---

50 से अधिक श्रद्धालु उमरा के लिए रवाना

बिलासपुर /नवप्रदेश। बिलासपुर जिले से 50 से अधिक श्रद्धालु उमरा की पवित्र यात्रा पर शुक्रवार की शाम रवाना हुए। सभी श्रद्धालु ट्रेन के माध्यम से मुंबई के लिए प्रस्थान कर गए, जहां से वे हवाई मार्ग द्वारा जद्दा होते हुए मक्का मदीना पहुंचेंगे। श्रद्धालु मक्का शरीफ में 9 दिनों तक उमरा की धार्मिक प्रक्रियाएं पूर्ण करेंगे, इसके पश्चात 5 दिनों तक मदीना में प्रवास करेंगे। इस प्रकार कुल 14 दिनों की इस पवित्र यात्रा के दौरान वे देश-दुनिया, छत्तीसगढ़ तथा बिलासपुर जिले में

अमन, चैन और शांति की दुआ करेंगे।रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं को विदा करने के लिए बड़ी संख्या में परिजन और शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने यात्रियों को बधाई दी और सुरक्षित यात्रा की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। श्रद्धालुओं के रवाना होने से स्टेशन का माहौल धार्मिक आस्था और उत्साह से सराबोर नजर आया। इस मौके पर जायरीन ने कहा की यह उनकी धार्मिक यात्रा है इस तरह की यात्राओं से इंसान की बुराइयां दूर होती हैं और जियारत भी पूरी हो जाती है। उमराह शरीफ जाने वालों में जूनिलाइन से डॉ एजाज परवेज, कोनी से जावेद अली, शाजिया अली, तारबहार से गुलाम मोहम्मद, रेहाना बेगम, मेनाज नाहिद, बेनजीर आयशा, हकीम खान, अजीज खान, मो. जमील, मो. आबिद सहित अन्य क्षेत्र के लोग उमराह शरीफ के लिए आज रवाना हुए। इस मुबारक मोके पर बिलासपुर रेल्वे स्टेशन में समाज के प्रमुख सैयद निहाल, शाहिद मोहम्मद, सैय्यद मकसूद अली, शकील कुरैशी, मोहम्मद मोईन, आबिद अली, शोहेल खान, मो. अनीस, मोहम्मद इमरान, नज्जू भाई, नसरीन अली, रिजवाना खान उपस्थित थे।

जुआ-सट्टा : 4 अलग-अलग मामले में 10 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा पुलिस ने अवैध जुआ-सट्टा खेलते 4 अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 5,320 नकद जब्त की है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देशानुसार जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध जुआ, सट्टा एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोटा पुलिस द्वारा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। 13 दिसंबर को थाना प्रभारी कोटा तोप सिंह नवरंग को

कोटा पुलिस ने की कार्रवाई

मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई, जिस पर पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग टीम गठित कर दर्रीकापा नहर किनारे एवं गंज स्कूल के पीछे डाकबंगला, कोटा क्षेत्र में दबिश दी गई। दबिश के दौरान उक्त स्थानों पर कुछ व्यक्ति रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेलते पाए गए, जिन्हें मौके पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में यात्रे कुमार खांडे पिता स्व. देवचरण खांडे, उम्र 48 वर्ष, निवासी टांडा, थाना कोटा विजय अनंत पिता शत्रु अनंत, उम्र 35 वर्ष, निवासी दर्रीकापा, थाना कोटा, शिवफल बंजारे पिता स्व. रामजी बंजारे, उम्र 47 वर्ष, निवासी कपसिया कला, थाना कोटा, राजू लाल बंजारे पिता इतवारी बंजारे, उम्र 45 वर्ष, निवासी कपसिया कला, थाना कोटा, कुबेर बंजारे पिता देव लाल बंजारे, उम्र 37 वर्ष, निवासी कपसिया कला, थाना कोटा, डिकेश साहू पिता स्व. नर्मदा साहू, उम्र 41 वर्ष, निवासी रेस्ट हाउस रोड, डाकबंगला कोटा, प्रेम सारथी पिता स्व. विजय सारथी, उम्र 18 वर्ष, निवासी डाकबंगला कोटा, किशन छाडिया पिता स्व. करण छाडिया, उम्र 20 वर्ष, निवासी डाकबंगला कोटा, साहिल गुप्ता पिता अजय गुप्ता, उम्र 28 वर्ष, निवासी रेस्ट हाउस रोड, डाकबंगला कोटा और राहुल करेलिया पिता शंकर करेलिया, उम्र 20 वर्ष, निवासी डाकबंगला कोटा, थाना कोटा शामिल हैं।

जनदर्शन में लोगों से राज्य मंत्री तोखन साहू ने की संवाद

बिलासपुर/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने संसदीय क्षेत्र बिलासपुर स्थित निजी कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में आम नागरिकों से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी विभिन्न समस्याएँ एवं मांगें मंत्री के समक्ष रखीं। श्री साहू ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'लोगों की समस्याएँ सुनकर उनका समयबद्ध समाधान करना ही

सुशासन की सच्ची पहचान है। जनदर्शन जनता और शासन के बीच विश्वास को मजबूत करता है। 'इस अवसर पर श्री साहू ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीते दो वर्षों में आवासन, शहरी विकास, बुनियादी ढाँचे, गरीब कल्याण और जनहित से जुड़ी योजनाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

आयोजन | नृत्यधारा महोत्सव का रंगारंग आयोजन, संस्था नृत्यधारा फाउंडेशन व साईनाथ फाउंडेशन ने किया सहयोग

शास्त्रीय नृत्य, कवि सम्मेलन व सुगम गायन की सुमधुर प्रस्तुति

बिलासपुर/नवप्रदेश। न्यायधानी में नृत्य, संगीत व काव्य से सजी खूबसूरत शाम नृत्यधारा महोत्सव का सफल आयोजन एसईसीएल के विशेष सहयोग से नगर की ख्यातिलब्ध संस्था नृत्यधारा फाउंडेशन द्वारा श्री साईनाथ फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। शहर स्थित नृत्यधारा डांस एकेडमी की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना से शुरू करके शुद्ध कथक नृत्य की नयनाभिराम प्रस्तुति दी गई।

एकेडमी की छात्राएं आरोही, डेलीशा, स्वस्तिका, शिक्षा, समृद्धि, अन्वी, अपराजिता, अवनी, आरना, आश्रिता, स्वरा, श्रीजल, आस्था, अनिका, सास्थी, मिताली, विजयलक्ष्मी, कश्वी, आराध्या आदि ने

अपनी प्रस्तुति से उपस्थिति कलाप्रेमियों को आवक कर दिया। द्रौपदी चीरहरण पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति में श्रुति, रूचि, एंजल, पूर्वी, उदिति, अनन्या, सुषमा, अभिमान्या व किरण की प्रस्तुति ने एक अलग ही समाँ बांधा। काव्य प्रस्तुति अंतर्गत प्रदेश के सुप्रसिद्ध कवि प्रेमिश शर्मा, रिकी बिंदास, ईशान विद्युत व निधि नीति ने अपनी विविध विधाओं से लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। उक्त समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखान लाल साहू, बेलतरा विधायक शुशांत शुक्ला, एसईसीएल डायरेक्टर पर्सनल बिरंची दास, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, पूर्व राजभाषा आयोग अध्यक्ष विनय पाठक व पार्षद अंचल दुबे मंच पर आसीन रहे. मंचस्थ अतिथियों ने विभिन्न कलाकारों व साहित्यकारों को सम्मानित किया व ऐसे गुणवत्तायुक्त आयोजन की सराहना की। शहर सहित प्रदेश से आए दर्जनों कलाकारों ने इस महोत्सव में अपनी अलग-अलग विधाओं की प्रस्तुति देकर खूब प्रशंसा व तालियां बटोरी।

छात्राओं की प्रस्तुति ने मोहा मन

कला विकास केंद्र एवं नायडू डांस अकादमी के छात्राओं ने नृत्य की विविध विधाओं में शानदार प्रस्तुति देकर सभी लोगों का मन मोह लिया। शहर के सुमधुर गायक नरिंदर पाल सिंह निंदर ने ग़ज़ल, भजन व अपशास्त्रीय गानों की अपनी धारदार प्रस्तुति से इस शाम को यादगार बना दिया।

न्यूज गैलरी

ट्रंप के दावों की निकली हवा, थाईलैंड की सेना ने कंबोडिया पर की बमबारी

न्यूयॉर्क। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच चल रहा सीमा विवाद लगातार गंभीर होता जा रहा है। जहां हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह दावा किया था कि एक फोन कॉल से वह इस टकराव को खत्म कर सकते हैं, वहीं मौजूदा हालात में सीमा पर सैन्य कार्रवाई और तेज होती दिखाई दे रही है।शनिवार को थाईलैंड की वायुसेना ने कंबोडिया से सटे इलाकों में हवाई हमले किए। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, थाई एयरफोर्स ने दो एफ-16 लड़ाकू विमानों की मदद से कई ठिकानों को निशाना बनाया और बमबारी की। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 5:50 बजे कंबोडिया के पश्चिमी प्रांत बट्टमबोंग के त्मोर दा इलाके में स्थित एक होटल भवन पर बम गिराया गया। इसके कुछ ही मिनट बाद, सुबह 5:55 बजे उसी क्षेत्र में एक अन्य होटल इमारत को भी निशाना बनाया गया।इसके बाद हमलों का दायरा रणनीतिक ढांचों तक फैल गया। रिपोर्ट के अनुसार सुबह 6:02 बजे चेई चोम्नास पुल पर हमला किया गया, जबकि 6:07 बजे उसी पुल पर दोबारा बमबारी की गई। सुबह 6:12 बजे चेई चोम्नास के पुराने पुल को भी निशाना बनाया गया।उल्लेखनीय है कि सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि वह थाईलैंड और कंबोडिया के बीच चल रहे संघर्ष को रोकने में सक्षम हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि उनके हस्तक्षेप से क्षेत्र में शांति बहाल की जा सकती है। हालांकि जमीनी हालात बताते हैं कि दोनों देशों के बीच तनाव कम होने के बजाय और गहराता जा रहा है।

पुतिन के इंतजार में बैठे रहे शहबाज, जबरन घुसने पर सुरक्षाकर्मियों ने दिखाया बाहर का रास्ता

अश्गाबात। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर शर्मिंदगी और भारी बेइज्जती का सामना करना पड़ा है। तुर्कमेनिस्तान में आयोजित 'इंटरनेशनल फोरम फॉर पीस एंड ट्रस्ट' में हिस्सा लेने पहुंचे पाकिस्तानी पीएम के साथ जो हुआ, उसकी चर्चा अब पूरी दुनिया में हो रही है। खबरों के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के लिए शहबाज शरीफ को करीब 40 मिनट तक अकेले इंतजार करना पड़ा और जब उनका सब्र टूटा, तो उन्होंने प्रोटोकॉल तोड़ते हुए एक ऐसी बैठक में घुसने की कोशिश की, जहां पुतिन और तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन पहले से मौजूद थे। घटनाक्रम के अनुसार, शहबाज शरीफ एक बड़े हॉल में रूसी राष्ट्रपति का इंतजार कर रहे थे। वहां रूस और पाकिस्तान के झंडे लगे थे, लेकिन पुतिन की कुर्सी खाली थी। तस्वीरों में देखा गया कि शहबाज शरीफ करीब 40 मिनट तक कुर्सी पर बैठे बोरियत में दांत कुरेदते नजर आए। काफी देर इंतजार करने के बाद जब रहा नहीं गया, तो उन्होंने अपने स्टाफ से कुछ बात की और अचानक उठकर सुरक्षा घेरे को दरकिनार करते हुए बगल के हॉल में घुस गए।

अयोध्या में बनेगा एक और मंदिर, 27 से 31 दिसंबर तक होंगे कार्यक्रम, ट्रस्ट की बैठक में फैसला

अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की शनिवार को एक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में आने वाले कार्यक्रमों समेत तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता महंत नृत्य गोपाल दास ने की। महंत नृत्य गोपाल दास की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रतिष्ठा द्वादशी के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। ट्रस्ट ने फैसला किया है कि जिस स्थान पर प्राण प्रतिष्ठा से पहले रामलला अपने भाइयों के साथ विराजमान थे, वहां एक मंदिर बनाया जाएगा। इस मंदिर के पास ही श्री राम मंदिर आंदोलन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में एक स्मारक भी बनाया जा रहा है।श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बताया कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 31 दिसंबर को मनाई जाएगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर के सात उप-मंदिरों के शिखरों पर भी ध्वज फहराने का कार्यक्रम रखा गया है। इस वर्ष की वर्षगांठ को प्रतिष्ठा द्वादशी%के रूप में मनाया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रतिष्ठा द्वादशी के सभी कार्यक्रम अंगद टीला पर होंगे। इन कार्यक्रमों के तहत श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा। 27 से 31 दिसंबर तक श्री राम जन्मभूमि मंदिर में मंडल पूजा की जाएगी। साथ ही श्री रामचरितमानस का संगीतमय अखंड पाठ भी होगा।जाने-माने गायक अनूप जलोटा, सुरेश वाडकर और तृप्ति शाक्य भजन संध्या प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा, कथक नृत्य नाटक सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान कई कवि भी भाग लेंगे, जिसके लिए एक कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।ट्रस्ट ने यह भी फैसला किया है कि मंदिर निर्माण में लगे लगभग 400 श्रमिकों को हिंदू नव वर्ष के अवसर पर 19 मार्च को होने वाले एक कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। 25 नवंबर को श्री राम मंदिर पर ध्वजारोहण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

एच-1बी वीज़ा के लिए अलग-अलग शुल्क मिलाकर 960 से 7,595 डॉलर तक देते हैं

उल्टा पड़ा ट्रंप का दांव, एच1-बी वीजा शुल्क बढ़ाने के खिलाफ कोर्ट पहुंचे यूएस के 20 राज्य

वाशिंगटन। अमेरिका के 20 राज्यों ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर किया है। इन राज्यों का कहना है कि एच-1बी वीजा के नए आवेदनों पर 1 लाख अमेरिकी डॉलर की भारी फीस लगाना गैरकानूनी है और इससे जरूरी सार्वजनिक सेवाओं पर बुरा असर पड़ेगा। यह मुकदमा डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी द्वारा लागू की गई एक नीति को निशाना बनाता है, जिसमें एच-1बी वीज़ा के तहत विदेशी कुशल कर्मचारियों को रखने के लिए नियोक्ताओं पर अचानक बहुत ज़्यादा शुल्क लगा दिया गया। इस वीज़ा का इस्तेमाल अस्पताल, विश्वविद्यालय और सरकारी स्कूल में बड़े पैमाने पर किया जाता है।

कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बॉन्टा इस मामले का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके कार्यालय के हवाले से कहा गया कि प्रशासन के पास इतनी बड़ी फीस लगाने का अधिकार नहीं है। बॉन्टा ने कहा कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते कैलिफोर्निया जानता है कि जब दुनिया भर से कुशल लोग यहाँ काम करने आते हैं, तो राज्य आगे बढ़ता है।बॉन्टा ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाई गई यह 1 लाख डॉलर की एच-1बी फीस न सिर्फ़ बेवजह है, बल्कि अवैध भी है। इससे स्कूलों, अस्पतालों और अन्य जरूरी सेवाएं देने वाले संस्थानों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और कर्मचारियों की कमी और बढ़ जाएगी। राष्ट्रपति ट्रंप ने 19 सितंबर, 2025 को जारी एक घोषणा के ज़रिए इस फीस का आदेश दिया था। 21 सितंबर के बाद दायर किए गए एच-1बी आवेदनों पर इसे लागू किया गया। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी को यह तय करने का अधिकार दिया कि कौन से आवेदन इस फीस के दायरे में आएंगे या छूट के लिए योग्य होंगे।राज्यों का कहना है कि यह नीति प्रशासनिक प्रक्रिया, कानून, और अमेरिकी संविधान का उल्लंघन करती है, क्योंकि बिना तय प्रक्रिया अपनाए नियम बनाए गए हैं और कांग्रेस की सीमा से बाहर जाकर फैसला लिया गया है। अब तक एच-1बी से जुड़ी फीस सिर्फ़ व्यवस्था चलाने के खर्च तक सीमित रहती थी। फिलहाल नियोक्ता एच-1बी वीज़ा के लिए अलग-अलग शुल्क मिलाकर लगभग 960 से 7,595 डॉलर तक देते हैं। संघीय कानून के अनुसार उन्हें यह भी प्रमाण देना होता है कि विदेशी कर्मचारी रखने से अमेरिकी कर्मचारियों की सैलरी या काम की स्थिति पर बुरा असर नहीं पड़ेगा। कांग्रेस अधिकांश निजी क्षेत्र के एच-1बी वीजा की संख्या सालाना 65,000 तक सीमित रखती है, जबकि उच्च डिग्री वालों के लिए 20,000 अतिरिक्त वीजा होते हैं। स्कूल, विश्वविद्यालय और अस्पताल जैसे सरकारी और गैर-लाभकारी संस्थानों को इस सीमा से छूट मिली हुई है। यह मुकदमा बोंटा और मैसाचुसेट्स के अटॉर्नी जनरल एंड्रिया जॉय कैंपबेल ने दायर किया था, जिसमें एरिज़ोना, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, हवाई, इलिनोइस, मैरीलैंड, मिशिगन, मिनेसोटा, नेवाडा, नॉर्थ कैरोलिना, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, ओरेगन, रोड आइलैंड, वर्मोंट, वाशिंगटन और विस्कॉन्सिन के अटॉर्नी जनरल भी शामिल हुए। एच-1बी वीज़ा कार्यक्रम विदेशी कुशल पेशेवरों के लिए एक अहम रास्ता है।

करूर भगदड़ मामले में बढ़ेगी टीवीके नेता विजय की मुश्किलें

चेन्नई। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) तमिलनाडु के करूर भगदड़ मामले में तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) प्रमुख विजय से पूछताछ कर सकती है। यह हादसा 27 सितंबर को करूर के वेलुचामिपुरम में विजय के नेतृत्व में आयोजित रैली में हुआ था। भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत हो गई थी और कम से कम 110 अन्य घायल हो गए थे। हादसे के बाद इस घटना की स्वतंत्र जांच कराने की मांग उठी। मामले पर संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 13 अक्टूबर को एक अंतरिम आदेश जारी कर जांच सीबीआई को सौंप दी थी। कोर्ट ने जांच की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस अजय रस्तोगी की अध्यक्षता में एक मॉनिटरिंग कमेटी बनाई। इसके बाद सीबीआई ने अपनी जांच शुरू कर दी है। जांच एजेंसी अब तक इस मामले में पूछताछ के लिए टीवीके के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों को बुला चुकी है। एजेंसी के सामने पेश होने वालों में टीवीके के प्रदेश महासचिव बुस्सी आनंद, संयुक्त सचिव निर्मल कुमार और अधव अर्जुन और करूर पश्चिम जिला सचिव मथियाझगन शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, इन नेताओं ने संगठन और कैंपेन प्रोग्राम के आयोजन के संबंध में अपनी सफाई दी। पार्टी पदाधिकारियों से शुरुआती पूछताछ पूरी होने के बाद जांच का फोकस अब पार्टी प्रमुख विजय पर शिफ्ट हो गया है। कहा जा रहा है कि सीबीआई अधिकारी टीवीके नेता से पूछताछ करने के लिए औपचारिक कदम उठाने की प्रक्रिया में हैं ताकि घटना के संबंध में उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों का पता लगाया जा सके, खासकर भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और अनुमति और सुरक्षा मानदंडों के पालन के संबंध में।हालांकि, जांचकर्ता विजय को बुलाने से पहले लॉजिस्टिक्स और सुरक्षा संबंधी बातों पर विचार कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त कमेटी की देखरेख में जांच जारी है, क्योंकि सीबीआई संभावित कमियों की जांच कर रही है और हाल के समय के चुनाव अभियान से जुड़ी दुर्घटनाओं में से एक में जिम्मेदारी तय करने की कोशिश कर रही है।

खेल, कारोबार, मनोरंजन

लियोनेल मेसी के स्टेडियम से जल्दी निकलने पर फैंस नाराज

कोलकाता। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनल मेसी 14 साल बाद भारत आए हैं। वे उरुग्वे के स्टार फुटबॉलर लुईस सुआरेज और अर्जेंटीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल के साथ कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम पहुंचे। हालांकि, तीनों फुटबॉलर यहां केवल 10 मिनट ही रुके, जिससे प्रशंसकों का गुस्सा भड़क गया। नाराज फैंस ने स्टेडियम में स्टैंड से बोतलें और कुर्सियां फेंकनी शुरू कर दीं, जिसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्टेडियम के अंदर प्रवेश, बैठने और विजिबिलिटी को लेकर भारी बदइंतजामी थी। मेसी की एक झलक पाने के लिए घंटों से इंतजार कर रहे फैंस उन्हें ठीक से देख तक नहीं पाए। इसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। नाराज फैंस ने पोस्टर होर्डिंग्स तोड़ दिए, बोतलें-कुर्सियां फेंकी और स्टेडियम के अंदर विरोध शुरू हो गया। स्थिति बिगड़ती देख अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया। मेसी भी 10 मिनट से कम समय रुककर स्टेडियम से चले गए। मेसी 15 दिसंबर तक 3 दिन में 4 शहरों का दौरा करेंगे। इनमें हैदराबाद, मुंबई और नई दिल्ली भी शामिल हैं। वे आज बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान से मिले और अपनी 70 फीट ऊंची मूर्ति का अनावरण भी किया। उनका बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली से मुलाकात की भी योजना है। वह मुंबई में सचिन तेंदुलकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलेंगे। वह फ्रेंडली मैच भी खेलते हुए नजर आएंगे। घटना पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, स्टेडियम में हुई बदइंतजामी से मैं बहुत परेशान और हैरान हूं। मैं इस घटना के लिए मेसी के साथ-साथ सभी खेल प्रशंसकों से दिल से माफी मांगती हूं। मैं जस्टिस (रिटायर्ड) आशिम कुमार रे की अध्यक्षता में एक जांच समिति बना रही हूं, जिसमें मुख्य सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव होंगे। समिति घटना की विस्तृत जांच करेगी।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने लिखा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी तरह शर्मिंदगी। मेसी जैसे ग्लोबल स्टार के लिए भारी भीड़ उमड़ेगी और फिर भी कोई योजना नहीं और बहुत कम सुरक्षा। ममता बनर्जी एक कार्यक्रम भी आयोजित नहीं कर सकतीं। मेसी को जल्द से जल्द निकलना पड़ा! क्या होता अगर फैंस या मेहमान को कुछ हो जाता? यह वैसा ही था जैसा हम बेंगलुरु में भगदड़ में कहते हैं जिसमें कई लोगों की जान चली गई!

वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 5,000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज और उनके आंकड़े

नईदिल्ली। वनडे क्रिकेट के इतिहास में 5,000 रन का आंकड़ा छूना किसी भी बल्लेबाज के लिए बड़ी उपलब्धि माना जाता है, लेकिन कुछ खिलाड़ियों ने यह मुकाम असाधारण तेजी से हासिल कर इतिहास रचा है। इन बल्लेबाजों ने कम पारियों में यह कारनामा कर अपनी निरंतरता, तकनीक और आक्रामकता का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। ऐसे में आइए उन बल्लेबाजों पर नजर डालते हैं, जिन्होंने इस प्रारूप के इतिहास में सबसे तेज 5,000 रन पूरे किए हैं।पहले स्थान पर पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम हैं। उन्होंने साल 2023 में अपने 99वें वनडे मैच की 97वीं पारी में 5,000 रन का आंकड़ा पार किया था। यह मुकाबला न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला गया था। बाबर ने अपना पहला वनडे मैच 2015 में खेला था और उन्हें 5 हजार रन पूरे करने में 7 साल और 339 दिन लगे। उस मैच में उन्होंने 117 गेंदों का सामना करते हुए शानदार 107 रनों की पारी खेली थी। दूसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला हैं। उन्होंने 2015 में वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले में 5,000 वनडे रन पूरे किए थे। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें 104 मैचों की 101 पारियां खेलनी पड़ीं। अमला ने अपना पहला वनडे मुकाबला साल 2008 में खेला था और उन्हें 5,000 रन पूरे करने में 6 साल और 313 दिन का समय लगा। उस मैच में उन्होंने 66 गेंदों पर 66 रन की पारी खेली थी।

देसी लुक में कहर ढाती दिखीं अवनीत कौर

अवनीत कौर का नया देसी अवतार सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है. टीवी से बॉलीवुड तक अपने ग्लैमरस अंदाज के लिए मशहूर अवनीत ने इस बार अपने ट्रेडिशनल लुक से फैंस का दिल जीत लिया है. इंस्टाग्राम पर शेयर की गई उनकी लेटेस्ट तस्वीरें कुछ ही मिनटों में वायरल हो गईं.

अवनीत कौर ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ नई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह पीच कलर की खूबसूरत कढ़ाई वाली अनारकली पहने नजर आ रही हैं. जिसमें वो बेहद खूबसूरत और एलिगेंट दिख रही हैं. इस आउटफिट के साथ अवनीत कौर ने मैचिंग दुपट्टा कैरी किया है, जो उनके लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है. फैंस को उनका यह सिंपल लेकिन रॉयल अंदाज खूब भा रहा है. जिसपर फैंस की नजरें अटक गईं.अपने इस ट्रेडिशनल लुक को पूरा करने के लिए अवनीत ने खुले कर्ली बाल, न्यूड ग्लोसी मेकअप और माथे पर लाल रंग की छोटी सी बिंदी लगाई है. उनकी ये बिंदी और स्माइल ने फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं. कमेंट सेक्शन में कई फैंस ने लिखा- ये लुक तो आग लगा रहा है! तस्वीरों में अवनीत कभी कैमरे में देखते हुए मुस्कुराती दिखीं, तो कभी अपने दुपट्टे को संभालते हुए पोज देती नजर आईं. खास बात यह रही कि उनकी कातिल स्माइल ने इंटरनेट का टेंपरेचर तेजी से बढ़ा दिया. कुछ ही देर में फोटो पर हजारों लाइक्स बरस पड़े और कमेंट्स की झड़ी लग गई.अवनीत की हर तस्वीर पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं. किसी ने उनकी स्माइल को हार्ट स्टीलर बताया तो किसी ने लिख दिया- देसी गर्ल अवनीत, अनबीटेबल! उनकी पॉपुलैरिटी सोशल मीडिया पर लगातार बढ़ रही है और यह फोटोशूट इसका एक और प्रमाण बन गया है.अवनीत के अगर काम की बात करें, तो एक्ट्रेस शांतनु महेशिवरी के साथ लव इन वियतनाम में काम करती दिखाई दी थी. हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी, लेकिन अवनीत की एक्टिंग को दर्शकों ने से खूब प्यार मिला था.फैंस को अवनीत कौर के अगले प्रोजेक्ट्स का बेसब्री से इंतजार हैं. बहरहाल, अवनीत कौर का यह देसी अवतार साबित करता है कि चाहे वेस्टर्न हो या ट्रेडिशनल, एक्ट्रेस हर लुक में दिल जीतना बखूबी जानती हैं.

भारत में वेल्थ क्रिएशन ने तोड़ा 30 साल का रिकॉर्ड

***पिछले 5 साल में शीर्ष कंपनियों का मार्केट कैप 148 लाख करोड़ रुपए बढ़ा**

नई दिल्ली। भारत में वर्ष 2020 से 2025 के बीच यानी पिछले 5 साल में वेल्थ क्रिएशन ने 30 वर्षों का सबसे बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस दौरान देश की टॉप 100 कंपनियों का मार्केट कैप 148 लाख करोड़ रुपए बढ़ा है। यह उछाल कोविड-19 महामारी के बाद तेजी से सुधार के कारण आया है।

यह जानकारी मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) की एक रिपोर्ट में दी गई। एमओएफएसएल की रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे ज्यादा पैसे बनाने वाले सेक्टर में वित्तीय क्षेत्र (जैसे बैंक और बीमा कंपनियां) हैं। इसके बाद उद्योग, टेक्नोलॉजी और यूटिलिटी (सार्वजनिक सेवाएं) सेक्टर हैं। सरकारी कंपनियां (पीएसयू) भी रक्षा और ऊर्जा जैसे सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि इस अवधि में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स (एचएएल) ने सबसे ज्यादा वेल्थ क्रिएट की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अब दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन चुका है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के चेयरमैन रामदेव अग्रवाल ने कहा, भारत अब सबसे तेज वेल्थ क्रिएशन के दौर में है। जैसे हमारी अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर से 16 ट्रिलियन डॉलर की ओर बढ़ेगी, इस दौरान निवेश के नए बड़े मौके बनेंगे। उन्होंने कहा, दीर्घकालिक संपत्ति वही बनाएंगे जो अच्छी कंपनियों में निवेश करेंगे।

दिसंबर में दो दिन ठप रहेंगी यूपीआई सेवाएं

मुंबई। देश के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक के करोड़ों ग्राहकों के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण खबर है। यदि आप भी अपनी रोजमर्रा की जरूरतों, खरीदारी या ऑनलाइन भुगतान के लिए यूपीआई पर निर्भर हैं, तो आपको सावधान होने की जरूरत है। बैंक ने आधिकारिक घोषणा की है कि दिसंबर महीने में तकनीकी रखरखाव और सिस्टम अपग्रेड के चलते दो अलग-अलग दिनों में यूपीआई सेवाएं पूरी तरह से बाधित रहेंगी। बैंक द्वारा घोषित 4-4 घंटे के इस 'डिजिटल ब्लैकआउट' के दौरान ग्राहक चाहकर भी कोई ऑनलाइन ट्रांजैक्शन नहीं कर पाएंगे। अगर आपने पहले से इसकी योजना नहीं बनाई, तो आपका कोई जरूरी पेमेंट अटक सकता है और आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बैंक द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, सेवाओं में यह बाधा कल यानी 13 दिसंबर 2025 और फिर 21 दिसंबर 2025 को देखने को मिलेगी। पहला मेंटेनेंस कल तड़के सुबह (13 दिसंबर) रात 2:30 बजे से शुरू होकर सुबह 6:30 बजे तक चलेगा। इसी प्रकार, 21 दिसंबर को भी इसी समय सीमा (रात 2:30 बजे से सुबह 6:30 बजे) के दौरान सिस्टम डाउन रहेगा। इन 8 घंटों के दौरान बैंक के सेविंग और करंट अकाउंट से जुड़े यूपीआई ट्रांजैक्शन पूरी तरह ठप रहेंगे। इसका असर केवल बैंक के ऐप पर ही नहीं, बल्कि गूगल पे , फोनपे , पेटीएम जैसे थर्ड-पार्टी ऐप्स पर भी पड़ेगा, बशर्ते वे एचडीएफसी बैंक खाते से लिंक हों।

जिन्न-एक अनोखी कहानी पर आधारित सस्पेंस हॉरर थ्रिलर

हाल ही में, नई और अनूठी कहानियों वाली फिल्मों को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। दमदार विषयवस्तु वाली फिल्में भी बड़ी सफलता हासिल कर रही हैं। इसी तर्ज पर निर्देशक चिन्मय राम एक बिल्कुल नई सस्पेंस हॉरर थ्रिलर फिल्म जिन्न लेकर आ रहे हैं, जो एक अनोखी शैली में बनी है और इसका विषय इतना रोचक है कि यह हर वर्ग के दर्शकों को पसंद आएगी।इस फिल्म में अम्मिथ राव मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्माण निखिल एम. गौड़ा द्वारा सादालम्मा फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले किया जा रहा है। वरदराज चिक्कबल्लापुरा ने संवाद लिखे हैं।अब तक जारी किए गए पोस्टर और वीडियो को दर्शकों से बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। बढ़ते क्रेज के बीच, यह तेलुगु फिल्म 19 दिसंबर को भव्य सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।फिल्म में मुख्य भूमिकाएं परवेज़ सिम्भा, प्रकाश थुम्बिनाडु, रवि भट्ट, संगीता और बलराज वाडी ने निभाई हैं, जबकि एलेक्स ने संगीत तैयार किया है।फिल्म का शीर्षक जिन्न ही इसकी सफलता का मुख्य कारण साबित हुआ है।

न सिर्फ कहानी बल्कि शीर्षक की अनूठी शैली भी फिल्म को दर्शकों तक आसानी से पहुंचने का मजबूत मौका देती है। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद और कई अन्य स्थानों पर की गई है जो कहानी के अनुरूप हैं, और बताया जाता है कि निर्माताओं ने इस परियोजना को भव्य पैमाने पर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।फिल्म निर्माण दल को पूरा भरोसा है कि दमदार विषयवस्तु और प्रस्तुति का तरीका फिल्म को सिनेमाघरों में निश्चित रूप से सफल बनाएगा। हालांकि दर्शकों ने कई सस्पेंस हॉरर थ्रिलर फिल्में देखी हैं, लेकिन टीम का वादा है कि जिन्न एक बिल्कुल अलग अनुभव साबित होगी।

खबरों की मरम्मत

विष्णु देव सरकार के दो साल

नव प्रदेश छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने अपने कार्यकाल के दो साल पूरे कर लिए हैं। अर्थात लगभग आधा सफर तय कर लिया है। क्रिकेट की भाषा में कहें तो अभी तक कप्तान विष्णु देव साय की अगुवाई में उनकी टीम संभल कर खेल रही है और बेहतर प्रदर्शन कर रही है। बीस ओवरों में उसने सम्मानजनक स्कोर खड़ा कर दिया है किंतु अब उसे गेयर बदलना होगा और बाकी बचे तीस ओवरों चौकों छक्कों की बरसात कर रनों का ऐसा पहाड़ खड़ा करना होगा जिसे पार करना विरोधी टीम के बूते की बात न रहे। विष्णु देव साय को खुद कप्तानी पारी खेलनी होगी और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर विपक्षी टीम को धूल चटानी होगी। तभी वे मैच जीत पाएंगे और हो सकता है कि वे पूर्व कप्तान डा. रमन सिंह की तरह लगातार तीन टूर्नामेंट जीतने के रिकार्ड की बराबरी करने में भी सफल हो जाएं।

खाली दिमाग शैतान का घर

कहते हैं न कि खाली दिमाग शैतान का घर होता। निठल्ले लोग खाली पीली बोम मारते रहते हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहों का बाजार गर्म करते रहते हैं। पिछले दिनों प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन की अफवाह उड़ा दी गई। विष्णु देव साय के नेतृत्व में जब सरकार बढ़िया काम कर रही है। खासतौर पर नक्सली आतंक के खात्मे के लिए उसने जो कारगर पहल की है उससे केन्द्रीय नेतृत्व खुश है। गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पीठ थपथपा चुके हैं। ऐसे में नेतृत्व परिवर्तन का तो सवाल ही नहीं उठता लेकिन बेपर की उड़ाने वालों को क्या ही कहा जाए?

मच्छर मक्खी भी मारेंगे गुरूजी

छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी किया है कि स्कूलों से आवारा कुत्तों को दुत्कार कर भगाने के अलावा अब गुरूजी को स्कूलों में घुसने वाले सांप बिच्छु को भी भगाना पड़ेगा। इसके लिए शायद उन्हें सपेरों से बीन बजाने की ट्रेनिंग दिलाई जाए। इसके बाद हो सकता है कि शिक्षकों को मक्खी और मच्छर मारकने के भी काम पर लगाया जाए। यदि गुरूजी को कुत्तों, सांपों, बिच्छुओं और मक्खी मच्छरों को पढ़ाने के लिए कहा जाए तो भी ताज्जुब नहीं होगा

प्रथम ग्रासे मच्छरदानी भाते

नव प्रदेश छत्तीसगढ़ के नये विधानसभा भवन में रविवार के दिन से शीतकालीन सत्र की शुरुआत कर नया इतिहास रचा गया। विपक्ष को इस गौरवशाली क्षण का साक्षी बनना चाहिए था लेकिन उसने पहले दिन की कार्रवाई का यह कहकर बहिष्कार कर दिया कि पहले दिन सरकार ने छत्तीसगढ़ विजन 2047 पर चर्चा कराने का जो निर्णय लिया उस बारे में विपक्ष से परामर्श नहीं लिया गया इसलिए कांग्रेस पहले दिन की कार्रवाई का बहिष्कार करने पर बाध्य हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस पर तंज कसा है कि लोग अभी भूख से मर रहे हैं और सरकार 2047 की चर्चा कर रही है। उस समय तक आप खुद रहेंगे या नहीं पहले यह तय कर लें। बहरहाल विपक्ष के बहिष्कार से प्रथम ग्रासे मच्छिका भाते वाली उक्ति चरितार्थ हो गई।

एम्स: एक अनार, हजार बीमार

राजधानी रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान (एम्स) छत्तीसगढ़ सहित सीमावर्ती राज्यों के लाखों मरीजों के लिए वरदान तो है किंतु यहां मरीजों की बढ़ती भीड़ के कारण एक अनार और हजार बीमार वाली स्थिति निर्मित हो गई है। सीटी स्कैन और एमआरआई सहित अन्य जांचों के लिए प्रतिक्षा सूची सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती जा रही हैं। जांच के लिए चार पांच माह के बाद की डेट मिलना आम बात है। ऐसे में मरीजों को निजी अस्पतालों में जाकर महंगी जांच कराने पर बाध्य होना पड़ रहा है। एम्स में जांच सुविधा को सुचारू बनाने की जरूरत बड़ी शिद्दत से महसूस की जा रही है लेकिन जन प्रतिनिधि इस बारे में पहल नहीं कर रहे हैं। नतीजतन एम्स में नाम बड़े दर्शन छोटे वाली कहावत चरितार्थ हो रही है।

बीएसपी को सांसद की चेतावनी

इस्पात नगरी भिलाई के बाशिंदे इन दिनों बीएसपी प्रबंधन की कार्यप्रणाली को लेकर गुस्से से उबल रहे हैं। जनभावनाओं को मद्देनज़र रखकर क्षेत्रीय सांसद विजय बघेल ने बीएसपी प्रबंधन से चर्चा की और दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि रि टेंशन, थर्ड पार्टी, लीज नवीनीकरण तथा सेक्टर 9 अस्पताल व मैत्री बाग के निजीकरण जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बीएसपी प्रबंधन दस दिनों के भीतर सार्थक पहल करे। देखना दिलचस्प होगा कि सांसद की चेतावनी का बीएसपी प्रबंधन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

सवाल अपने-अपने संकल्पों का?

लगता है शीतकालीन सत्र कुछ माननीय को रास नहीं आया जिसके कारण सत्ता पक्ष के माननीय भी विपक्ष की तरह अपनी ही सरकार पर सवाल उठाने से भी गुरेज नहीं कर रहे है। मामला छत्तीसगढ़ विधानसभा शीतकालीन सत्र के पहले दिन 'विजन 2047' पर विशेष चर्चा के दौरान भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने प्रक्रिया पर ही सवाल खड़ा दिया। अजय चंद्राकर की बातों से नाराज मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने खड़े होकर अध्यक्ष से आपत्ति जताते हुए व्यक्तिगत आरोप लगाने वाले अंश को विलोपित करने की मांग कर डाली। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने इसके पहले आसंदी से सवाल किया कि किस प्रक्रिया, किस नियम के तहत सदन में चर्चा हो रही है। क्या हम शासकीय संकल्प के तहत बात कर रहे हैं? क्या चर्चा के बाद मंत्री जवाब देंगे या हमें अपनी बात कहनी है? सदन में चर्चा के पूर्व नियम प्रक्रिया की जानकारी होनी थी। खबरदारों की माने तो सवाल पर सवाल के कई मायने सामने आ रहे है, मंत्रिमंडल विस्तार, बिजली बिल पर बैक टू पैवेलियन और टोकन, जमीन गाइड लाइन ने माननीयों की नींद हराम कर दी है। जिसकी झलक सत्र में दिखाई देने लगी है।

कैलाश यादव, चन्द्रशेखर राव, हेमंत धोटे, हरि ओम चौहान, शाहीन कुरैशी, रंजन पांडेय।

भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र बेचने का भी आरोपी है कारोबारी टंडन!

रायपुर/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा में पदस्थ महिला डीएसपी कल्पना वर्मा पर आरोप लगाकर चर्चा में आएं होटल कारोबारी अंबेडकर उर्फ दीपक टंडन के बारे में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। उस पर राजधानी में भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र बेचने के नाम पर न केवल रुपए वसूलने का आरोप लग चुका है, बल्कि 2018 में उसके खिलाफ धारा 420 भादवि के तहत फ्रॉड का केस भी सिविल लाइंस थाने में दर्ज है।

हालांकि इस केस की वर्तमान स्थिति की जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन अप्रैल में एफआईआर के अगले ही महीने चालान भी पेश किया गया। इसमें उसके साथ इंदौर निवासी एक और सहयोगी के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। दो दिन पहले ही आरोपी टंडन के खिलाफ कोयला आपूर्ति के नाम पर 27 लाख रुपए वसूलकर फ्रॉड करने के केस में कोरबा कोर्ट ने गिरफ्तारी बारंट जारी किया है।

शंकरनगर चौक पर रात में बुलाया था पीड़ित को पेपर देने

सिविल लाईस थाने में बीरगांव निवासी जितेन्द्र देवांगन द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक 15 अप्रैल 18 को व्यापम द्वारा आयोजित राजस्व निरीक्षक (नगर निगम) परीक्षा के प्रश्न पत्र अंबेडकर टंडन द्वारा परीक्षा के पूर्व उपलब्ध कराने की बात कहकर उगाही की गई। आरोपी ने 13 अप्रैल को रात में पीड़ित रिपोर्टकर्ता को फोन किया कि उसके पास प्रश्न पत्र है। यदि घर का कोई सदस्य परीक्षा दे रहा हो तो बताओ। उक्त प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराने के एवज में प्रति व्यक्ति तीन लाख रुपए लगेगा और मूल अंकसूची 10वीं-12वीं की जमा करनी पड़ेगी। जिसमें एक लाख नकद एवं दो लाख रुपए का चेक जमा करना पड़ेगा। परीक्षा में प्रार्थी का बहनोई बैठने वाला था तो उसने आरोपी टंडन से संपर्क किया। तथा आरोपी ने 14 अप्रैल को शंकरनगर में रकम और अंकसूची लेकर मिलने बुलाया। वहां रात के 10 बजे जाने पर टंडन मिला लेकिन अंकसूची नहीं थी तो एक घंटे बाद वहीं बुलाया। दोबारा एक घंटे बाद पुनः शंकरनगर चौक पर जाने पर अंबेडकर टंडन वहां नहीं था। फोन पर बार-बार संपर्क करने पर बहाना बनाते रहर। बाद में उसने प्रवेश पत्र, अंकसूची एवं नकद 50 हजार रुपए लाने पर काम हो जाएगा कहा। उससे पेपर मांगा तो उसने कहा कि पेपर नहीं आया है, बहनोई से कहना कि जितना बनता है, उतना बनाए और बाकी छोड़ दे। पीड़ित के मुताबिक उस समय उसके पास पांच हजार रुपए थे, जिसको टंडन को दिया है। उसे पता चला कि कुछ और लोगों से उसने पेपर देने और पास कराने के लिए पैसा लिये हैं। सिविल लाइंस पुलिस ने 17 अप्रैल 2018 को उक्त एफआईआर दर्ज की।

सोशल मीडिया पर आम लोग जता रहे संरक्षण की आशंका

कोरबा व रायपुर में फ्रॉड के दो केस के आरोपी दीपक टंडन के खिलाफसक्ती निवासी एक कोयला कारोबारी किशन शर्मा पिता सूरजभान शर्मा भी पुलिस के पास पहुंचे हैं। कारोबारी ने मार्च 2022 में कोयला कारोबार में काम दिलाने का झांसा देकर 15 लाख कैश लेने और रकम नहीं लौटाने का आरोप लगाया है। कारोबारी ने लिखित शिकायत करने के बाद मीडिया को अपना बयान भी जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि दीपक टंडन ने शासन-प्रशासन में अपनी पकड़ होने का हवाला देते हुए बड़ा टेंडर दिलाने की बात कही थी। रकम लेकर बतौर गारंटी एचडीएफसी बैंक दो चेक दिए थे। जबकि जिस वक्त चेक दिया गया, आरोपी का बैंक खाता बंद हो चुका था। करीब एक हफ्ते से सोशल मीडिया पर महिला डीएसपी के परिवार व आरोपी के कारोबारी लेनदेन को लेकर शुरू हुआ विवाद छागा हुआ है। होटलों में बड़ी रकमों का निवेश, महिला अफसर द्वारा 2 करोड़ और लाखों की ज्वेलरी गिफ्ट लेने, कार नहीं लौटाने समेत कई और आरोप चर्चा में हैं। आरोप और सोशल मीडिया की तस्वीरों की वायरल करने के मामले में डीएसपी ने विधिक कार्रवाई शुरू करने की बात कही है। हालांकि अभी तक ऐसी कोई कार्यवाही शुरू होने की सूचना सार्वजनिक नहीं हुई है। वहीं सोशल मीडिया में लोग इस प्रकरण में तरह-तरह की प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।

ए ग्रेड वाले स्कूलों को उत्कृष्ट स्कूल के रूप में किया जाएगा विकसित

सोशल ऑडिट में साढ़े 9 हजार स्कूल डी ग्रेड में आए

- 9735 स्कूल ए और 9841 स्कूल बी ग्रेड में

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति, पढ़ाई का स्तर और सुविधाओं को लेकर किए गए सोशल ऑडिट में प्रदेश के साढ़े 9 हजार से अधिक स्कूल 'डी ग्रेड' में आए हैं। अब इन स्कूलों का अधिकारी और जनप्रतिनिधि निरीक्षण कर ग्रेडिंग का स्तर सुधारने की दिशा में पहल करेंगे। अधिकारी और जनप्रतिनिधि निरीक्षण के लिए एप के जरिए स्कूल का चयन करेंगे।

विभिन्न सर्वे रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में प्राइमरी और मिडिल स्कूल के बच्चों का स्तर अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर है। स्थिति यह है कि पांचवीं और छठवीं के बच्चे दूसरी तीसरी की किताब ठीक से पढ़-लिख नहीं पाते। इसके अलावा सुविधाओं का भी अभाव है। शिक्षा का स्तर सुधारने के साथ ही स्कूल में सुविधाएं मुहैया कराने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया जा रहा है। इसके पहले चरण में तीन माह पहले स्कूलों का सोशल ऑडिट किया गया था।

38955 स्कूलों को हर स्तर पर परखा गया। परिणाम स्वरूप प्रदेश के 9735 स्कूल खरे उतरे और वे ए ग्रेड में आए। वहीं बी ग्रेड वाले स्कूलों की संख्या 9841 है। सी ग्रेड में 9836 स्कूल शामिल हैं जबकि डी ग्रेड में 9543 स्कूल आए हैं। शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अगले चरण में अब डी ग्रेड वाले स्कूलों पर फोकस करते हुए निरीक्षण किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार डी ग्रेड वाले स्कूलों का अधिकारी और जनप्रतिनिधि निरीक्षण करेंगे। विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से एप तैयार कर जिलों को उपलब्ध कराया गया है।

शिक्षकों व बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर

शिक्षा गुणवत्ता अभियान के दौरान स्कूलों में न केवल शिक्षकों, बल्कि बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर दिया जाएगा। स्कूलों के निरीक्षण और आकलन के आधार पर बच्चों की उपलब्धि में सुधार के साथ ही स्कूलों का कायाकल्प करने का भी प्लान तैयार किया जाएगा। ए ग्रेड वाले स्कूलों को उत्कृष्ट स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा।

निरीक्षण के लिए रुब्रिक्स तैयार

निरीक्षण के लिए शिक्षा विभाग द्वारा रूब्रिक्स तैयार किया गया है। इसमें बच्चों से पढ़ाई, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, गणित के जोड़-घटाव, विगत 3 वर्षों का परीक्षा परिणाम, शौचालय और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता समेत अन्य प्रश्नों के जरिए परखा जाएगा। निरीक्षण के आधार पर स्कूलों को असंतोषप्रद, औसत से कम, संतोषप्रद, औसत से बेहतर और उत्कृष्ट जैसे मापदंडों पर तौला जाएगा। बताते हैं कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत डी ग्रेड वाले स्कूलों का निरीक्षण जनवरी में संभावित है।

नए डीआरएम उमेश कुमार नहीं आना चाहते बिलासपुर

बच्चे की पढ़ाई और पत्नी के कामकाजी होने से मुम्बई से बिलासपुर आने में जताई असमर्थता

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल मण्डल के डीआरएम राजमल खोईवाल का तबादला कर दिया गया है। इसका कारण गतौरा रेल हादसे को बताया जा रहा है। उसके स्थान पर मुम्बई में पदस्थ उमेश कुमार को नया डीआरएम बनाया गया है। जो बिलासपुर आने के इच्छुक नहीं है। इसलिए रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर स्थानांतरण आदेश रद्द करने का अनुरोध किया है। हालांकि इसके लेकर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। गेवरा बिलासपुर मेमू पैसेंजर गतौरा रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी से टक्करा गई थी।

इसमें बारह लोगों की मौत हुई थी। इस हादसे की जांच मुख्य संरक्षा आयुक्त बीके मिश्रा द्वारा की जा रही है। उन्होंने रेलवे जीएम को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौप दी है। जिसमें हादसे के लिए रेलवे प्रशासन की लापरवाही को माना है। सीआरएस की रिपोर्ट आने के बाद बिलासपुर रेल मण्डल प्रबंधक राजमल खोईवाल सहित कुछ अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। इसमें खोईवाल के स्थान पर चर्चगेट, मुम्बई में सीएसई के पद पर पदस्थ उमेश कुमार को बिलासपुर रेल मण्डल का नया डीआरएम बनाकर तबादला किया गया है। कुमार बिलासपुर आना नहीं चाहते है।

इसलिए उन्होंने सचिव, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली को पत्र लिखकर स्थानांतरण आदेश रद्द करने का अनुरोध किया है। इसमें उन्होंने बिलासपुर डीआरएम के पद के लिए अनिच्छा व्यक्त करते हुए लिखा है कि वह उस पद पर स्थानांतरण आदेश को पूरा करने में असमर्थ हैं। इसका कारण उन्होंने बताया है कि उनका उनका बेटा वर्तमान में अपनी शिक्षा के महत्वपूर्ण चरण में है, और इस समय परिवार को स्थानांतरित करने से उसकी पढ़ाई बाधित होगी। साथ ही पत्नी कामकाजी हैं, और इस कदम से उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए परिवार को स्थानांतरित करने की समस्याएँ उत्पन्न होंगी। इसलिए आदेश को रद्द करने की मांग की है। हालाकि रेलवे बोर्ड ने उक्त संबंध में अभी कोई निर्णय नहीं लिया है।

मूणत के मेगा हेल्थ कैम्प में कैंसर की भी जांच होगी

रायपुर/नवप्रदेश। विधायक राजेश मूणत द्वारा आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में 18 दिसंबर से आयोजित मेगा हेल्थ कैम्प में कैंसर की भी निःशुल्क जांच होगी। इतना ही नहीं इसी कैम्प में स्त्रीरोग विशेषज्ञों द्वारा बांझपन की समस्या से जूझ रहे दंपतियों को भी राहत दी जाएगी। इस हेल्थ कैम्प के लिए आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक श्री मूणत ने बताया कि शिविर का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इसके बाद लगातार पांच दिनों तक चलने वाले इस शिविर में दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद सहित देशभर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर सेवाएं देंगे, ताकि किसी भी व्यक्ति को बड़े महानगरों की यात्रा किए बिना उच्चस्तरीय परामर्श और उपचार मिल सके। इनमें मुख्य रूप से कैंसर विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत केरकर और डॉ. आयुषी गोयल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मयूर जैन और डॉ. रमेश कवाड़ समेत देशभर के अनेक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। हेल्थ कैंप में विनय मित्र मंडल के माध्यम से दिव्यांगों को कृत्रिम जयपुर पैर, हाथ कटे विकलांगों को कृत्रिम हाथ बनाकर दिए जाएंगे। साथ ही श्रवण यंत्र, ट्राइसिकल, वैशाखी भी प्रदान की जाएगी। श्री मूणत ने बताया कि पिछले दो दिन के भीतर इस हेल्थ कैम्प में अपना सहयोग देने के लिए 32 अस्पतालों में और जुड़कर अब 40 से अधिक सहयोगी अस्पतालों ने अपनी सहमति दे दी है।

बाल विवाह समाप्त करना प्रशासन व आमजन दोनों की जिम्मेदारी: एक्सेस टू जस्टिस टीम

गरियाबंद/नवप्रदेश। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन हेतु बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम के तहत जिला गरियाबंद में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के अंतर्गत संचालित न्याय तक पहुंच प्रोजेक्ट में साझेदार संस्था समर्पित द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान स्व-सहायता समूहों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिवों एवं मितानिनों की चल रही कार्यशालाओं में सहभागिता कर बाल विवाह न करने, न करवाने और न शामिल होने की शपथ दिलाई गई। साथ ही, बाल विवाह की सूचना तुरंत 1098, 181, 112 एवं 1800-1027-222 हेल्पलाइन नंबरों पर देने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के ज़िला चाइल्ड राइट एसोसिएट मोहम्मद शारिब, समर्पित से सोशल वर्कर, नंदिनी एवं वेद प्रकाश का विशेष योगदान रहा।

डायवर्सन पर देय प्रीमियम की दरों का होगा पुनर्निर्धारण

डायवर्सन: प्राधिकारी की अनुज्ञा की आवश्यकता नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नगर निगम, नगरपालिका क्षेत्र व उसकी बाह्य सीमाओं से 5 किमी के क्षेत्रों तथा नगर पंचायत क्षेत्र च उसकी बाह्य सीमाओं से 2 किमी के क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में अब भूमियों के व्यपवर्तन (डायवर्सन) के लिए सक्षम प्राधिकारी की अनुज्ञा की आवश्यकता नहीं होगी।

राज्य शासन के राजस्व विभाग ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 की उपधारा (1) के तहत इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित रीति से उक्त भूमियों का पुनर्निधारण किया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने जमीन व्यपवर्तन की जटिल व लंबी प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाने का निर्णय लिया है।

नए नियम के तहत किसानों, भूमिस्वामियों को व्यपवर्तन के लिए एसडीएम कार्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसके लिए एक नया पोर्टल भी तैयार किया गया है, जिसमें आवेदन से आदेश तक सब कुछ ऑनलाइन होगा। आवेदन के साथ ही भू राजस्व व प्रीमियम की निर्धारित राशि ऑनलाइन जमा करने के बाद आवेदन स्वतः ही संबंधित एसडीएम के पास पहुंच जाएगा। एसडीएम को अधिकतम पंद्रह दिनों के अंदर आदेश जारी करना होगा।

...तो 16 वें दिन स्वतः हो जाएगा डायवर्सन

अगर निर्धारित समयावधि में एसडीएम द्वारा निर्णय नहीं लिया जाता है, तो 16वें दिन स्वतः ही व्यपवर्तन (डायवर्सन) आदेश जारी हो जाएगा। राज्य सरकार गैर-कृषि भूमि के लिए भू-राजस्व तथा व्यपवर्तन (डायवर्सन) पर देय प्रीमियम की दरों का पुनर्निर्धारण भी करने जा रही है। इसके तहत भूमि के व्यपवर्तन के लिए देय वार्षिक भू-भाटक (लीज रेंट) निर्धारण तथा भूमि के व्यपवर्तन पर देय प्रीमियम की नई दरें लागू की जाएंगी। राजस्व विभाग ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 बनाए हैं। इसके प्रारूप की सूचना राजपत्र में प्रकाशित की गई है।

I PLUS
Security System
CCTV CAMERA
SALES & SERVICE

मार्केट से प्राइस लेकर आओं और भारी डिस्काउंट पाओं

हमारे यहॉ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर, एलईडी टीवी, एलईडी मॉनिटर, वीडियों डोर फोन, लैपटॉप, टेलीफोन, बॉयोमेट्रिक और नेटवर्किंग कार्य किये जाते है।

हमारे यहॉ सभी प्रकार सेक्यूरिटी सिस्टम होलसेल और रिटेल पर उपलब्ध है, और यहॉ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, टीवी, मॉनिटर रिपेयर किये जाते है।

ऑफर- 10,000 में 4 कैमरे और 15,000 में 8 कैमरे का सेटअप। पेपर कटिंग लाने पर ही मान्य होगा।

MR. KAILASH CHANDRAVANSHI (DEV)

Address - शॉप नं. 2 तिवारी कॉम्पलेक्स, टिकरापारा रायपुर, छ.ग.
Email- iplusindia11@gmail.com
MO.- +91 79743-87329

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com